धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सुप्रभात

रांची, शनिवार

01.02.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net

माघ, शुक्ल पक्ष, तृतीया, संवत् 2081

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 201




06 सामाजिक नैतिकता को खोखला करता एकल परिवारों का चलन



# दो दिवसीय राष्ट्रीय जतरा महोत्सव का आगाज

## 24 जिले से 33 अनुसूचित जनजाति समुदाय के विभिन्न संगठनों ने भग लिया





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मोरहबादी मैदान में दो दिवसीय राष्ट्रीय जतरा महोत्सव का आगाज शुक्रवार को हुआ। हातमा मौजा के प्रमुख पाहन जगलाल पाहन, मुकेश मुंडा, महादेव मुंडा ने संयुक्त रूप से जतरा का आदिवासी रूढ़िवादी परंपरा के तहत पूजा पाठ कर विधिवत शुरूआत की। राष्ट्रीय जतरा महोत्सव समिति आयोजन के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। महोत्सव में 24 जिले से 33 अनुसूचित जनजाति समुदाय के विभिन्न संगठनों के नेतृत्व में खोडहा दल ने भाग लिया। इस दौरान मोरहाबादी मैदान में आदिवासी संस्कृति, परंपरा की झलक दिखी। इस महोत्सव में झारखंड, उड़ीसा, प‌्रिम बंगाल, आसाम और बिहार और के आदिवासी समुदायों के पारंपरिक भोजन, कला, संस्कृति, साहित्य और हस्तशिल्प का प्रदर्शन किया गया। महोत्सव के अध्यक्ष नरेश पाहन ने बताया कि राजधानी रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान राष्ट्रीय जतरा महोत्सव आदिवासी परंपरा के रंग में रंगी हुई है। पहले दिन हजारों लोगों ने महोत्सव में शिरकत की। उन्होंने बताया कि महोत्सव का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समाज के संस्कृत, भाषा, कल्चर, व्यंजन, वाद्ययंत्रों ईत्यादि को बचाना अत्यंत जरूरी है। अनुसूचित जाति के खानपान और उनके परंपराओं को अन्य समुदाय के लोगों के बीच में पहुंचना भी हमारा मकसद है। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष अर्जुन मुंडा, रवि मुंडा, कोषाध्यक्ष सूरज टोप्पो, विक्की करमाली, संरक्षक सोनू खलको, मीडिया प्रभारी निरंजन भारती, महासचिव ज्योत्सना करकेटा, अनिल उरांव, राधा हेंब्रम, उपाध्यक्ष अमित मुंडा, मिथिलेश कुमार, राकेश मुंडा, अमित तिर्की, अशोक मुंडा, कोषाध्यक्ष विक्की करमाली, मोहन तिर्की, सचिव अरुण पहान, सलाहकार मानसिंह मुंडा, दीप्तराज बेदीया,सहसचिव दीपक मुंडा, सह कोषाध्यक्ष सुरेश मिर्धा, रिकी नायक, मीडिया प्रभारी विनय नायक, सदस्य शीतल तिर्की आदि लगे हुए है।

## पुलिस प्रशासन के हांथों में हेमंत सरकार ने डाला हथकड़ी : अमित

### भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने सरकार पर निशाना साधा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमित मंडल ने रांची के ग्रामीण एसपी ने विभिन्न कांडों का निष्पादन करने में लापरवाही बरतने वाले पुलिस पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने को लेकर निशाना साधा है। उन्होने रांची के ग्रामीण इलाकों के थानों में पदस्थापित 72 अनुसंधान पदाधिकारियों को चिन्हित किया गया है, जिन्होंने पांच महीने से कांडों का निष्पादन करने में लापरवाही बरती है । उन्होंने कहा कि मामला पुलिस प्रशासन पर राजनीतिक दवाब का प्रतीत होता है। इसमे पुलिस पर हेमंत सरकार के मंत्री विधायक हावी दिखाई दे रहे है । उन्होंने कहा कि मामले को एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के बयान से जोड़ कर देखने पर साफ हो जाता है। इनमे उन्होंने थानेदार बनने के लिये जुगाड़ तकनीक का इस्तेमाल करने वाले इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर 24 घंटे के अंदर सस्पेंड करने की बात कही थी, की पुलिस प्रशासन पर राज्य सरकार ट्रांसफर पोस्टिंग को ले कर दवाब बना रही है । उन्होंने कहा कि ट्रांसफर पोस्टिंग करा कर आने वाले पदाधिकारी अपने आका के इशारे पर काम करते है। जिस कारण वैसे पदाधिकारी कांडों के अनुसंधान और निष्पादन में रुचि नहीं लेते हैफलस्वरूप अपराध के मामले बढ़ते है। अनुसंधान कर केस को फाइनल ना करने से ससमय पीड़ित को न्याय नहीं मिल पाता है। उन्होंने कहा कि इससे साफ पता चलता है कि सरकार कानून व्यवस्था के साथ खेल रही है । उन्होंने कहा कि एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को बताना चाहिए कि किन किन मंत्रिओं और नेताओं से कौन कौन से पदाधिकारी सिफारिश करवा रहे थे । उन्होंने कहा कि पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन की चुप्पी भी समझ से परे है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य की जनता के लिए सुरक्षा और सुशाशन की मांग सरकार से करती है।

## एमवीआई बिना जांच किये नहीं दें फिटनेस : दीपक

### परिवहन मंत्री ने कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस देने की प्रक्रियाओं में भी लाएं सुधार

### सड़क सुरक्षा व ड्राइविंग संबंधित जानकारियां बच्चों के सिलेबस में होंगे शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि एमवीआई फिटनेस देने में सावधानी बरतें,साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस देने की सभी प्रक्रियाओं को भी सही तरीके से फॉलो किया जाये। श्री बिरूआ शुक्रवार को होटल रेडिशन ब्ल्यू में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस देने की प्रक्रिया को सही तरीके से फॉलो नहीं करने से बहुत सारे लोग ड्राइविंग सीट पर तो बैठ जाते हैं। लेकिन वाहन चलाने की तकनीकी चीजों को नहीं समझते हैं। इससे सड़क दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना और ड्राइविंग संबंधित बातों को अब छात्रों के सिलेबस में शामिल किया जायेगा। ताकि भविष्य में हमारे बच्चें ड्राइविंग संबंधित महत्वपूर्ण बातों को आत्मसात कर आनेवाले समय में सुरक्षित और बेहतर तरीके से वाहन चला सकेंगे। लोग सड़क सुरक्षा की बातों को अपनी आदत में डालेंगे तो दुर्घटनाओं में कमी आयेगी। उन्होंने कहा कि एमवीआई जिस तरह बिना सोचे समझे या बिना जांच किये फिटनेस दे देते हैं, वह नहीं होना चाहिये। यह दुर्घटनाओं को आमंत्रित करता है। उन्होंने कहा कि बहुत सारी खामियां है, जिसपर विभाग ध्यान दें।

**सड़क सुरक्षा पर विभाग करें व्यापक प्रचार प्रसार :** उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर और अधिक प्रचार प्रसार करने की आवश्यकता है। सामूहिक जिम्मेवारी के तहत इसपर काम किया जाये। एक्सपर्ट के तमाम राय आदि महत्वपूर्ण सुझावों व मंतव्य पर विभाग इसमें नये तरीके अपनाते हुये सड़क सुरक्षा के नियमों को सार्थक बनायें। आप सबों के सुझाव को सरकार आत्मसात कर बेहतर काम करेगी।

ताकि सड़क सुरक्षा पर व्यापक काम किया जा सके। मौके पर विभागीय सचिव कृष्णानंद झा ने कहा कि सड़क दुर्घटना में रेस्क्यू पार्ट को कभी भी नजर अंदाज नहीं किया जाना चाहिये। सड़क हादसे के साथ ही एंबुलेंस, ट्रॉमा सेंटर पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि इंश्योरेंस क्लेम करने में वकीलों की अधिक चार्ज होने के कारण लोगों को परेशानी होती है। इस पर डालसा या झालसा से मिलकर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कई एक बार सड़क किनारे सिग्नल नहीं होने के कारण भी लोग दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं।

## अबुआ आवास योजना के लाभुक खुद करेंगे आवास की जियो टैगिंग

### ग्रामीण विकास विभाग ने बेनेफिशियरी लेवल जीयो टैग एप किया है तैयार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह के निर्देश पर विभाग ने अबुआ आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण कार्य में लाभुकों को ससमय किस्त की राशि देने की अनूठी पहल के तहत बेनेफिशियरी लेवल जीयो टैग एप तैयार किया है। इस ऐप के माध्यम से आवास निर्माण प्रगति के अनुसार लाभुक खुद अपने निमार्णाधीन आवास का जीयो टैग कर सकेंगे। मंत्री दीपिक पांडे सिंह ने बताया कि लाभुकों को आवास देने संबंधित कार्य के दौरान कई तरह की बातें सामने आती है। इसलिये लाभुकों को ससमय किस्त राशि भुगतान करने संबंधित प्रक्रियाओं को पारदर्शिता बनाने के उद्देश्य से एप को तैयार किया गया है। इसके दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे। इससे लाभुकों को किस्तों के बंटवारे में होनेवाली गड़बड़ियों पर भी रोक लगेगी। विभाग के अनुसार अबुआ आवास योजना के तहत आवंटित लक्ष्य के विरुद्ध स्वीकृत लाभुकों को 2 लाख रुपये की सहयोग राशि चार किस्तों में विमुक्त करने का प्रावधान किया गया है। ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन ने सभी उपायुक्त और उप विकास आयुक्त को पत्र लिखकर योजना के क्रियान्वयन में प्रगति लाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर अबुआ आवास योजना के लाभुकों को आवास निर्माण में सहायता प्रदान करने के लिए जेएसएलपीएस द्वारा गठित एवं संचालित ग्राम संगठन की सहायता लेने का निर्देश दिया है। सचिव ने स्पष्ट रूप से कहा है कि हर हाल में लाभुकों को दिए जाने वाले सहयोग राशि की किस्तों की भुगतान में पारदर्शी लाई जाये। इसके लिए प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में लाभुकों को चार.चार के समूह में विभाजित किया जाए साथ ही लाभुकों को लंबित किस्तों का भुगतान माह के किसी एक सप्ताह निर्धारित के बुधवार के दिन ही भुगतान किये जाने समेत अन्य महत्वपूर्ण निर्देश शामिल है।

मनरेगा आयुक्त सह नोडल पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने सभी उपायुक्तए उप विकास आयुक्त को पत्र लिखकर लाभुकों को यह ऐप जल्द से जल्द उपलब्ध कराते हुये इस दिशा में त्वरित कार्रवाई करने का निदेश दिया है । लाभुक इस ऐप को गूगल प्ले स्टोर अथवा अबुआ आवास योजना के पोर्टल से डाउनलोड कर अपने मोबाइल में इंस्टॉल कर सकते हैं। इंस्टॉल करने के क्रम में लाभुकों को मोबाइल में ओटीपी प्राप्त होगा। ऐप के माध्यम से जीओ टैग करने के लिए सभी लाभुकों को अपना मोबाइल नंबर प्रखंड लॉगिन में अपडेट करना अनिवार्य होगा।

## राष्ट्रपति पर सोनिया के बयान से भड़की भाजपा

### मरांडी, मुंडा, चंपई ने दी कड़ी प्रतिक्रिया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबंध में सोनिया गांधी के बयान पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सोनिया गांधी के देश के सर्वोच्च पद को सुशोभित कर रहीं राष्ट्रपति और आदिवासी समाज की बेटी को पुअर लेडी कहना न केवल अति निंदनीय है। बल्कि उनकी सामंतवादी मानसिकता को भी उजागर करता है। उन्होंने कहा कि सोनिया को आदिवासियों से इतनी नफरत क्यों है। क्या गांधी परिवार उच्च संवैधानिक पदों पर सिर्फ. अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझता है। उन्होंने कहा कि आप आदिवासियों का सम्मान नहीं कर सकतीं, तो कम से कम राष्ट्रपति पद की मर्यादा का तो सम्मान करिये। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ कांग्रेस ने जिस हिसाब से टिप्पणी की है, वह बिल्कुल ही अशोभनीय है। एक तरफ कांग्रेस संविधान लेकर लोगों से वोट मांगते चलती है, तो दूसरी तरफ देश के सबसे बड़े संवैधानिक पद पर बैठे हुये आदिवासी समाज की महिला का अपमान कर रही है। यही है कांग्रेस का असली चरित्र है। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठी एक आदिवासी महिला के बारे में कांग्रेस की यही सोच है। यह आदिवासी समाज का अपमान है। इसके साथ-साथ यह सभी महिलाओं का अपमान है। कभी आदिवासी धर्म कोड हटानेए तो कभी आंदोलन कर रहे आदिवासियों पर गोली चलवाने वाले कांग्रेसियों का यही चरित्र है।

# 12.59 लाख उपभोक्ताओं को नहीं मिला बिजली बिल

## रांची के हैं 2.30 लाख कंज्यूमर्स

**खबर मन्त्र संवाददाता**



रांची। झारखंड में 12 लाख 59 हजार 772 बिजली उपभोक्ताओं को बिजली का बिल नहीं मिला है। इसमें रांची जिला के 2.30 लाख बिजली उपभोक्ता भी शामिल है। बिजली बिल नहीं मिलने की वजह से बोर्ड को बिल का भुगतान नहीं हो पा रहा है। बिजली बिली नहीं मिलने की वजह से उपभोक्ता परेशान हैं। उन्हें समझ में नहीं आ रहा है, कहां जाएं. कई माह का एक बार बिल आयेगा, तो वह एक साथ बड़ी राशि कहां से कैसे दे पाएंगे।

जानकारी के मुताबिक, बिजली बोर्ड के कुल 15 सर्किल में उपभोक्ताओं की संख्या 50 लाख 26 हजार 768 है। 30 जनवरी 2025 की शाम 5.00 बजे तक इसमें से 37 लाख 66 हजार 996 उपभेक्ताओं की बिलिंग की गई है।

रांची में 2 लाख 30 हजार 631 उपभेक्ताओं को अब तक बिजली बिल नहीं मिला है। रांची में कुल 4 लाख 99 हजार 412 उपभोक्ता हैं। इसमें से दो लाख 68 हजार 781 उपभोक्ताओं को ही बिजली बिल मिल पाया है। मतलब सिर्फ आधे उपभोक्ताओं को ही बिजली बिल मिल पाया है।

### कोयलांचल में भी स्थिति खराब

धनबाद और चास सर्किल में भी बिलिंग की स्थिति खराब है। धनबाद में दो लाख 81 हजार 865 उपभोक्ता हैं, जिसमें 1 लाख 23 हजार 428 उपभोक्ताओं को ही बिजली बिल दिया गया है। 1 लाख 58 हजार 437 उपभोक्ताओं को बिजली बिल नहीं मिल पाया है। चास सर्किल में कुल 3 लाख 4 हजार 289 उपभोक्ता हैं। इनमें से 92 हजार 582 उपभोक्ताओं को बिजली बिल नहीं मिला है। बिजली उपभोक्ता परेशान हैं, बिल नहीं आ रहा। वह बिजली विभाग के कार्यालय में पहुंच रहे हैं, लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है।

### संथाल में भी कम बिलिंग

संथाल परगना के साहेबगंज और देवघर सर्किल में भी कम बिलिंग हुई है। देवघर में देवघर में चार लाख 56 हजार 860 उपभोक्ता हैं। 1 लाख 13 हजार 705 उपभोक्ताओं को बिजली बिल नहीं मिला है। साहेबगंज में 3 लाख 22 हजार 400 उपभोक्ताओं में से 76 हजार 307 उपभोक्ताओं की बिलिंग नहीं हुई है।

### जानें पूरा आंकड़ा

| सर्किल | कुल उपभोक्ता | बिल जारी | बिल नहीं मिला |
|---|---|---|---|
| जमशेदपुर | 3,62,980 | 3,15,713 | 47,267 |
| डालटनगंज | 4,32,251 | 3,67,800 | 64,451 |
| चाईबासा | 3,22,183 | 2,65,417 | 56,766 |
| गढ़वा | 2,37,063 | 1,95,070 | 41,993 |
| हजारीबाग | 4,39,303 | 3,53,237 | 86,066 |
| गुमला | 4,17,641 | 3,32,838 | 84,803 |
| दुमका | 3,41,307 | 2,69,608 | 71,699 |
| गिरिडीह | 3,58,910 | 2,82,762 | 76,148 |
| रामगढ़ | 1,36,066 | 1,05,792 | 30,274 |
| साहेबगंज | 3,22,400 | 2,46,093 | 76,307 |
| देवघर | 4,56,860 | 3,43,155 | 1,13,705 |
| कोडरमा | 1,14,238 | 85,595 | 28,643 |
| चास | 3,04,289 | 2,11,707 | 92,582 |
| रांची | 4,99,412 | 2,68,781 | 2,30,631 |
| धनबाद | 2,81,865 | 1,23,428 | 1,58,437 |

## खबर एक नजर में

### रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड मामले में राजा पीटर की अर्जी पर हाईकोर्ट में सुनवाई जारी

**रांची।** पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड मामले में दो सरकारी गवाह का क्रॉस एग्जामिन के लिए अनुमति मांगे जाने वाली पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर की अर्जी पर झारखंड हाई कोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। मामले में सुनवाई जारी है। अगली सुनवाई 27 मार्च को होगी। मामले के आरोपी राजा पीटर ने कोर्ट में याचिका दाखिल कर एनआईए की ओर से बनाए गए दो सरकारी गवाह (पीडब्ल्यू एक एवं पीडब्ल्यू 3 )का क्रॉस एग्जामिन करने का आग्रह किया है। एनआईए की विशेष अदालत ने राजा पीटर के दो सरकारी गवाहों का क्रॉस एग्जामिनेशन करने से संबंधित सीआरपीसी की धारा 306 सब क्लाज 4 के तहत दिए गए आवेदन को खारिज कर दिया था, इसके बाद उनकी ओर से हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल की गई है। एनआईए की ओर से अधिवक्ता एके दास एवं अधिवक्ता सौरभ कुमार ने पैरवी की। बता दें कि मामले में एनआईए ने करीब 89 गवाहों का बयान दर्ज कराया है। 9 जुलाई 2008 को पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा की हत्या बुंडू के स्कूल में एक कार्यक्रम के दौरान नक्सलियों ने गोली मारकर कर दी थी। मामले में पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर, नक्सली कुंदन पाहन समेत कई आरोपी ट्रायल फेस कर रहे है। मामले में राजा पीटर अभी जमानत पर है, उन्हें हाई कोर्ट से जमानत मिली है। नक्सली कुंदन पाहन समेत करीब 15 आरोपी जेल में बंद है।

### जबरिया रिटायर किए जाने के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे होम गार्ड जवान

**रांची।** धनबाद,पलामू और चतरा समेत अन्य जिलों के होम गार्ड जवानों को जबरिया रिटायर किए जाने के विरुद्ध हाईकोर्ट की शरण ली गई है। पिछले दिनों समय से पहले रिटायर किये गए होम गार्ड जवान राम लखन प्रसाद दास व अन्य ने हाईकोर्ट में जनहित यचिका दायर कर विभाग द्वारा जारी आदेश को रद्द करने की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि होम गार्ड के कई जवानों को 60 वर्ष की निर्धारित उम्र सीमा समाप्त होने से पहले ही होमगार्ड विभाग के द्वारा सेवानिवृत्ति कर दिया गया है। झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन और प्रार्थी राम लखन प्रसाद दास ने अधिवक्ता कुमार हर्ष के माध्यम से जनहित याचिका दायर की है। अभी यह जनहित याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं हुई है।

### विधानसभा के तीन कर्मियों को दी गयी विदायी



**रांची।** झारखंड विधानसभा सचिवालय में शुक्रवार को तीन कर्मियों के सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान वाहन पर्यवेक्षक विक्रम कुमार पासवान, मणिराम माझी, अवधायक शिवशंभू राम को विदायी दी गयी। विधानसभा के प्रभारी सचिव मणिक लाल हेमब्रम ने कहा कि आज सेवानिवृत्त होने वाले तीनों विधानसभा सचिवालय के कर्मचारी अपने कार्यक्षमता, सौहार्दपूर्ण व्यवहार के लिए हमेशा जाने गये।वे सम्पूर्ण सेवाकाल में अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण रूप से किये हैं। हम सभी उनके सेवानिवृत्ति के उपरांत अच्छे स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं ।

### सीसीएल से जनवरी में सेवानिवृत हुए 168 कर्मियों को दी गई विदाई



**रांची।** सीसीएल के मुख्यालय में शुक्रवार को सम्मान समारोह आयोजित कर मुख्यालय के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हुए 13 कर्मियों को विदाई दी गई। जनवरी, 2025 में पूरी कंपनी से 168 कर्मी सेवानिवृत्त हुए। मुख्यालय से सेवानिवृत्त कर्मियों में सुरक्षा विभाग से महाप्रबंधक (विद्युत एवं यांत्रिकी) रवि प्रताप शरण, उत्खनन विभाग से महाप्रबंधक (उत्खनन) अशोक कुमार, निदेशक (कार्मिक) के सचिवालय से महाप्रबंधक (सुरक्षा) शैलेन्द्र सिंह, समाधान सेल से मुख्य प्रबंधक (कार्मिक) अनिल कुमार मल्लिक, प्रशासन विभाग से मुख्य प्रबंधक (कार्मिक) सुजीत कुमार गोस्वामी, प्रणाली विभाग से मुख्य प्रबंधक (उत्खनन) संजय कुमार गुप्ता शामिल हैं। इसके अतिरिक्त चिकित्सा विभाग से लेखपाल ए-1 नायक, गांधी नगर अस्पताल से मेट्रोन ए-1 झुमुर चटर्जी, कार्मिक एवं औ. सं. विभाग से लिपिक ग्रेड-1 अमिता सिन्हा, सिविल विभाग से वरीय मुख्य चैनमेन मोहन सिंह, तोपा ड्रिलिंग कैंप से रिगमैन-डी खली प्रधान, लपंगा ड्रिलिंग कैंप से रिगमैन मोतीलाल साव एवं सुरक्षा विभाग से मुख्य सुरक्षा प्रहरी सरस्वती देवी रिटायर हुए। समारोह में सीएमडी नीलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, सीवीओ पंकज कुमार, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, अधिकारी, कर्मचारी और सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवारजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त कर्मियों के अनुभव और योगदान पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म प्रदर्शित की गई। इसमें कर्मियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कंपनी के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके निरंतर विकास की कामना की। मुख्य अतिथि सीएमडी ने कहा कि आप सभी ने अपनी मेहनत और निष्ठा से कंपनी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। सेवानिवृत्ति जीवन की नई शुरूआत है। इस समय को परिवार के साथ बिताएं। स्वास्थ्य का ख्याल रखें और समाज में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएं। निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र एवं सीवीओ ने भी सेवानिवृत्त कर्मियों के योगदान को सराहते हुए उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मंच संचालन और धन्यवाद महाप्रबंधक (कार्मिक/कल्याण) रेखा पांडेय ने किया। कार्यक्रम की सफलता में कल्याण विभाग और अन्य विभागों का विशेष योगदान रहा।

### मइंया सम्मान योजना का बंगाल कनेक्शन का क्या है राज : बिजय चौरसिया

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विजय चौरसिया ने कहा है कि मंइया सम्मान योजना के लाभुकों के भौतिक सत्यापन में कई तरह की गड़बड़ियां सामने आ रही है। उन्होंने पूछा है कि हेमंत सरकार यह बताये कि मईया सम्मान योजना में बंगाल कनेक्शन क्या है। उन्होंने आशंका जताई कि प‌्रिम बंगाल के जिस यूसुफ खान और सूफनी खातून के द्वारा फर्जीवाड़ा करने की बात कही जा रही है। उन दोनों का प‌्रिम बंगाल का जो पता बताया जा रहा है। आशंका है कि इस घोटाले और फर्जीवाड़े का तार कहीं देश के बाहर से भी न जुड़ा हो। उन्होने कहा कि योजना की असली हकदार राज्य की महिलायें प्रखंडों के चक्कर काट रही हैं और बिचौलिये नाजायज तरीके से एकमुश्त योजना की राशि हड़प रहे हैं। उन्होंने कहा कि इतना बड़ा फर्जीवाड़ा बगैर अधिकारियों के मिलीभगत के नहीं हो सकता है। हेमंत सरकार यदि राज्य की असली हकदार महिलाओं के प्रति थोड़ी भी संवेदना रखती हो तो इस मामले को गहनता से जांचकर दोषी अधिकारियों और कर्मियों पर प्राथमिकी दर्ज करे। उन्होंने कहा कि एक-एक बैंक अकाउंट से मंईयां सम्मान के 94-95 आवेदन किये गये हैं।

सुप्रभात
रांची, शनिवार
01.02.2025
नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com
khabarmantra.net
माघ, शुक्ल पक्ष, तृतीया, संवत् 2081
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 201



12 सूक्ष्म भेदभाव महिलाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती : उपराष्ट्रपति

## न्यूज डायरी

### इंग्लैंड का सपना टूटा चौथा मैच भारत ने जीता

**नयी दिल्ली।** टी-20 सीरीज जीतने का इंग्लैंड का सपना टूट गया। टीम इंडिया ने शुक्रवार को पुणे में चौथे मैच में इंग्लैंड को 15 रनों से हरा दिया। भारत ने सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली। टी20 फार्मेट में इस जीत के साथ ही भारत ने अपना शानदार रिकॉर्ड जारी रखा। टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी 181 रन बनाये थे। जवाब में इंग्लैंड भारतीय स्पिनरों झेल नहीं सका और 166 रन पर रोक लिया।

### पलामू में दिनदहाड़े गोली मार कर किसान की हत्या

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर बाजार में शुक्रवार को दिनदहाड़े बहेरवाखांड किसान इमामुद्दीन अंसारी की गोली मारकर हत्या कर दी। चार गोली मारकर अपराधी पैदल ही रेलवे क्रॉसिंग की तरफ भाग निकला था। पुलिस ने एक आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान हैदरनगर मेन रोड स्थित ब्रह्मस्थान के समीप रहने वाले जग्गू अंसारी का पुत्र मुमताज अहमद उर्फ लड्डू के रूप में हुई। हत्या में इस्तेमाल हथियार भी बरामद कर लिया गया है। युवक पैसेंजर ट्रेन में सवार होकर भागने का प्रयास कर रहा था, लेकिन पुलिस ने उसे घेरकर पकड़ा।

### हजारीबाग में एसीबी ने पंचायत सचिव को दबोचा

**हजारीबाग।** एसीबी की टीम ने अलौंजा व हदारी पंचायत के पंचायत सचिव रमेंद्र कुमार सिन्हा को छह हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। वह अलौंजा पंचायत निवासी टीसीबी लाभुक ओमप्रकाश मेहता से प्रखंड परिसर के बाहर एक कैफे सेंटर में रिश्वत की रकम ले रहे थे। ओमप्रकाश ने जैसे ही रिश्वत की रकम पंचायत सचिव को सौंपी, पहले से निगरानी कर रही एसीबी की टीम ने उसे दबोच लिया। हाल ही में उन्हें हदारी पंचायत का अतिरिक्त प्रभार मिला था। गिरफ्तार पंचायत सचिव को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के तहत हजारीबाग ले जाया गया।

### महाकुंभ से लौट रहे 6 श्रद्धालुओं की मौत

**गाजीपुर।** शुक्रवार को वाराणसी-गाजीपुर-गोरखपुर फोरलेन पर महाकुंभ से लौट रही पिकअप का डाला टूट गया। इसके चलते उसमें बैठे लोग सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने इन लोगों को कुचल दिया। हादसे में 6 लोगों के मौत हो गयी। 13 अन्य लोग घायल हैं। सभी गोरखपुर के रहने वाले थे। शवों को पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### फिरोजपुर में भीषण सड़क हादसा, 9 यात्रियों की मौत

**फिरोजपुर।** पंजाब के फिरोजपुर में हुए सड़क हादसे में 9 लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। 10 से अधिक घायल हैं। खबरों के अनुसार 15 यात्रियों के ले जा रही पिकअप वैन एक खड़े ट्रक से टकरा गयी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी।




## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आर्थिक सर्वेक्षण में कहा, अर्थव्यवस्था स्थिर रहेगी

# 8% की आर्थिक वृद्धि दर से ही विकसित होगा देश

### आर्थिक सर्वेक्षण की खास बातें

भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिर रहेगी। अर्थव्यवस्था 2029-30 तक 6.3 ट्रिलियन डॉलर की हो जायेगी। सभी क्षेत्र विकास में योगदान दे रहे हैं। महंगाई धीरे-धीरे नियंत्रण में आ रही। वित्त वर्ष 2025 में एफडीआई में सुधार। कृषि और खाद्य प्रबंधन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान। वैश्विक चुनौतियों से निपटने की आवश्यकता। निर्यात बढ़ाने, निवेश दोगुना करना होगा।



### भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिर रहेगी

सर्वेक्षण में बताया गया है कि वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद वित्त वर्ष 2025 में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत (राष्ट्रीय आय के पहले अग्रिम अनुमानों के अनुसार) दशकीय औसत के करीब बनी हुई है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि कुल आपूर्ति के नजरिए से, वास्तविक सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) में भी वित्त वर्ष 2025 में 6.4 फीसदी की वृद्धि होने का अनुमान है। 2023-24 में 8.2% वृद्धि दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ता अर्थव्यवस्था वाला देश बना रहा। 2022-23 में 7.2% और 2021-22 में 8.7% की वृद्धि दर दर्ज की गयी थी।

### महंगाई धीरे-धीरे काबू में

सर्वेक्षण में बताया गया है कि खुदरा महंगाई वित्त वर्ष 2024 में 5.4 फीसदी से घटकर अप्रैल-दिसंबर 2024 में 4.9 प्रतिशत हो गयी है। इसमें कहा गया है कि चुनौतियों के बावजूद भारत में महंगाई प्रबंधन के लिए सकारात्मक संकेत हैं। भारतीय रिजर्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का अनुमान है कि भारत की उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2026 में धीरे-धीरे लगभग 4 प्रतिशत के लक्ष्य के अनुरूप हो जायेगी।

### उत्पादन व इनोवेशन को बढ़ावा

केंद्र सरकार लंबे समय तक स्थिर आर्थिक वृद्धि बनाए रखने के लिए अनुसंधान और विकास (आरएंडडी), सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमइ) और पूंजीगत वस्तु क्षेत्र को मजबूत करने पर ध्यान दे रही है। इन प्रयासों का मकसद उत्पादन, नवाचार (इनोवेशन) को बढ़ावा देना और भारत को वैश्विक स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धी बनाना है।

### कृषि-खाद्य क्षेत्रों पर विशेष ध्यान जरूरी

कृषि और संबद्ध गतिविधियों के क्षेत्र को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए सर्वेक्षण में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि यह क्षेत्र मौजूदा कीमतों पर वित्त वर्ष 24 (पीई) के लिए देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 16 फीसदी का योगदान देता है। आर्थिक सर्वेक्षण 2025 ने निर्यात क्षेत्र की लचीलापन पर प्रकाश डाला, जो वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद हाल के वर्षों में लगातार ऊपर की ओर बढ़ रहा है।

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए हर साल लगभग 8% की आर्थिक वृद्धि बनाये रखनी होगी। भारत की आर्थिक बुनियाद मजबूत है, इसे संतुलित राजकोषीय सशक्तीकरण और स्थिर उपभोग का समर्थन प्राप्त है। महंगाई धीरे-धीरे काबू पाने में हम सफल हो रहे हैं। कृषि और संबद्ध क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यह क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 16 फीसदी का योगदान देता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण कहा कि हर साल लगभग 8% की आर्थिक वृद्धि बनाया रखना जरूरी है, तभी 2047 तक देश विकसित राष्ट्र बन सकता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि यह वृद्धि दर आवश्यक है हालांकि इसे हासिल करने में वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक परिस्थितियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। सेवा-उन्मुख भारतीय अर्थव्यवस्था स्वचालन के प्रति संवेदनशील है, भारत के आकार और अपेक्षाकृत कम प्रति व्यक्ति आय को देखते हुए कृत्रिम मेधा (एआई) का प्रभाव अधिक है।

**अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर :** रिपोर्ट में कहा गया कि आइएमएफ का अनुमान है कि 2027-28 तक भारत की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर और 2029-30 तक 6.3 ट्रिलियन डॉलर की हो जायेगी। हालांकिइसमें कुछ चुनौतियां भी हैं। जुलाई-सितंबर 2024 तिमाही में भारत की जीडीपी 5.4% बढ़ी जो आरबीआइ के 7% अनुमान से कम थी।

**सभी क्षेत्रों का विकास में योगदान :** सर्वेक्षण दस्तावेज के अनुसार सभी क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। सर्वेक्षण में कहा गया है कि कृषि क्षेत्र मजबूत बना हुआ है, जो लगातार रुझान के स्तर से ऊपर चल रहा है। (शेष पेज 11 पर)

## बजट से पहले पीएम ने दिया बड़ा संकेत

# मध्यम और गरीब वर्ग पर मां लक्ष्मी विशेष कृपा करें

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा, आज बजट सत्र की शुरूआत में मैं समृद्धि की देवी मां लक्ष्मी को नमन करता हूं। सदियों से हम ऐसे अवसरों पर मां लक्ष्मी को याद करते आ रहे हैं। मां लक्ष्मी हमें सफलता और बुद्धि प्रदान करती हैं। मैं महालक्ष्मी से प्रार्थना करता हूं कि देश के हर गरीब और मध्यम वर्ग पर मां लक्ष्मी की विशेष कृपा बनी रहे। पीएम मोदी ने बजट सत्र शुरू होने से पहले मीडिया से बात में उक्त बातें कही। इस तरह उन्होंने संकेत दिया कि बजट में गरीबों, मध्यम वर्ग और महिलाओं के लिए कुछ नया होगा। यह बयान बजट में टैक्स में छूट, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं या नए रोजगार के अवसरों की ओर इशारा करता है। ऐसे में बजट को लेकर उत्सुकता बढ़ा दी है। उन्होंने सीधे तौर पर टैक्स में छूट का जिक्र नहीं किया, लेकिन, मां लक्ष्मी का नाम लेकर गरीबों और मध्यम वर्ग पर 'विशेष कृपा' की बात कही।

**विकसित भारत का संकल्प करेंगे पूरा :** पीएम ने कहा, मेरे तीसरे कार्यकाल का ये पहला पूर्ण बजट है। मैं विश्वास से कह सकता हूं कि 2047 में जब आजादी के 100 साल होंगे, तब तक विकसित भारत का जो संकल्प देश ने लिया है, ये



बजट सत्र और ये बजट उसमें एक नया विश्वास पैदा करेगा और नयी ऊर्जा देगा। 140 करोड़ लोग अपने संकल्प के साथ इस विजन को पूरा करेंगे।

**अबकी कोई चिंगारी नहीं दिखी :** पीएम मोदी ने कहा, आपने देखा होगा, शायद 2014 से लेकर अब तक यह पहला संसद सत्र है, जिसके एक-दो दिन पहले कोई विदेशी चिंगारी (विदेशी हस्तक्षेप) नहीं देखी गयी। जिसमें किसी विदेशी ताकत ने आग लगाने की कोशिश नहीं की। मैंने हर बजट सत्र से पहले यह देखा था और हमारे देश में कई लोग इन चिंगारियों को हवा देने में कोई कसर नहीं छोड़ते। यह पहला मौका है, जब ऐसी कोई कोशिश नहीं हुई।

**आर्थिक गतिविधि के रोडमैप का आधार :** उन्होंने कहा, इनोवेशन, समावेश और निवेश लगातार हमारी आर्थिक गतिविधि के रोडमैप का आधार रहे हैं। इस सत्र में हमेशा की तरह कई ऐतिहासिक बिल पर सदन में चर्चा होगी और व्यापक मंथन के साथ वो राष्ट्र की ताकत बढ़ाने वाले कानून बनेंगे। (शेष पेज 11 पर)

### बजट में राहत की उम्मीद बढ़ी

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण शनिवार को सदन में आम बजट पेश करेंगी। इससे पूर्व राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने बजट से पहले दिये अपने बयानों से इनकम टैक्स में छूट की अटकलों को हवा दे दी है। दोनों ने गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए राहत के संकेत दिए। राष्ट्रपति मुर्मू ने 'नये मध्यम वर्ग' की देश के विकास में भूमिका को रेखांकित किया। वहीं पीएम मोदी ने बजट में गरीब, मध्यम वर्ग और महिलाओं के लिए नई पहलों की ओर इशारा किया। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकारी योजनाओं से गरीबी रेखा से ऊपर उठे 25 करोड़ लोग 'नया मध्यम वर्ग' बना रहे हैं। यह वर्ग भारत के विकास में नई ऊर्जा भर रहा है। उन्होंने कहा, 'मध्यम वर्ग जितने बड़े सपने देखेगा, देश उतनी ही ऊंची उड़ान भरेगा।' यह बयान बजट में मध्यम वर्ग को राहत मिलने की उम्मीद जगाता है। इनकम टैक्स में छूट भी इस राहत का हिस्सा हो सकती है। पीएम मोदी ने कुछ इसी तरह के संके दिये हैं। उन्होंने यह प्रार्थना भी की कि आगामी आम बजट के मद्देनजर देश के हर गरीब और मध्यम वर्ग पर माता लक्ष्मी की विशेष कृपा रहे।

## हमारा एक ही लक्ष्य- विकसित भारत बनाना : राष्ट्रपति

# गरीब और मध्यम वर्ग के कल्याण को सरकार प्रतिबद्ध

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के संबोधित के साथ ही संसद का बजट सत्र शुक्रवार से शुरू हो गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित किया और सरकार की विभिन्न योजनाओं और लक्ष्यों पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों के कल्याण और मध्यम वर्ग के सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार मध्यम वर्ग के सपने को पूरा करने को कृतसंकल्प है। उन्होंने कहा कि भारत का मुख्य लक्ष्य 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनना है। उन्होंने सरकार की सैचुरेशन अप्रोच पर जोर दिया, जिसका मतलब है कि हर सरकारी योजना का लाभ 100% लोगों तक पहुंचे। साथ ही एक राष्ट्र, एक चुनाव और वक्फ संशोधन जैसे विधेयक का जिक्र किया। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि मेरी सरकार का मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास है। इसी पर हम काम कर रहे हैं। राष्ट्र प्रथम की भावना से सरकार आगे बढ़ रही है। अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में विकास का वातावरण तैयार हुआ है।

**बहुत गर्व की बात :** राष्ट्रपति ने कहा कि यह संसद के लिए बहुत गर्व की बात है कि आज बड़ी संख्या में महिलाएं लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं, पुलिस में शामिल हो रही हैं और देश में कॉरपोरेट का नेतृत्व भी कर रही हैं। हमारी बेटियां ओलंपिक पदक जीतकर देश का नाम रोशन कर रही हैं। मेरी सरकार देश में महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास में विश्वास करती है। सरकार का लक्ष्य तीन करोड़ लखपति दीदी बनाना है।

**कुंभ हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि :** राष्ट्रपति ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में भगदड़ की घटना पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा, महाकुंभ हमारी सांस्कृतिक परंपराओं और सामाजिक जागृति का पर्व है। भारत और दुनिया भर से करोड़ों श्रद्धालुओं ने प्रयागराज में पवित्र स्नान किया है। संसद की संयुक्त बैठक राष्ट्रपति ने संविधान को अपनाने के 75 साल पूरे होने के अवसर पर शुभकामनाएं भी दीं।



### ग्लोबल इनोवेशन पावरहाउस बनेगा भारत

अपने अभिभाषण में राष्ट्रपति ने कहा, हमारा लक्ष्य भारत को ग्लोबल इनोवेशन पावरहाउस बनाना है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के क्षेत्र में भारत का मिशन शुरू हो चुका है। आज हमारे युवा हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रहे हैं। हम भारत को वैश्विक नवाचार शक्ति बनाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। आज हमारे युवा स्टार्टअप से लेकर खेल और अंतरिक्ष तक हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

### अभिभाषण के प्रमुख अंश

राष्ट्र प्रथम की भावना से सरकार आगे बढ़ रही है। डिजिटल टेक्नोलॉजी, स्टार्टअप और इनोवेशन में भारत आगे। साइबर सुरक्षा को लेकर सरकार गंभीर। गरीबी रोकने में सराहनीय प्रयास। पेपर लीक को रोकने का नया कानून लागू। बुनियादी ढांचे का बजट पांच गुना बढ़ा। डिजिटल टेक्नोलॉजी, स्टार्टअप इनोवेशन में भारत आगे। 10 साल में बुनियादी ढांचे का बजट पांच गुना बढ़ा। हमारा एक ही लक्ष्य है, विकसित भारत बनना। दुनिया के विकसित देश भी भारत की यूपीआई लेनदेन प्रणाली की सफलता से प्रभावित। भारत टेक्नोलॉजी का ग्लोबल प्लेयर है, यहां डिजी लॉकर और यूपीआई जैसी सेवाएं हैं।

## जीवीएस बीमारी पर सीएम हेमंत सोरेन ने की अफसरों संग बैठक, कहा

# बचाव और इलाज की ठोस व्यवस्था करें

### गुइलेन-बैरे सिंड्रोम से घबरायें नहीं, जागरूकता ही बचाव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) बीमारी से संक्रमित एक मरीज मिलने के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को एक विशेष बैठक की। सीएम आवास में हुई बैठक में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के मंत्री डॉ इरफान अंसारी ऑनलाइन जुड़े थे। सीएम ने संक्रमण की रोकथाम एवं चिह्नित मरीजों के इलाज की व्यवस्थाओं को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को गुइलेन-बैरे सिंड्रोम बीमारी के दुष्प्रभाव, लक्षण एवं



बचाव से संबंधित जानकारी से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस बीमारी के मरीजों की पहचान करें और अस्पतालों में विशेष व्यवस्था रखें।

**जरूरी व्यवस्था पुख्ता रखें :** सीएम ने अधिकारियों से कहा कि बीमारी से निपटने के लिए सभी अस्पतालों में बेड, दवा, मेडिकल ऑक्सीजन इत्यादि की पुख्ता व्यवस्था रखें। कोई भी केस मिलने पर तत्काल रिम्स रेफर करें। ट्रांसपोर्ट सिस्टम को अलर्ट रखें, ताकि ससमय मरीज को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने सभी जिलों के सिविल सर्जनों को निर्देश दिया कि इस बीमारी से संबंधित न्यूज, एक्टिविटीज एवं अपडेट पर पैनी नजर रखें। (शेष पेज 11 पर)

### लक्षण और बचाव का प्रचार-प्रचार पर जोर

सीएम ने अधिकारियों को जीबीएस के संक्रमण से बचने के लिये राज्य में व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गुइलेन बैरे सिंड्रोम से बचाव के लिये आम जनमानस को जागरूक करने की आवश्यकता है। यह बीमारी दूषित जल और कच्चा भोजन सेवन करने से फैलता है। लोगों में इस बीमारी को लेकर कोई भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो। यह बीमारी कोरोना संक्रमण की तरह एक-दूसरे से नहीं फैलता है। इस बीमारी को लेकर बहुत घबराने की जरूरत नही है। जागरूकता ही इस बीमारी से बचने का सबसे बेहतर माध्यम है। उन्होंने निर्देश दिया कि देश के जिन शहरों या जगहों पर इसके के मरीज ज्यादा मिलें, उन क्षेत्रों से झारखंड पहुंचने वाले व्यक्तियों की जांच की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि शहर में इस बीमारी की जांच की एक निःशुल्क सेंटर स्थापित करें।

## झारखंड का हक लौटा दे केंद्र सरकार : वित्त मंत्री

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने केंद्र सरकार द्वारा पेश किये जाने वाले बजट को लेकर बड़ा बयान दिया है। धनवाद में शुक्रवार को श्री किशोर ने एक कार्यक्रम में केंद्र सरकार से अपील की कि कहा कि झारखंड को कोई स्पेशल पैकेज मत दें। हमें इससे कोई गुरेज भी नहीं है, लेकिन हमारा जो बकाया 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये केंद्र सरकार के पास है, वह हमें भुगतान कर दें। वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के बजट से उन्हें कोई अपेक्षा नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हमारे बकाये की कैपिटल राशि ही दे दे। हम अभी ब्याज की बात नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि यह याचना करने की बात नहीं है, बल्कि यह हमारा हक है। यह विभागीय प्रावधान है, जो देनदारी झारखंड की बनती है, वह केंद्र सरकार हमें दे दें।

**मंईयां योजना में गड़बड़ी पर होगी कार्रवाई :** वहीं मंईयां योजना में गड़बड़ी पर मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि बल्क में जो योजना लागू होती हैं उसमें गड़बड़ी की संभावना होती है। (शेष पेज 11 पर)


## स्पीड न्यूज

### तीन एकड़ में लगी पोस्ते की खेती नष्ट



**पांकी पलामू (शिवशंकर पासवान)।** जिले में अवैध पोस्ते की खेती को लेकर पुलिस गंभीर है। इसी क्रम में शुक्रवार को पांकी पुलिस ने कार्रवाई की है। पांकी थाना क्षेत्र के केकरगढ़ के लिमला टोला, पुरबारी टोला, लंबीटांड़ टोला में वन क्षेत्र भूमि एवं गैर मजरूआ भूमि में पांकी पुलिस एवं वन विभाग की टीम पहुंची। यहां पुलिस ने करीब तीन एकड़ में लगी अवैध अफीम/पोस्ता की खेती को नष्ट कर दिया। पुलिस ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि यह नियम के विरुद्ध है इसलिए इसकी खेती नहीं करें।

### कुंभ यात्रा के दौरान सड़क हादसे में पलामू के समाजसेवी की हुई मौत



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के ग्राम पंचायत कोशियारा के समाजसेवी नागेंद्र प्रसाद के बड़े भाई नंदकिशोर महतो की सड़क हादसे में मृत्यु हो गयी। नंदकिशोर अपने परिवार के साथ 27 जनवरी को घर से प्रयागराज कुंभ नहाने गये थे। 29 को स्नान कर घर वापस लौट रहे थे। इसी बिच मिर्जापुर जिले के लालगंज बेलन बरौधा हाईवे पर तेज रफ्तार गाड़ी ने दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गये थे। बीएचयू अस्पताल बनारस में उन्होंने अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे 2 बेटा और 1 बेटी छोड़ गये।

### अधमनिया बरकुरूवा में सरना झंडा स्थापना सह प्रार्थना सभा आयोजित



**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के धावाडीह पंचायत के अधमनिया बरकुरूवा में सरना झंडा स्थापना सह प्रार्थना सभा की गयी, जिसके मुख्य अतिथि जिप सदस्य सुधा कुमारी, मुखिया रिंकी यादव तथा विधायक प्रतिनिधि अजय उरांव शामिल हुए। इस दौरान सरना रीति रिवाज से पांचवीं झंडा गड़ी तथा प्रार्थना सभा की गयी। सुधा ने कहा कि अपनी सभ्यता संस्कृति के कारण ही आदिवासियों की पहचान है। जिसे सुरक्षित रखने तथा बढ़ावा देने की जरूरत है। मौके पर अजय उरांव, अध्यक्ष प्रवेश उरांव, सचिव योगेंद्र उरांव, कोषाध्यक्ष सेडू उरांव, धर्म अगुआ धर्मेंद्र उरांव, नवनीत उरांव, रवि उरांव भी मौजूद थे।

### सेवानिवृत्त चौकीदार को दी गयी विदाई



**पाटन पलामू।** थाना परिसर में सेवानिवृत्त चौकीदार लक्ष्मण मांझी तथा जगरनाथ मांझी का विदाई कार्यक्रम किया गया। थाना प्रभारी लालजी पाटन इंस्पेक्टर अनील सिंह ने दोनों सेवानिवृत्त चौकीदार को शॉल एवं माला देकर सम्मानित किया तथा दीर्घायु होने की शुभकामनाएं दी। कहा कि सेवा निवृत्त दोनों लोगों ने इमानदारी के साथ अपने कार्यकाल को पूरा किया है। इन्होंने अपने सभी दायित्वों को भली भांति निभाया। कार्यक्रम में एसआई शैलभ कुमार, चौकीदार उमेश पासवान, अरविंद सिंह, कलींदर पासवान, मंटु राम, नंद कुमार पासवान थे।

### नमाज के बाद व्यक्ति की हत्या दुखद

**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल क्षेत्र के हैदरनगर बीच बाजार में नमाज के बाद एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गयी, वह अत्यंत निंदनीय व दु:खद है। प्रदेश में हेमंत सरकार के दूसरे कार्यकाल में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। अभी कुछ दिन पूर्व हुसैनाबाद बाजार में एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इसकी भाजपा के वरिष्ठ नेता रामराज मेहता ने घोर निंदा की है। कहा कि इस सरकार में न अल्पसंख्यक सुरक्षित है न ही हिंदू सुरक्षित है और न ही आदिवासियों महिलाएं सुरक्षित है। तत्काल अपराधियों को गिरफ्तार कर आम नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करें।

### अंचल राजस्व निरीक्षक मुकेश कुमार का रिश्वत लेते वीडियो वायरल, सस्पेंड

**मोहम्मदगंज पलामू।** मोहम्मदगंज के अंचल राजस्व निरीक्षक मुकेश कुमार को निलंबित कर दिया गया है। जमीन म्यूटेशन के एवज में घूस लेते वीडियो वायरल होने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संज्ञान लिया एवं उपायुक्त को कार्रवाई का निर्देश दिया। हुसैनाबाद एसडीओ गौरांग महतो की जांच रिपोर्ट पर उपायुक्त ने कार्रवाई कर मुकेश को शुक्रवार को निलंबित कर दिया। 24 घंटे के भीतर हुई इस कार्रवाई से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गयी है। बता दें कि गुरुवार को हैदरनगर थाना क्षेत्र के बलडिहरी की ऐशुन बीबी से म्यूटेशन के एवज में रिश्वत लेते हुए मुकेश का वीडियो वायरल हो गया था। पीड़िता विधवा महिला है। महिला गिड़गिड़ाती रही, लेकिन उसने एक नहीं सुनी और म्यूटेशन करने के लिए 12 हजार की मांग की थी। महिला किसी तरह 10 हजार दी थी। वीडियो को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ट्वीटर हैंडल पर टैग करके कार्रवाई करने की मांग की गयी थी।

### किसान की गोली मारकर हत्या

**हुसैनाबाद /हैदरनगर।** हैदरनगर में शुक्रवार की दोपहर दिन दहाड़े एक अपराधी ने थाना क्षेत्र के बहरवा खांड़ निवासी किसान इमामुद्दीन अंसारी (45) की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। अपराधी उसे चार गोली मार पैदल ही रेलवे क्रॉसिंग की तरफ भाग निकला। ग्रामीणों ने तत्काल इमामुद्दीन को प्राथमिक स्वास्थ्य हैदरनगर पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। गोलीबारी के समय उसके साथ गांव के मो अब्बास भी थे। ग्रामीणों ने हैदरनगर पुलिस को सूचना दी। रेलवे फाटक बंद रहने से पुलिस अस्पताल पहुंच कर घटना की जानकारी ली। एसआई विवेक कुमार ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही है। अपराधी की पहचान कर जल्द गिरफ्तार लेंगे।

### सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में करें पूजा : सीओ



**मेदिनीनगर।** शहर थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार की अध्यक्षता में की गई। बैठक में दोनों समुदाय के साथ सरस्वती पूजा कमिटी के लोग मौजूद थे। बैठक में अफवाह फैलाने वालों एवं हुड़दंग करनेवालों पर पैनी नजर रखने तथा असमाजिक तत्वों से बचने समेत विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए सदर सीओ अमरदीप सिंह बल्होत्रा ने कहा कि किसी भी पूजा त्योहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाना चाहिए।

# डंडीला के हनुमान मंदिर की पहली वर्षगांठ मनी, हुए कई धार्मिक अनुष्ठान

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नप के वार्ड नौ के डंडीला खुर्द स्थित हनुमान मंदिर का प्रथम वर्षगांठ शुक्रवार को धार्मिक अनुष्ठानों के बीच मनाया गया। धार्मिक कार्यक्रम को लेकर लोग खासे उत्साहित थे। अहले सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर में एकत्रित होने लगे थे। प्रातःकाल व संध्या काल में महाआरती हुई। दिन में विशेष पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान सत्यनारण की कथा सुनी। बतौर मुख्य यजमान सेवानिवृत शिक्षक रामदास शुक्ला सपत्नीक पूजा कराये। दोपहर दो बजे के बाद महाभंडारा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा शाम छः बजे से 12 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू हुआ, जो शनिवार सुबह छह बजे तक चलेगा।



**प्रमुख बातें :** धार्मिक मंत्रोच्चार व जयघोष से पूरा गांव गुंजायमान रहा जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया था। मौके पर मंदिर प्रबंधन समिति के कुंदन शुक्ला, रामाश्रय शुक्ला, अशोक शुक्ला, पवन शुक्ला, प्रो. नंदलाल शुक्ला, पंडित विजय शुक्ला, अजब नारायण शुक्ला, लालाबाबू शुक्ला, पार्षद दिनेश शुक्ला, विक्की शुक्ला, अरुण शुक्ला, विगन शुक्ला, रामकुमार शुक्ला, ललन शुक्ला, गोरख शुक्ला, शिवलाल शुक्ला, राजू शुक्ला, प्रियांशु शुक्ला, ऋषि कुमार शुक्ला सहित कई लोग मौजूद थे।

# क्या कमीशन की भेंट चढ़ गये शहर में लगे सीसीटीवी कैमरे : प्रथम महापौर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कोयल रिवर फ्रंट में लगे धौलपुर ग्रिल को असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़े जाने के पांच दिन उपरांत आज तक दु:साहसी युवक के नहीं पकड़े जाने की निंदा की है।

उन्होंने कहा कि इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिस सीसीटीवी पर सुरक्षा के लिए लाखों खर्च किये गये, उसकी क्या क्वालिटी है जो घटनास्थल पर लगे रहने के बाद भी क्लियर फोटो नहीं दे पाया। श्रीमती शंकर ने कहा कि प्रशासन ऐसे सीसीटीवी के भरोसे कैसे बड़ी घटना को पकड़ पायेगी। इस छोटी सी घटना से अंदाज लगाया जा सकता या फिर शहर में लगे सीसीटीवी कमीशन की भेंट चढ़ गयी।

- पुलिस प्रशासन की चुप्पी मिटा रहा कोयल रिवर फ्रंट की पहचान

### प्रशासन की चुप्पी से उठ रहे हैं कई सवालिया निशान

प्रथम महापौर ने कहा कि मुझे आश्चर्य होता है जिस कोयल रिवर फ्रंट की चर्चा पूरे झारखंड में होती है जहां सैकड़ों लोगों को रोजगार मिल रहा है, जहां शहर के लोग बाहर से आये अतिथियों को फख्र के साथ घुमाने ले जाते और सरकार भी पर्यटन को बढ़ावा देने की बात करती है। वहीं प्रशासन आज तक तोड़ने वाले को पूर्व में भी और अभी भी पकड़ना क्यों नहीं चाहती, यह विचारणीय विषय है।



जायजा लेने पहुंचीं फर्स्ट मेयर, क्षतिग्रस्त स्थल व कैमरे का फुटेज।

### प्रथम महापौर की प्रशासन से अपील

प्रथम महापौर ने प्रशासन से कहा है कि शहर की सुंदरता को बर्बाद न होने दें। बहुत मुश्किल से हम सबने इसे संवारा है, इसे बचाने में सहयोग करें। उन्होंने पुलिस प्रशासन से अनुरोध किया है कि इस घटना को गंभीरता से ली जाये अन्यथा उपद्रवियों का मन बढ़ेगा और देखते-देखते कोयल रिवर फ्रंट पूर्व की तरह अय्याशी और गंदगी का अड्डा बनकर रह जायेगा।

# गढ़वा रोड जंक्शन पर फूट ओवरब्रिज बनवाने की मांग

## पलामू सांसद बीडी राम को इससे संबंधित ज्ञापन सौंपा

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** गढ़वा रोड जंक्शन पर फूट ओवर ब्रिज बनवाने की मांग को लेकर खैरा विकास मंच के अध्यक्ष ललन प्रसाद पांडेय ने पलामू सांसद विष्णु दयाल राम को ग्रामीणों का एक हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि गढ़वा रोड जंक्शन मॉडल स्टेशन के रूप में विकसित हो रहा है जिसके तहत स्टेशन के पश्चिमी पानी टंकी के पास से रेलवे ट्रैक पार करने के लिए पुराने रास्ते के समक्ष एक फुट ओवर ब्रिज का निर्माण करना था। जिसकी मांग भी स्थानीय लोग काफी अरसे से कर रहे थे लेकिन पूर्व-मध्य रेलवे मंडल रेल प्रबंधक ने स्थल परिवर्तित करते हुए उसकी लंबाई घटा दी।

अब यह फूट ओवरब्रिज प्लेटफॉर्म एक से प्लेटफॉर्म दो तक ही जायेगा। ललन प्रसाद पांडेय ने बताया कि गढ़वा रोड जंक्शन रेहला शहर के बीचोंबीच से गुजरता है जिससे रेहला शहर दो भागों में बंट चुका है। रेलवे ट्रैक के दोनों ओर काफी आबादी रहती है। ट्रैक के एक तरफ डाकखाना, स्कूल, बाजार सहित कई महत्वपूर्ण कार्यालय अवस्थित है। वहीं दूसरी ओर बैंक, ग्रासिम कारखाना, स्कूल सहित कई सरकारी व गैरसरकारी संस्थाओं का कार्यालय है। स्थानीय लोग अपने कार्यों के लिये जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक को पार करते हैं जिससे पूर्व में कई बार दुर्घटना भी घट चुकी है। उन्होंने कहा कि पूर्व में एक फुट ओवरब्रिज बना है जिसका लाभ सिर्फ रेलवे कॉलोनी में रहने वाले रेल कर्मी को ही मिलता हैं। अगर चिन्हित जगह पर फूट ओवर ब्रिज का निर्माण हो जाये तो दस हजार से भी ज्यादा लोगों को इसका फायदा मिलेगा। सांसद ने श्री पांडेय को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को लेकर डीआरएम से मिलेंगे। जरूरत पड़ी तो जनभावनाओं का आदर करते हुये रेल मंत्री से भी मिलेंगे। ज्ञापन में हस्ताक्षर करने वालों में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, डॉ वीपी शुक्ला, गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय, सुशील पांडेय, रामनाथ कश्यप सहित कई लोग शामिल रहे।



सांसद को ज्ञापन देते खैरा विकास मंच के अध्यक्ष।

संत मरियम स्कूल में कैरियर मार्गदर्शन सेमिनार का हुआ आयोजन

# पलामू के मेधावी छात्रों को दिल्ली कोटा जाने की जरूरत नहीं है : अविनाश देव

- मोटिवेशनल स्पीकर आनंद जायसवाल ने दी बच्चों को टिप्स
- संत मरियम के विद्यार्थी अपनी कामयाबी का परचम लहरायेंगे : प्राचार्य कुमार आदर्श

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कजरी स्थित संत मरियम विद्यालय में छात्रों के लिए कैरियर मार्गदर्शन सेमिनार लगाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मेंटर्स एडूसर्व के फाउंडर आनंद जायसवाल, विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, रिजिनल डायरेक्टर राहुल राजा, प्रवीण दुबे व अन्य अतिथियों ने दीप जलाकर व फीता काटकर किया। स्कूल के चेयरमैन व प्राचार्य ने आये अतिथियों को अंग वस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।



कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित अतिथि व अन्य।

**खास बातें :** विदित हो कि विद्यालय ने देश के उच्च स्तरीय परीक्षा की तैयारी कराने वाली झारखंड बिहार का श्रेष्ठ संस्थान मेंटर्स एडूसर्व के साथ जुड़कर छात्रों के हित में नयी पहल की शुरुआत की है, जहां मेंटर्स एडूसर्व के फाउंडर आनंद जायसवाल ने स्कूल इंटीग्रेटेड प्रोग्राम की विशेष जानकारी दी। साथ ही उनके शिक्षा से संबंधित उलझे विचारों को नयी राह प्रशस्त कर जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के चेयरमैन श्री देव ने आये अतिथियों व मेंटर्स एडूसर्व के समस्त सम्मानित शिक्षकों को आभार प्रकट करते हुए कहा कि वर्षों पहले पलामू के शिक्षा की परिकल्पना की थी वह आज विद्यालय परिसर में हमें देखने को मिल रहा है। अब पलामू के मेधावी छात्रों को दिल्ली कोटा जाने की जरूरत नहीं है और न ही पैसों के अभाव में उन्हें पढ़ाई छोड़ने की आवश्यकता है। संत मरियम उनके भविष्य के लिए सदैव कृत संकल्पित है और जो विद्यालय ने इस नयी पहल की शुरुआत की है। प्राचार्य ने कहा कि निश्चित रूप से आने वाले दिनों में संत मरियम के विद्यार्थी अपनी कामयाबी का परचम लहरायेंगे। मौके पर अभिभावक व हजारों बच्चे मौजूद थे।

### हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार



**पाटन पलामू।** थाना कांड संख्या 65/24 दिनांक 01.06.2024 धारा 147/ 148/ 149/ 302/ 120 एवं 27 आर्म्स एक्ट के (आसनौर हत्या का मुख्य आरोपी) अप्राथमिक अभियुक्त मनीष कुमार उर्फ. मनीष पासवान उम्र 20 वर्ष पिता कुंदन पासवान पता ग्राम पिपरा थाना बारुण जिला औरंगाबाद को बारुण औरंगाबाद से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। हत्या का आरोपी था पुलिस के पकड़ से फरार चल रहा था।

## पीएम श्रीमध्य विद्यालय कुम्हार टोली में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पी एम श्री मध्य विद्यालय कुम्हार टोली मेदिनीनगर में सेवानिवृत्त के पश्चात विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विदाई सह सम्मान समारोह में डी एस ई पलामू संदीप कुमार मौजूद थे। उन्होंने इनके संबोधन में उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि आपने इस विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय का नाम रौशन करने के साथ साथ एक समाज को अपने कठिन मेहनत और अदम्य साहस का परिचय देते हुए समाज को नयी दिशा और दशा प्रदान की हैं। विद्यालय परिवार की ओर से इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए श्याम देव महतो को कोटि कोटि धन्यवाद और अभिनंदन किया जाता है। समारोह में डीएसई, प्राचार्या रीमा कुमारी, सहायक शिक्षिका ललिता कुमारी, रेनू कुमारी, पूर्णिमा मिश्रा, संजय कुमार, महेश मेहता, अरविंद सिंह, परशुराम तिवारी, अशोक कुमार, अरुण गुप्ता, शाह हुनैन अंसारी, अवधेश मेहता, अजय कुमार, योगेंद्र मेहता आदि उपस्थित थे।



## महाकुंभ में मृत गायत्री के परिजनों से मिले विश्रामपुर विधायक नरेश सिंह

>> परिजनों को राजद परिवार ने किया सहयोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**नावा बाजार पलामू।** प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या के दिन स्नान को गयी गायत्री देवी की भगदड़ में मौत हो गयी थी। इसकी जानकारी मिलते ही विश्रामपुर विधायक नरेश सिंह राजद समर्थकों व कार्यकर्ताओं के साथ मृतक के गांव राजहरा पहुंचे। जहां मृतक के पति अमरेश पांडेय से सी मिलकर उन्हें ढाढ़स बंधाते हुए घटना की जानकारी ली। मौके पर विधायक पार्टी की तरफ से मृतक के पति को 51 हजार का सहयोग किया। साथ ही पीड़ित परिवार को हरसंभव सहयोग का भी भरोसा दिया। इसके पूर्व मृतक की आत्मा को शांति के लिए परिवार के सदस्यों के साथ विधायक व राजद कार्यकर्ताओं ने मौन रख शोक जताया। मौके पर राजद जिलाध्यक्ष धनंजय पासवान, नावा बा जार पूर्व जिप सदस्य अनुज राम, जमालुदीन खान, मीर वारिश, नावा प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र चौधरी, जनमेजय पांडेय मौजूद थे।



### कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन प्रारंभ




**चैनपुर पलामू।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय +2 में नामांकन हेतु आवेदन पत्र 10 से 20 फरवरी तक प्राप्त किये जायेंगे। वर्ग 6 से नामांकन प्रारंभ है। इसमें गरीब छात्राओं को विशेष आमंत्रित करें उचित चयनित के लिए सदस्यों की टीम निष्पक्ष जांच कर नामांकन लेगी। इसकी जानकारी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय+2 कोल्हुआ, चैनपुर, पलामू की वार्डेन सुमिता कुमारी ने दी।

### पर्यावरणविद ने इंडोनेशिया से दी श्रद्धांजलि



**मेदिनीनगर।** पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने इंडोनेशिया से भारत के महाकुंभ में मौनी अमावस्या की रात हुई भगदड़ में मृत श्रद्धालओं की आत्मा की शांति के लिए अपने साथियों के साथ दो मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया है। उन्होंने उनके परिजनों के इस विपदा की घड़ी में गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से अचानक आयी इस विपदा में धैर्य व साहस प्रदान करने की कामना की है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में अजय मिश्रा, दीपक ठाकुर और वागेश पांडेय का नाम शामिल है। बता दें कि कौशल तीन दिवसीय दौरे पर इंडोनेशिया में हैं।

## विधि व्यवस्था में प्रशासन का सहयोग करें : सुनील सिंह



खबर मन्त्र संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** लेस्लीगंज थाना परिसर में पलामू पुलिस अधीक्षक महोदया रीष्मा रमेशन के आदेशानुसार सरस्वती पूजा एवं उर्स मेला को लेकर शुक्रवार को शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू गुप्ता एवं संचालन तनवीर आलम ने किया। थाना प्रभारी ने लोगों से पूजा के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर सलाह ली। साथ ही पूजा एवं विसर्जन को लेकर चर्चा की गयी। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दें कोई बात होती है तो तत्काल उन्हें सूचना दें पुलिस आपको सहयोग करेगी।

### ट्रक डिवाइडर से टकराकर पलटा

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के कचहरी चौक पर गुरुवार की देर रात एक ट्रक डिवाइडर से टकरा गया जिससे ट्रक पलट गया। ट्रक का ड्राइवर मौके से फरार हो गया ट्रक के पलटने से पूरी रात कचहरी की ओर से छह मुहान तक जाने वाली एक तरफ की सड़क पूरी तरह जाम हो गया। पलटा हुआ ट्रक पूरी रात वहीं पर पड़ा रहा। शुक्रवार की सुबह करीब 8.30 बजे हाइड्रा की मदद से सुबह पलटे हुये ट्रक को सीधा किया गया। इसके बाद ट्रक को पीओपी टू में खड़ा कर दिया गया है।

## राजकीय मवि सजवन ने बीइइओ को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** राजकीय मध्य विद्यालय सजवन के शिक्षकों ने प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राम नरेश राम को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। विदित हो कि आज 31 जनवरी राम नरेश राम के सेवानिवृत्त होने की अंतिम दिन हैं। शिक्षकों ने कहा कि सर का मार्गदर्शन हम सब को मिलता रहता है। सरकारी सेवा निवृति तो एक प्रक्रिया है जिससे हर किसी को गुजरना हैं। हमलोग उनके जीवन में शेष समय दीर्घायु और स्वास्थ्य सुखमय हो इसका कामना करते हैं। वहीं बीईओ ने कहा कि हम से जो विभागीय गलती हुई होगी आप सब माफ कर दीजियेगा लेकिन मेरे प्रयास रहा हैं कि सबका प्यार व स्नेह मिलता रहे। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक गौतम पासवान सहायक शिक्षक बीरेंद्र प्रसाद, राजेश सिंह आदि मौजूद थे।



### सघन जांच अभियान में कई वाहन जब्त



**मेदिनीनगर।** यातायात प्रभारी समाल अहमद ने शहर के छह मुहान, कचहरी रोड, रेड़मा चौक पर सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने बाइक चालकों को रोक हेलमेट, कागजतों व ट्रिपल लोड की जांच की। इस दौरान कई चालक बिना हेलमेट पाये गये। कई के पास वाहन के कागजात नहीं थे। पुलिस ने ऐसे वाहनों को जब्त कर लिया। ट्रैफिक पुलिस ने ऐसे लोगों के वाहन को पकड़कर सुरक्षार्थ थाना ले आयी।

# सतबरवा: सरस्वती पूजा को लेकर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा।** सरस्वती पूजा को लेकर शुक्रवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। इस दौरान थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि राज्य सरकार के निदेर्शानुसार जुलूस के दौरान डीजे पर रोक रहेगी तथा फूहर गाना बजाने वालों पर कार्रवाई की जायेगी और विसर्जन जुलूस 8:00 बजे रात्रि तक समाप्त कर देना होगा।

वही उन्होंने कहा कि जुलूस के दौरान सड़क जाम नहीं होना चाहिए और बेवजह चंदा वसूली को लेकर मार्ग को बाधित करने वाले लोगों पर कार्रवाई होगी। जुलूस के दौरान कुछ असामाजिक तत्व के लोगो के द्वारा दो समुदायों को बेवजह भड़काना चाहते हैं इससे बचने की जरूरत है। अगर इस प्रकार की सूचना मिले तो तुरंत पुलिस को सूचना दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

वहीं उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव ने कहा कि विद्या की देवी सरस्वती की आराधना तथा पूजा पाठ सभी लोग मिलजुल कर शांतिपूर्व करें। माता सरस्वती ज्ञान की देवी है। छात्र-छात्राओं के अलावा सभी लोगों को शिक्षित होना जरूरी है ताकि शिक्षा से सभ्य समाज की स्थापना हो सके।

बैठक की अध्यक्षता उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव ने किया। बैठक में दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए। मौके पर सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, प्रमोद यादव, अजय उरांव, मुखिया गिरवर राम, ब्रह्मदेव सिंह, रिंकी यादव, पूर्व मुखिया रामाशीष सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिंह, भरदुल सिंह, मोहम्मद रब्बानी, अशोक राम, धीरज कुमार, बाबर खां, सिकंदर भुइयां, एस आई वसंत दुबे, राजीव कुमार, सुबोध कुमार, गामा सिंह के अलावा कई लोग मौजूद थे।



शांति समिति की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व अन्य।

# सेवानिवृत पंचायत सचिव सह पंचायत संघ के जिलाध्यक्ष को दी गयी विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** प्रखंड सभागार में सेवानिवृत्त पंचायत सचिव सह पंचायत सचिव संघ के जिला अध्यक्ष विनय कुमार शर्मा को विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पाटन बीडीओ अमित कुमार झा एवं संचालन भीएलडब्लु आलोक पाण्डेय ने किया।

विदाई समारोह में पाटन प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के सभी कर्मचारी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में पाटन बीडीओ अमित झा, पाटन सीओ राकेश श्रीवास्तव, बीपीआरओ अहमद अंसारी, पाटन प्रखंड एवं अंचल कार्यालय कर्मी सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में ललीत कुमार, रवींद्र कुमार, प्रेम सागर, देवेन्द्र उपाध्याय, अंकिता त्रिपाठी, पुरुषोत्तम बैद, भोला मिस्त्री, गिरवर उरांव सहित लोगों ने सम्बोधित किया तथा विनय शर्मा के किये कार्यों का सराहना करते हुए उनके मार्गदर्शन में चलने के लिए कहा। कार्यक्रम में पाटन सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव ने ने कहा कि जीवन में सरकारी सेवा का यह पड़ाव है। सरकारी सेवा के दौरान किये कार्य को एक छाप छोड़ जाता है। उन्होंने सेवा निवृत्त विनय शर्मा को बचे हुए जीवन काल में खुशी पुरवक जीवन बीते इसके लिए शुभकामना दिया। कार्यक्रम में पाटन बीपीओ स्वीटी सिन्हा ने कहा कि विनय शर्मा व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। वे हमेशा प्रखंड कर्मियों को काम करने के लिए उर्जा प्रदान करते रहते थे।



विदाई समारोह में उपस्थित पदाधिकारी व उपस्थित अन्य।

खबर एक नजर में

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया विधिक जागरूकता कार्यक्रम

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में 90 दिवसीय आउटरीच अभियान के तहत शुक्रवार को मिलेनियम पब्लिक स्कूल छतरपुर में लीगल लिटरेसी सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पीएलवी सुधीर चौबे ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यों, मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के तहत मिलने वाले स्पॉन्सरशिप योजना, ट्रैफिक नियम आदि की जानकारी दी। वहीं पीएलवी तृप्ता भानु ने बाल मजदूरी, नशा उन्मूलन, गुड टच बैड टच, सोशल मीडिया का दुष्प्रभाव से संबंधित जानकारी दी। मौके पर स्कूल के डायरेक्ट अल्ताफ हुसैन, प्रिंसिपल फिरदौस आरा, शिवानी कुमारी, प्रिया कुमारी, स्वाति कुमारी, अनामिका कुमारी, चंदा कुमारी, निकहत प्रवीण, साबया आरा, सानिया प्रवीण आदि उपस्थित थीं।

## शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं सरस्वती पूजा : थाना प्रभारी

**भंडरिया।** थाना परिसर में शुक्रवार को सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह ने कहा कि सरस्वती पूजा शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं। कहीं कोई गड़बड़ी होती है तो इसकी सूचना तुरंत थाना को दें। भंडरिया पुलिस वहां पहुंचकर त्वरित कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि डीजे साउंड पूरी तरह से प्रतिबंधित है। पूजा में कोई ऐसी भड़काऊ गाना भी नहीं बजाए, ताकि किसी अन्य समुदाय के लोगों को ठेस पहुंचे। बैठक में भंडरिया अंचल पदाधिकारी राकेश भूषण सिंह, बीडीओ अमीत कुमार, निर्मल ठाकुर, सुशील कुमार सिन्हा, बबलू सिन्हा, कुतुबुद्दीन अंसारी सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**रमना।** थाना परिसर में आगामी सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। इस बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सह सीओ विकास कुमार पांडे ने किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख करुणा सोनी ने कहा कि डीजे बजाना पूर्णता बंद है। थाना प्रभारी आकाश कुमार ने कहा कि सभी सरस्वती पूजा समितियां लाइसेंस धारी व गैर लाइसेंस धारी व डीजे संचालक के साथ में बैठ कर कई निर्णय लिया गया। पदाधिकारी ने बताया कि डीजे पर पूर्ण प्रतिबंधित रहेगा। डीजे के जगह लाउडस्पीकर बजाये। अश्लील गानों का प्रयोग ना करें। पूजा करने वाले पूजा समिति थाना में आवेदन दे। विसर्जन संध्या 6 बजे तक किया जाएगा। मौके पर सिलीदाग मुखिया अनीता देवी, बुलका मुखिया अनीता देवी, समाज सेवी नागेंद्र सिंह, गुलाम रसूल, करणपुरा मुखिया अजीत पांडेय आदि उपस्थित थे।

## केतार में शांति समिति की बैठक

**केतार।** थाना परिसर में शुक्रवार को विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ब्लक से कर्मचारी प्रकाश राम, जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी व गणमान्य लोग उपस्थित हुए। इस दौरान थाना क्षेत्र में होने वाले सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने एवं विधि व्यवस्था को लेकर कई बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। इस दौरान बैठक में उपस्थित लोगों ने अपने अपने सुझाव दिए। मौके पर थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने कहा कि पूजा के दौरान डीजे, भड़काऊ और अश्लील गाना प्रतिबंधित रहेगा। अगर कोई पूजा कमिटी पंडाल में डीजे बजाते पकड़े गए तो पूजा कमिटी और डीजे संचालक पर कार्रवाई की जाएगी। साउंड मानक के अनुसार ही बजाए। ताकि किसी को असहज महसूस न हो और विसर्जन पूजा के अगले दिन स समय करे। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्व और सोशल मीडिया पर आपतिजनक पोस्ट करने पर प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगी। मौके पर उप प्रमुख शंभू सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, उदय प्रसाद, सुशील पाठक, अल्ताफ अंसारी, राम विचार साह, हकीमू मियां, शिव कुमार सिंह, राजेश्वर ठाकुर आदि लोग उपस्थित थे।

## सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण मनाने को लेकर बैठक

**भवनाथपुर।** सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर स्थानीय थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता भवनाथपुर थाना प्रभारी रजनी रंजन ने की। इस दौरान सभी डीजे संचालक, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष और प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे। बैठक में सरस्वती पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही सभी पूजा समितियों को निर्देश दिया गया कि वे समय सीमा और प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करें। विशेष रूप से ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए डीजे पूर्ण रूप से प्रतिबंधित लगाया गया है। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि सरस्वती पूजा खासकर विद्यार्थियों का पूजा है, लेकिन सभी शांतिपूर्ण वातावरण में सरस्वती पूजा मनाएं। कहा कि किसी भी तरह की अफवाह से बचे और कोई संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर तुरंत पुलिस को सूचित करने के साथ ही मूर्ति विसर्जन सूर्यास्त से पूर्व ही करने का आग्रह किया। बैठक में पूजा आयोजकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। मौके पर एसआई परवेज आलम, दिनेश सिंह, नारायण प्रसाद, उदय शर्मा, जगबंधु महतो, मुखिया शैलेश चौबे, नंदलाल पाठक, बेबी देवी, समाजसेवी अख्तर अंसारी, विनोद यादव, आत्मानंद विश्वकर्मा, मंटू गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## शांति और संयम से मनेगी सरस्वती पूजा

**गढ़वा।** शहर थाना में शुक्रवार को सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ नीरज कुमार ने की, जिसमें थाना प्रभारी बृज कुमार, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष पति संतोष केशरी, सुबोध बड़ाइक, एसआई राजनंदनी, एएसआई जैनेंद्र कुमार महतो सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। बैठक में गढ़वा जिले के विभिन्न पंचायतों के पूजा पंडाल प्रतिनिधि पहुंचे और अपनी-अपनी बातें रखीं। एसडीपीओ ने पूजा पंडालों में सीसीटीवी लगाने, मूर्ति विसर्जन के लिए निर्धारित तिथि तय करने और जुलूस मार्ग की लिखित सूचना देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विसर्जन जुलूस के दौरान आपत्तिजनक गाने नहीं बजेंगे और डीजे का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा, जुलूस में किसी भी प्रकार के हथियार या घातक सामग्री ले जाने पर रोक रहेगी। नशीले पदार्थों का सेवन प्रतिबंधित रहेगा, और पूरे कार्यक्रम की वीडियो रिकॉर्डिंग सुनिश्चित करनी होगी। भड़काऊ नारेबाजी पर भी कड़ी पाबंदी होगी। मूर्ति विसर्जन का कार्य अंधेरा होने से पहले पूरा करने की हिदायत दी गई। साथ ही अफवाहों से बचने और सोशल मीडिया पर किसी भी भड़काऊ पोस्ट की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। बैठक में अरविंद पटवा, सोनू कुमार, निक्कू, विकास तिवारी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा से संबंधित चलाया गया जागरूकता अभियान

**लातेहार।** राष्ट्रीय सेवा योजना बनवारी साहू महाविद्यालय लातेहार झारखंड के तत्वाधान में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माहके तहत के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के साथ बानपुर लातेहार में कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा संबंधित जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के इशरत बानो डॉक्टर नरेश कुमार पांडे, स्वयंसेवकों में रविंद्र कुमार, सुहाना परवीन, सरोज कश्यप, धीरज कुमार ने दो पहिया वाहन एवं चार पहिया वाहन को रोक कर हेलमेट का प्रयोग एवं सीट बेल्ट लगाने हेतु सुरक्षित यात्रा हेतु जागरूकता अभियान चलाया। जिला सड़क सुरक्षा समिति लातेहार द्वारा जनहित में प्रचारित पंपलेट का वितरण भी किया। परिवहन विभाग के द्वारा जनहित में जारी सुरक्षा के नियमों का पालन करने हेतु लोगों के प्रति जागृत किया। सड़क सुरक्षा माह 2025 का अंतिम दिन सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने हेतु जनहित में प्रचारित किया गया।

# जिला स्तरीय कृषि मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का उद्घाटन

## किसानों को मिली योजनाओं की जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के तत्वावधान में जिला कृषि महाविद्यालय गढ़वा के प्रांगण में जिला स्तरीय कृषि मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें 800 किसानों ने भाग लिया। इस दौरान जिला दंडाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर, जिप अध्यक्ष शांति देवी, जिप उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, सभी विधायक प्रतिनिधियों समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कृषि मेला का शुभारंभ किया। मौके पर श्री जमुआर ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है, इसलिए किसानो के हितो को ध्यान में रख कर कृषि विभाग कई योजनाएं चला रही है। कृषि मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है।

कृषि विभाग अनुदान पर किसानो को कई तरह की सुविधाएं दे रही है। सभी किसानों को इसका लाभ अवश्य लेना चाहिए। उन्होंने किसानों से कहा कि खेती कर स्वयं समृद्ध बनें और गढ़वा जिला को भी समृद्ध बनाने में अपना योगदान दे। उन्होंने किसानों से अपनी पात्रता के अनुसार सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। डीसी ने कहा कि कृषि मेला सह उद्यान प्रदर्शनी से किसानों को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। कृषि विभाग किसानो का जीवन स्तर उंचा करने तथा उनके उत्पादों को बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चला रही है। कृषि के क्षेत्र में किसानो को लाभ पहुंचाने के लिए तालाब, आहर,



निरीक्षण करते डीसी

सामूहिक खेती तथा पावर टीलर व ट्रैक्टर सहित अन्य उपकरण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने मेला में किसानों द्वारा लगाए गए विभिन्न प्रकार के अच्छे किस्म के सब्जी आदि के स्टॉलों सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। मेला में किसानों को विज्ञान एवं वैज्ञानिक पद्धति से जैविक खेती एवं अन्य फसलों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान डीसी ने राज्य बागवानी मिशन (गैर कार्यान्वित जिलों में) योजना अंतर्गत ग्रीन सेडनेट हाउस निर्माण की स्वीकृति राशि सांकेतिक रूप से लाभुकों को दिया।

इसके अलावे रोटावेटर प्रेयर पंप इत्यादि का भी वितरण किया गया तथा लगभग 300 किसानों को विभिन्न फसलों के प्रदर्शन के लिए पुरस्त भी किया गया। मौके पर कृषि पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी, मत्स्य पदाधिकारी, गव्य पदाधिकारी, सहकारिता पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस समेत अन्य पदाधिकारी एवं कृषि विभाग के कर्मी, किसान मित्र समेत अन्य उपस्थित थे।

## बीडीओ ने किया विद्यालय का औचक निरीक्षण

**मझिआंव।** बरडीहा बीडीओ राकेश सहाय ने प्रखंड क्षेत्र के सलगा पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय सलगा (पूर्वी) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार प्रजापति एवं सहयोगी शिक्षक अजय किशोर राम अनुपस्थित पाए गए। इस संबंध में बीडीओ सह सीओ राकेश सहाय ने बताया कि निरीक्षण के दौरान शिक्षक का भतीजा स्कूली बच्चों के साथ देखा गया। जो शिक्षक का नाबालिक भतीजा है, और वो छात्रों के साथ समय बिता रहा था। वही इस संबंध में सलगा पंचायत के मुखिया उमेश प्रजापति ने बताया कि विद्यालय के दोनों शिक्षक काफी लापरवाह है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार प्रजापति ज्यादातर विद्यालय नहीं आते हैं। विद्यालय से अनुपस्थित होकर वह अपने सरिया सेटिंग के कारोबार में व्यस्त रहते हैं। यहां तक कि सरकार के द्वारा मिलने वाली पोषाहार मध्याह्न भोजन भी बच्चों को कभी-कभार ही दिया जाता है। मेनू के अनुसार कभी भी मध्याह्न भोजन नहीं दिया जाता है। कहा की शिक्षक राष्ट्र के निर्माता होते हैं लेकिन ऐसे लापरवाह शिक्षक के ऊपर विभाग के द्वारा कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इस संबंध में बीडीओ श्री सहाय ने कहा कि दोनों शिक्षकों का वेतन स्थापित किया गया है साथ ही स्पष्टीकरण की मांग की गई है। स्पष्टीकरण का संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर निलंबन के अनुशंसा की जाएगी।

## मोहित ने 8वीं बार रक्तदान कर बचायी महिला की जान



रक्तदान करते मोहित चौधरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जरूरतमंद लोगों के बीच गांव और शहर के कई ऐसे समाजसेवी हैं जो अपना खून देकर किसी की जान बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इनको सिर्फ मालूम यह हो जाये कि किसी भी व्यक्ति को कोई गम्भीर बीमारी व रक्त की कमी से उसकी जान जा सकती है, उनकी मदद व ब्लड देने से पीछे नहीं हटते। ऐसा ही एक युवा और समाज के प्रेरणास्रोत रंका निवासी स्वयंसेवक मोहित कुमार चौधरी हैं। उन्होंने कहा कि काफी समय से रक्तदान करता आ रहा हूं। मेरा रक्त का ग्रुप ओ निगेटिव काफी रियर है, जो बहुत कम लोगों में होता है।

मुझे सिर्फ यह पता चलना चाहिए कि जरूरतमंद मरीज को खून की आवश्यकता है, मैं स्वयं रक्तदान करने पहुंच जाता हूं। रक्तदान करने से किसी भी प्रकार की कमजोरी अथवा बीमारी नहीं होती है। लोगों को हमेशा रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चिनिया थाना क्षेत्र के निवासी गोपाल यादव की पत्नी कबूतरी देवी नवनीत सर्जिकल हॉस्पिटल, गढ़वा में दो दिन से रक्त की कमी से जूझ रही थी। इस दौरान उनके पुत्र बसंत यादव ने मुझ से संपर्क किया। मुझे महाकुंभ अमृत स्नान करने के लिए गाड़ी बुक कर लिया था। लेकिन मैंने रक्तदान करना उचित समझा और सदर हॉस्पिटल ब्लड बैंक पहुंचकर अपनी 8वीं बार रक्तदान किया। चौधरी जेनरल हॉस्पिटल, गढ़वा के चेयरमैन सह मझिआंव चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि रक्तदान करना बहुत ही अच्छा कार्य है। रक्तदान को युवा व समाजसेवी जीवनदान समझते हैं। यह बहुत बड़ी बात है। रक्तदान से किसी भी प्रकार की शारीरिक क्षति नहीं होती है। रक्तदान करने से शरीर हमेशा स्वस्थ रहता है। 18 से 60 वर्ष के स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

# थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** सरस्वती पूजा को लेकर मझिआंव एवं बरडीहा थाना परिसर में पूजा समिति, शांति समिति एवं डीजे साउंड के प्रोपराइटरों के साथ बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचल पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने की। इस अवसर पर अंचलाधिकारी ने कहा कि माता सरस्वती की पूजा के दौरान एवं पूजा पंडालों तथा मूर्ति विसर्जन के दौरान अश्लील कोई भी अश्लील गाना नहीं बजेगा। अगर ऐसा हुआ तो तत्काल प्राथमिकी दर्ज करायी जाएगी। साथ ही कहा कि अपना पूजा पाठ करते हुए दूसरे धर्म समुदाय के लोगों की भावना आहत नहीं हो इसका भी ख्याल रखना है। कोई भी भड़काऊ बयानबाजी भी नहीं करना है। बैठक का संचालन करते हुए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने कहा कि माननीय हाईकोर्ट का निर्देश है कि सरस्वती पूजा या विसर्जन के दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध



बैठक करते लोग

लगाया गया है। उन्होंने कहा कि डीजे पर प्रतिबंध केवल पूजा के लिए नही बल्कि यह आदेश सभी पर्व व समुदाय के लोगों के लिए है। कार्यक्रम में केवल लाउडस्पीकर (ध्वनि विस्तारक यंत्र) का उपयोग करने की छूट दी गई है।

वह भी मात्र 45 डिसेबल तक ही ध्वनि की जा सकती है। इससे ऊपर तेज आवाज करने पर इसे ध्वनि प्रदूषण मानते हुए माननीय हाईकोर्ट के आदेश का उल्लंघन माना जायेगा और तत्काल साउंड बक्स को जब्त कर साउंड संचालक पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। श्री तिवारी ने कहा कि अफवाहों पर ध्यान नहीं दें और तत्काल किसी भी अप्रिय घटना की सूचना थाना को दें। बरडीहा थाना परिसर में थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में थाना क्षेत्र के सभी पूजा कमिटी के सदस्यों एवं डीजे संचालकों के साथ शान्ति समिति बैठक की गई।

मौके पर एसआई मो नसीम, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी, सांसद प्रतिनिधि शोभा जायसवाल, एसआई चंदन प्राण, मुखिया प्रतिनिधि रमेश पासवान, इंदल सिंह, अशोक कमलापुरी, प्राचार्य समिता कुमारी, प्राचार्य जितेंद्र कुमार, विवेक सोनी, जियाउल खान सहित पूजा समिति व डीजे साउंड संचालक तथा शांति समिति के लोग उपस्थित थे।


JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO BHAVAN, KUTCHERY ROAD, RANCHI-834001, JHARKHAND.
Ph No.: +91-651-2225878, e-mail id-pdt.juidco@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752
NIT No: - JUIDCO/NIT/InD-STPs Palamu/643 Date :30-01-2025
Tender ID.: 2025_UDD_97534_1 PR No. – 344010
CORRIGENDUM-01
All bidders are hereby announced that corrigendum 01 is released for 1st call tender of NIT Ref No:- JUIDCO/NIT/InD-STPs Palamu/643 and Tender ID 2025_UDD_97534_1 for "Request for Proposal for Selection of Consultant for preparation of Detailed Project Report (DPR) and providing Project Management Consultancy (PMC) services for Interception & Diversion and STPs along with related infrastructure in 9 towns in Palamu Cluster in Jharkhand". The bidders are advised to take in to account the same before submission of their bids against the tender.
NOTE: Corrigendum-01 and all other information can be referred from the e-tender site of Govt. of Jharkhand i.e. (http://jharkhandtenders.gov.in)
Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd.
PR 345539 Urban Development and Housing (24-25)D

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, गुमला।
भारतीय वायु सेना में अग्निवीर वायु में भर्ती हेतु आवश्यक सूचना :–
–: शुद्धि पत्र :–
एतद् द्वारा श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग जिला नियोजनालय–सह– मॉडल कैरियर सेन्टर, गुमला के द्वारा अग्निवीरवायु कार्यक्रम में चयन हेतु प्रकाशित प्रेस विज्ञप्ति सूचना सं0 PR343417 Labour Employment and Training (24-25)#D से इच्छुक युवक/युवतियों को Online पंजीकरण करने की तिथि 07 जनवरी 2025 सुबह 11 बजे से 27 जनवरी 2025 रात 11 बजे तक निर्धारित की गई थी जो की संशोधित करते हुए अब Online की प्रक्रिया दिनांक 07 जनवरी 2025 सुबह 11 बजे से 02 फरवरी 2025 रात 11 बजे तक कर दी गई है।
जिला नियोजन पदाधिकारी,
जिला नियोजनालय, गुमला।
PR 345577 (Labour Employment and Traning) 24-25 (D)

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा
अल्प कालीन ई-पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना
ई–निविदा संख्या :-09(RI)/2024-25/RWD/EE/KODERMA दिनांक :-30.01.2025
कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/KODERMA/28/2024-25 | प्रखण्ड सतगांवा अन्तर्गत पंचायत टेहरो में ग्राम नन्दुडीह से ग्राम भूताही स्कूल होते हुए आर0सी0डी0 रोड ग्राम खाब तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–2.300 कि0मी0) | 2,24,26,700/- | दो करोड़ चौबीस लाख छब्बीस हजार सात सौ रु0 मात्र। | 09 (नौ) माह | द्वितीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 02.02.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 17.02.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 19.02.2025 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा झारखण्ड, पिन– 825410
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 8709561933 / 06534–297102
6. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
ह0/– कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा
PR 345535 Rural Work Department (24-25)_D

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा।
(जिला आपूर्ति शाखा)
(e-Mail id:-dso.chatra@jharkhandmail.gov.in)
–: आदेश :–
एतद् द्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक–29.01.2025 को आहुत विभागीय विडियो कॉन्फ्रेंसिंग में निदेश प्राप्त है कि सभी राशन कार्डधारियों का आधार नम्बर को संबंधित डीलर के e-Pos मशीन के माध्यम से शत प्रतिशत SEED किया जाना है। UID SEEDING की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 तक निर्धारित है। इस तिथि के बाद जिन कार्डधारियों का E-KYC और UID SEEDING नहीं किया जाएगा, वैसे कार्डधारियों विलोपित (DELETE) करने की कार्रवाई की जाएगी। राज्य के बाहर रहने वाले सभी PHH/AAY अन्तर्गत कार्डधारी अपना एवं अपने परिवार के सभी सदस्य का नजदीकी डीलर के पास जाकर UID SEEDING करायें। ग्रीन कार्डधारी अपना एवं अपने परिवार के सदस्यों का E-KYC और UID SEEDING नजदीकी डीलर के पास राज्य में ही करवायेंगें।
अतः उक्त के आलोक में सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकरियों एवं सभी जनवितरण प्रणाली विक्रेता को निदेश दिया जाता है कि दिनांक–31.03.2025 के बाद भी जिसका E-KYC और UID SEEDING नहीं होने की स्थिति में स्वत संज्ञान लेते हुए उन राशन कार्डधारियों/लाभार्थियों का कार्ड विलोपित (DELETE) करने हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाय।
जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
चतरा।
PR 345550 Food Public Distribution and Consumer Affairs(24-25)D

कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्
झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा
Email – jhumritelaiyamunicipalcouncil@gmail.com
!! आम सूचना !!
प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी 2.0 अंतर्गत विभिन्न घटकों के लिए झुमरी तिलैया नगर परिषद्, कार्यालय में आवेदन पत्र जमा लिया जा रहा है। वैसे योग्य लाभुक जिसका पुरे भारतवर्ष में कहीं भी पक्का मकान नहीं है एवं जो विभिन्न कारणों से योजना के लाभ से वंचित रह गए हैं, ऐसे सभी लाभुकों को सूचित किया जाता है की अगर वह योजना का लाभ लेने के इच्छुक है तो सभी दस्तावेजों के साथ झुमरी तिलैया नगर परिषद्, कार्यालय के PMAY कोषांग में आकर आवेदन कर सकते हैं। इस योजना का आवेदन https://pmaymis.gov.in/pmaymis2_2024/PmayDefault.aspx पर लोग घर बैठ कर (यथासंभव) कर सकते हैं।
प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत विभिन्न घटकः–
1.लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (BLC) – EWS (वार्षिक आय 3.00 लाख तक)
2.भागीदारी में किफायती आवास का निर्माण (AHP) – EWS (वार्षिक आय 3.00 लाख तक)
3.किफायती किराया आवास (ARH) – EWS/LIG (वार्षिक आय 6.00 लाख तक)
4.ऋण सम्बन्धी ब्याज सब्सिडी योजना (ISS) – EWS/LIG/MIG (वार्षिक आय 9.00 लाख तक)
NOTE:– इच्छुक लाभुक किन्ही एक घटक में ही आवेदन कर सकते है।
प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के प्रथम एवं द्वितीय घटक के तहत पात्र एवं शर्तें:–
- योजना के अंतर्गत लाभुक परिवार में पति, पत्नी एवं अविवाहित बच्चे शामिल होंगे।
- लाभुक अथवा लाभुक के परिवार के किसी भी सदस्य के नाम पर पुरे भारत वर्ष में कहीं भी पक्का मकान नहीं हो, वहीं परिवार इस योजना को प्राप्त कर सकते हैं।
- पूर्व से संचालित केंद्र / राज्य प्रायोजित आवासीय योजनाओं का लाभ लिए हुए लाभुक इस योजना के पात्र नहीं होंगे।
- लाभुक आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग के होंगे जिनकी वार्षिक आय 3,00,000/– (तीन लाख) से कम हो।
आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज आवश्यक है:–
- पारिवारिक फोटो (घर के साथ) एवं आवेदक/आवेदिका का दो पासपोर्ट फोटो
- आवेदक/आवेदिका एवं उनके पति/पत्नी का आधार कार्ड एवं मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति
- आवेदक/आवेदिका के बैंक अकाउंट पासबुक की छायाप्रति
- आवेदक/आवेदिका के आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति
- आवेदक/आवेदिका के जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति
- भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र (भूमि संबंधित संपूर्ण दस्तावेज की छायाप्रति)
- भारतवर्ष में कहीं भी पक्का मकान नहीं होने का शपथ पत्र
- आवेदन हेतु आवेदक/आवेदिका का Active मोबाईल नम्बर जो आधार कार्ड से लिंक्ड हो।
- आवेदक अधिक जानकारी हेतु झुमरी तिलैया नगर परिषद् कार्यालय के PMAY कोषांग में संपर्क करें।
Scan QR code
ह0/–
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद्
PR 345583 (Urban Development) 24-25*D

# बजट से उम्मीद

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को संसद में आर्थिक सर्वे पेश किया। सर्वे के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी वृद्धि 6.3-6.8% रह सकती है। वैश्विक अनिश्चितता के बीच महंगाई नियंत्रित रहने और उपभोग स्थिर रहने की उम्मीद है। ग्रामीण मांग में भी सुधार की संभावना है। आर्थिक सर्वे भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रगति, सरकारी नीतियों और अगले वित्तीय वर्ष के दृष्टिकोण का संकलन है। इसे आर्थिक मामलों के विभाग की आर्थिक शाखा द्वारा तैयार किया जाता है, जिसके प्रमुख मुख्य आर्थिक सलाहकार होते हैं। कोर सेवाओं और ईंधन की कीमतों में गिरावट से जुड़ी है। सरकार द्वारा बफर स्टॉक को मजबूत करने, ओपन मार्केट में रिलीज और आयात में ढील जैसे कदम महंगाई नियंत्रण में महत्वपूर्ण रहे हैं। सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी का मुख्य कारण मौसम संबंधी समस्याएं जैसे बाढ़, सूखा, और तूफान हैं, जिनसे आपूर्ति में बाधा आती है। दालों, तेल बीज, टमाटर और प्याज के उत्पादन में बढ़ोतरी के लिए जलवायु-रोधी फसलों पर रिसर्च और किसानों की ट्रेनिंग की जरूरत है। आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार, भारत के कृषि क्षेत्र ने वित्त वर्ष 2017 से 2023 के बीच औसतन 5% की वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की है। 2024-25 की दूसरी तिमाही में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर 3.5% रही। सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को मजबूत करने के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिनमें डिजिटल कृषि मिशन और पीएम-किसान शामिल हैं। न्यूनतम समर्थन मूल्य को उत्पादन लागत से 1.5 गुना तय किया गया है, जिसमें अरहर, बाजरा, मसूर और सरसों जैसी फसलों पर भारी वृद्धि की गई है। मंद होती आर्थिक गति को बढ़ाना, गिग ईकोनॉमी को नियंत्रित करना आज की सबसे बड़ी जरूरत है।

## कार्टून वर्ल्ड






**मेष :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

**वृष :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गो का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

**मिथुन :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

**कर्क :** राजकीय कार्यो से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

**सिंह :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

**कन्या :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

**तुला :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

**वृश्चिक :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

**धनु :** आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

**मकर :** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ :** जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

**मीन :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

# सामाजिक नैतिकता को खोखला करता एकल परिवारों का चलन




**औरत-**मर्द और बच्चे के एकल परिवारों के चलन ने समय के साथ विभिन्न सामाजिक समूहों को बेहद प्रभावित किया है। इसके साथ सामाजिक नैतिकता और भारतीय परिवारों की पारंपरिक मूल्य भी छिन्न-भिन्न हो रहे हैं। शहरीकरण, वित्तीय दबाव और व्यक्तिवादी जीवन शैली के कारण हुए इस बदलाव ने मूल्यों को हस्तांतरित करने के तरीके को बदल दिया है। हालांकि एकल परिवार स्वतंत्रता और निजी विकास को प्रोत्साहित करते हैं लेकिन उन्हें सांस्कृतिक और नैतिक मूल्य बनाए रखने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। सामाजिक मूल्यों को विकसित कर एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक उसे पहुंचाने में परिवार नामक संस्था की भूमिका सीमित कर दी गई है।

पारंपरिक संयुक्त परिवारों में दादा-दादी, चाचा और चाची ने कहानी सुनाने, सलाह देने, पहचान देने और सामूहिक भावना जैसे मूल्यों को लागू करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। एकल परिवारों के साथ, यह अंतर-पीढ़ीगत सम्बंध कमजोर हो गया है, जिससे बच्चों के विभिन्न दृष्टिकोणों के संपर्क में आने पर रोक लग गई है। कन्फ्यूशियस ने सद्गुण की पहली क्षमता के रूप में अपने परिवार के सदस्यों पर जोर दिया। बहु-पीढ़ीगत जीवन की गिरावट भी इस नैतिक शिक्षा को कमजोर कर सकती है। एकल परिवारों में, माता-पिता मूल्यों की आपूर्ति का पूरा बोझ उठाते हैं, नियमित रूप से पेशेवर प्रतिबद्धताओं के साथ इसे जोड़ते हैं। इससे समय की कमी या तनाव के कारण कमी आ सकती है। शहरी एकल परिवार सहानुभूति या धैर्य की कोचिंग पर शैक्षिक पूर्ति को प्राथमिकता दे सकते हैं, जिससे बच्चों में व्यक्तिवादी दृष्टिकोण पैदा होता है।

एकल परिवार स्वायत्तता, निर्णय लेने और व्यक्तिगत जिम्मेदारी जैसे मूल्यों को बढ़ावा देते हैं, जो वर्तमान सामाजिक मांगों के साथ संरेखित होते हैं। जॉन स्टुअर्ट मिल ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता को व्यक्तिगत और सामाजिक प्रगति के लिए आवश्यक गुणों के रूप में महत्त्व दिया, जिसे एकल परिवार प्रभावी रूप से बेचते हैं। एकल परिवार अक्सर अपने परिवार की जरूरतों को प्राथमिकता देते हैं, जिससे निःस्संदेह सामूहिक मूल्यों जैसे साझा करना, त्याग करना और आपसी सहायता के प्रति जागरूकता कम हो जाती है, जो संयुक्त परिवार व्यवस्था के लिए आवश्यक थे। त्योहार, जो कभी संयुक्त परिवारों में सांस्कृतिक बंधन को मजबूत करते थे, अब एकांत में मनाए जाने लगे हैं। जबकि पारंपरिक व्यवस्थाएँ कमजोर होती जा रही हैं, एकल परिवार शिक्षा के लिए स्कूलों, साथियों के समूहों और आभासी प्रणालियों पर अधिक से अधिक निर्भर होते जा रहे हैं।



**- प्रियंका सौरभ**

> एकल परिवार-परिवार प्राइमेट मानव समाज की जैविक घटना है। यह मानव विकास के विकासवादी संग्रह में एक अनुकूल रूप नहीं है और न ही आर्थिक समाज की उपयोगी चीज है। बल्कि यह मानव समय और सामाजिक स्थान में लगभग प्रथागत है। इसका केंद्र पति-पत्नी और माता-पिता-बच्चों की एक इकाई है। इसका सामान्य रूप अक्सर मृत्यु या परित्याग या संतान की हानि के कारण गलत हो जाता है।

हालाँकि, निजी सलाह की कमी से नैतिक विकास में भी कमी आ सकती है। एकल परिवारों में, एक से अधिक पदों के मॉडल की अनुपस्थिति बच्चों की कई गुणों को देखने और उनका अध्ययन करने की क्षमता को भी सीमित कर सकती है। एकल परिवारों के बढ़ते जोर ने मूल्यों को विकसित करने में परिवार की स्थिति को नया रूप दिया है। स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हुए, यह अक्सर विस्तारित परिवारों द्वारा प्रदान की गई सामूहिक जानकारी और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति जागरूकता को कम करता है। इस अंतर को पाटने के लिए एकल परिवारों को सुखद पालन-पोषण, नेटवर्क कनेक्शन को बढ़ावा देने और जिम्मेदारी से आधुनिक उपकरणों का लाभ उठाने पर जोर देते हुए सचेत रूप से अनुकूलन करना चाहिए। जैसा कि कन्फ्यूशियस ने कहा, ₹राज्य की ऊर्जा घर की अखंडता से प्राप्त होती है,₹ इस बात पर प्रकाश डालते हुए कि परिवार, चाहे किसी भी संरचना में हों, नैतिक नागरिकों को आकार देने के लिए मूल्यवान बने रहते हैं।

एकल परिवार-परिवार प्राइमेट मानव समाज की जैविक घटना है। यह मानव विकास के विकासवादी संग्रह में एक अनुकूल रूप नहीं है और न ही आर्थिक समाज की उपयोगी चीज है। बल्कि यह मानव समय और सामाजिक स्थान में लगभग प्रथागत है। इसका केंद्र पति-पत्नी और माता-पिता-बच्चों की एक इकाई है। इसका सामान्य रूप अक्सर मृत्यु या परित्याग या संतान की हानि के कारण गलत हो जाता है, लेकिन इसका मॉडल रूप अधिकतम स्थिर होता है। सभी परिस्थितियों में परिवार के भीतर पति या पत्नी के बुजुर्ग माता-पिता और कभी-कभी अतिरिक्त दूरस्थ परिवार होने की प्रवृत्ति होती है, हालांकि वे अर्ध-बाहरी कारक किसी अन्य कारण से नहीं बल्कि आवश्यकता और पितृभक्ति से अधिक होते हैं। अलग-अलग सामाजिक परिस्थितियों में एकल परिवार ₹कुलों₹, जातियों, गांवों और सार्वजनिक विनियमन के माध्यम से विभिन्न तरीकों का उपयोग करके बाहरी समाज में एकजुट होते हैं।

पश्चिमी समाज में परमाणु इकाई नैतिक प्रबंधन के लिए आध्यात्मिक नौकरशाही और शासन उद्देश्यों के लिए नागरिक विनियमन के लिए अधिक से अधिक कठिनाई बन गई है। रिश्तेदारों ने, प्रियजनों के अलावा, शक्ति खो दी है। इसने अपने स्वयं के परिवार को अत्यधिक नैतिकता के अपने पूर्व राज्य की तुलना में अधिक ₹तथ्यात्मक₹ बना दिया है। परिणामस्वरूप परमाणु परिवार कमजोर हो गया है क्योंकि यह काफी हद तक धर्म का संगठन है और अब मुकदमेबाजी और सार्वजनिक विनियमन की सहायता से बहुत अधिक नियंत्रणीय नहीं है। इसलिए यह पश्चिमी देशों में ठीक से नहीं चल रहा है, जिससे मौलिक प्राइमेट मूल्यों को आम तौर पर नुकसान होता है। यह परिवार निगमों के सुधार की ओर ले जाता है जो ₹सहज₹ नैतिक दबावों को फिर से तस्वीर में लाते हैं। परमाणु परिवार के परिवार का भाग्य, जिसे यहाँ ₹प्रतिक्रांति₹ कहा जाता है, संभवतः अगली पीढ़ी में रिश्तेदारों की सहायता से बढ़ती सहायता में से एक होगा।

सामाजिक ढांचे में इतना अधिक परिवर्तन आ चुका है कि अब लिव इन रिलेशनशिप और वैवाहिक मामलों में थोड़ा बहुत ही अंतर रह गया होगा जिसके परिणामस्वरूप महिलाएं और पुरुष वैवाहिक संबंधों में रुचि ना लेकर एकल रहने को वरीयता देने लगे हैं। गलती इसमें किसी भी परिजन की ना होकर पश्चिमी मूल्यों को तरजीह दिए जाने की है। हम हिन्दुस्तानी अब ज़िम्मेदारियों को निभाने की तुलना में उससे अलग हो जाना बेहतर समझने लगे हैं। अब पश्चिम में अपने ही परिवार के लोग कई पीढ़ियों के छोटे अंतराल पर चक्रीय रूप से स्थानांतरित होने की प्रवृत्ति रखते हैं। 55,000 परिवारों का एक अध्ययन इस सुझाए गए उलटफेर को दर्शाता है।

(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### लोकलुभावन वादे

**विभिन्न** राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने के लिए लोकलुभावने वादे और मुफ्त की सुविधाएं बांट रहे हैं, जो वास्तविकता में भ्रष्टाचार का ही एक रूप है। उनका सुझाव है कि चुनाव आयोग को ऐसी पार्टियों को अयोग्य घोषित करना चाहिए, जो अपने घोषणा पत्र की बुनियादी बातें पूरी नहीं करतीं। मुफ्त सुविधाएं अंततः उनके ही टैक्स से आती हैं। अगर सरकार सही तरीके से शिक्षा, स्वास्थ्य, और कृषि की समस्याओं का समाधान तो समाज में वास्तविक सुधार संभव है।

**-बृजमोहन ओझा, रांची**

### गन कल्चर

**आजकल** बच्चे सोशल मीडिया के माध्यम से गन कल्चर से प्रभावित होकर नकली हथियारों का प्रदर्शन कर रहे हैं, हिंसा को बढ़ावा मिल रहा है। माता-पिता को अपने बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान देना चाहिए। अगर वे लापरवाह रहे तो भारत को अमेरिका बनते देर नहीं लगेगी। **- प्रकाश सिंह, रांची**

## ट्वीट

**हमें** यमुना को सिर्फ एक वॉटर वॉडी के रूप में नहीं, एक लिविंग बेइंग के रूप में देखना होगा। हमें उसकी इज्जत करनी होगी।

जब सरकार ने यमुना को उसके हाल पर छोड़ दिया है तब हमें मिलकर उसकी स्थिति में बदलाव के लिए कदम बढ़ाना होगा।

यदि आपके पास कोई सुझाव है तो हमारे साथ इस लिंक पर साझा करें, हम सुनेंगे आवाज भारत की।

**- राहुल गांधी, सांसद**

**महामहिम** राष्ट्रपति को पुअर लेडी से संबोधित कर सोनिया गांधी ने एक बार फिर अपना संविधान व आदिवासी विरोधी चेहरा दिखाया है।

**- संजय सेठ, केन्द्रीय मंत्री**

# आपदाओं से निपटने में सरकारी तंत्र पहले से कितना बेहतर

**डॉ. रमेश ठाकुर**

**प्राकृतिक** आपदा कब आ जाए, कुछ नहीं पता। देश में पूरे साल कहीं न कहीं कुदरत का रौद्र रूप कहर बरपाता रहता है। बिहार का मिथिला क्षेत्र इस वक्त बाढ़ से प्रभावित है। असम में तेज बारिश ने कमोबेश कुछ वैसी ही स्थिति उत्पन्न की हुई है। सवाल उठता है कि इस तरह की आपदा से निबटने के लिए हमारा सिस्टम पहले से कितना बेहतर हुआ या आत्मनिर्भरता के शोर में कुछ फीका पड़ गया है। प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए सरकारी तंत्र के अलावा आमजन को भी आगे आने की जरूरत है। सिर्फ एनडीआरएफ और अन्य राहत-बचाव दलों के भरोसे नहीं रहना चाहिए।

पिछले वर्ष के आंकड़ों पर नजर डालें तो भारत में विभिन्न किस्म की प्राकृतिक घटनाओं में सरकारी तंत्र ने डेढ़ लाख से अधिक लोगों को बचाया और 8 लाख लोगों तक राहत एवं बचाव कर उन्हें आपदाग्रस्त क्षेत्रों से बाहर निकालने का काम किया। अचानक आई आपदा से निपटने के लिए हमारा तंत्र पूरी तरह एनडीआरएफ पर निर्भर है। क्योंकि ये विभाग भरोसे का प्रतीक बन गया है। एनडीआरएफ भारत ही नहीं बल्कि देश के बाहर भी सेवाएं देने से पीछे नहीं हटता। फिर चाहे वह वर्ष-2015 में नेपाल में आया विनाशकारी भूकंप हो या साल 2023 में तुर्किये का भूकंप। हर जगह एनडीआरएफ दल के कर्मी वहां भगवान का दूत बनकर खड़े दिखाई दिए।

आपदाएं किसी को बताकर नहीं आती लेकिन अब ऐसे बहुत से साइंटिफिक संसाधन मौजूद हैं, जिससे हम प्राकृतिक आपदाओं का समय रहते आकलन और बेहतर प्रबंधन कर सकते हैं। साल-2005 के बाद से सरकारी स्तर पर हालात बदले और राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल अथवा एनडीआरएफ का गठन किया गया। एनडीआरएफ के गठन के बाद से प्राकृतिक ही नहीं मानव जनित आपदाओं के प्रबंधन की दशा भी बेहतर हुई। अब संकट के समय अलग अतिरिक्त बल है जिसके पास अलग-अलग तरह के संकटों से निपटने की क्षमता और दक्षता दोनों है।

## जयंती

बहरहाल, एनडीआरएफ और इनके जैसी संस्थाओं को और मजबूती प्रदान करने की जरूरत है। आपदाग्रस्त क्षेत्रों में तात्कालिक मदद और दीर्घकालिक सहायता दोनों चाहिए होती है। दीर्घकालिक सहायता प्रदान करने के लिए सरकार के पास समय होता है। पर, जो तात्कालिक मदद चाहिए, वह इतना त्वरित और प्रभावी होनी चाहिए कि आपदा का जनजीवन पर न्यूनतम असर हो। इसमें न केवल उनके जानमाल की रक्षा बल्कि कई बार उनके लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था भी देनी होती है। इसीलिए एनडीआरएफ को त्वरित गति से सक्रिय करने के लिए केंद्र ने कई अहम निर्णय लिए हैं जो सराहनीय है। एनडीआरएफ को और सशक्तबनाने के लिए कदम उठाए गए हैं।

आपदा प्रबंधन करने वाली कोई सरकारी संस्था ये मानकर नहीं चल सकती कि कुछ लोग तो मरेंगे ही। जब किसी संस्था के सामने ये लक्ष्य होता है कि हम आपदा में किसी एक की भी जान नहीं जाने देंगे, तो उनकी कार्यशैली अलग होगी। यह रक्षा दलों में जो आत्मविश्वास पैदा करता है उसके कारण उनकी सक्रियता ज्यादा तेज और जीवनोपयोगी हो जाती है। केरल के वायनाड में बादल फटने से हुई भारी बारिश के बाद जो तबाही आई, उसमें एनडीआरएफ का राहत एवं बचाव कार्य सभी ने देखा। वहीं, केंद्र सरकार ने भी बिना राजनीतिक भेदभाव किए लोगों को बचाया और प्रत्येक परिस्थितियों पर नजर रखी और हरसंभव मदद पहुंचाई। होना भी यही चाहिए। आपदाओं के वक्त ये नहीं देखना चाहिए कि प्रदेश में किस दल की सरकार है। वहां तकाजा सिर्फ मानवता का होना चाहिए। गौरतलब है कि आपदाओं के वक्त कई बार ऐसा होता है कि घटना इतनी बड़ी हो जाती है कि अकेले एनडीआरएफ नहीं संभाल सकता। जैसे, गुजरात भूकंप, त्रिपुरा या केरल में आई बाढ़। उस समय पहले की तरह सैन्य बलों और स्थानीय राहत एवं बचाव कर्मियों के बीच समन्वय करते हुए एनडीआरएफ इस काम को अंजाम देता है। यही कारण है कि गृहमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि आपदाओं को लेकर अधिक से अधिक स्थानीय लोगों को भी जागरूक किया जाए, ताकि ऐसी स्थितियों में आमजन भी एनडीआरएफ कर्मी का सहयोग करें। लोगों का अगर रक्षा एवं बचाव दलों के साथ समन्वय होगा, तो परिणाम और अच्छे निकलेंगे।केंद्र सरकार ने हाल ही में एनडीआरएफ की पोशाक में बदलाव किया है। इसके कर्मचारी अब भगवा रंग में दिखने लगे हैं।

# महाकुंभ में 30 करोड़ लोगों का सकुशल स्नान करना बड़ी बात है?

**नीरज कुमार दुबे**

भगदड़ की एक घटना को लेकर पूरी व्यवस्था पर प्रश्न उठाने वालों को यह भी देखना चाहिए कि मौनी अमावस्या से पहले ही रात को लगभग पांच करोड़ लोग सकुशल स्नान कर चुके थे और घटना के बाद भी आठ करोड़ लोगों ने सकुशल स्नान किया था।

महाकुंभ मेले में मौनी अमावस्या पर्व पर मची भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मृत्यु होना बहुत दुखद खबर है। लेकिन इस हादसे के बावजूद आठ करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने उसी दिन स्नान किया और सकुशल वापस घर गये यह उत्तर प्रदेश प्रशासन की एक बड़ी उपलब्धि भी है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले की आबादी देखें तो वह लगभग 60 लाख के आसपास है। कुम्भ मेले में अब तक आ चुके श्रद्धालुओं का आंकड़ा देखें तो वह 30 करोड़ के पास पहुँचने वाला है। योगी सरकार का आकलन है कि 26 फरवरी तक चलने वाले धरती के इस सबसे बड़े मेले में 45 करोड़ के आसपास लोग आयेंगे। ऐसे में आप कल्पना करके देखिये कि इतनी बड़ी भीड़ को संभालने और उनके लिए तमाम तरह की व्यवस्थाएं करने के लिए प्रशासन ने कितने समय से कितने प्रयास किये होंगे।

भगदड़ की एक घटना को लेकर पूरी व्यवस्था पर प्रश्न उठाने वालों को यह भी देखना चाहिए कि मौनी अमावस्या से पहले ही रात को लगभग पांच करोड़ लोग सकुशल स्नान कर चुके थे और घटना के बाद भी आठ करोड़ लोगों ने सकुशल स्नान किया था। इससे पहले के अमृत स्नान के दौरान भी लगभग पांच करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया था लेकिन किसी को खरोंच तक नहीं आई थी। जिन लोगों को एक दिन में एक जगह पर आठ से दस करोड़ लोगों का स्नान करना मामूली बात लगती है उन्हें पता होना चाहिए कि यह संख्या कई देशों की कुल जनसंख्या से भी अधिक है।

आपने देखा होगा कि भगदड़ की घटना की खबर मिलते ही विपक्ष के कई नेता इतनी तेजी से बयान जारी करने लग गये थे जैसे कि वह पहले से टाइप करके रखा गया था और किसी हादसे की प्रतीक्षा की जा रही थी ताकि योगी सरकार को घेरा जा सके। कुछ मीडिया संस्थानों ने भी सनसनी फैलाने में देरी नहीं लगाई और अपनी जिम्मेदारी को नहीं समझते हुए सिर्फ अव्यवस्था संबंधी खबरें चलाईं। जबकि सच्चाई यह थी कि घटना के कुछ ही मिनटों के भीतर हालात पर काबू पाया जा चुका था और इसी का परिणाम था कि पूरे दिन स्नान सुचारू रूप से चला और आज भी करोड़ों लोग अब तक डुबकी लगा चुके हैं और सरकार के इंतजामों की तारीफ कर रहे हैं। कुछ लोगों ने सोशल मीडिया और मीडिया के मंचों से सवाल उठाया कि जब यूपी सरकार सुबह-शाम श्रद्धालुओं की संख्या के आंकड़े जारी कर रही है तो उसे सुबह मारे गये श्रद्धालुओं की संख्या बताने में सोलह घंटे क्यों लग गये? ऐसे लोगों को समझना होगा कि महाकुंभ मेले में आ रहे श्रद्धालुओं की गिनती के लिए एआई कैमरों सहित तमाम तरह की तकनीक की मदद ली जा रही है और भगदड़ में मारे गये लोगों की संख्या बताने में समय इसलिए लगा होगा क्योंकि मौत का आंकड़ा किसी की मृत्यु के बाद ही बताया जाता है। यदि आपने घटना के बाद के वीडियो देखें हों तो उसमें साफ प्रदर्शित हो रहा है कि घायल अवस्था में कई लोगों को एम्बुलेंसे ग्रीन कॉरिडोर बनाकर तेजी से अस्पताल ले जा रही हैं। यूपी सरकार सुबह से ही कह रही थी कि कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हो सकता है कि किसी की इलाज के दौरान मृत्यु हुई हो या किसी की अस्पताल लाये जाने के दौरान ही मृत्यु हो गयी हो। यह भी सर्वविदित है कि जब तक डॉक्टर किसी को मृत घोषित नहीं कर देते और उसकी पहचान तथा अन्य औपचारिकताएं पूरी नहीं हो जातीं तब तक आंकड़े सामने नहीं आते। यहां यह भी ध्यान रखना चाहिए कि एक हादसा जो हो चुका था उसके बारे में उस समय ज्यादा जानकारी देने से यदि हालात बिगड़ जाते तो और भी हादसे हो सकते थे क्योंकि करोड़ों की संख्या में लोग एक जगह पर मौजूद थे।

## महाकुंभ




30 श्रद्धालुओं की मौत होना हृदय विदारक है और मृतकों के परिजनों की दशा समझी जा सकती है लेकिन हमें यह भी देखना होगा कि अब तक 30 करोड़ लोग सकुशल स्नान करके जा चुके हैं। देखा जाये तो कुंभ मेले की बड़ी तस्वीर भगदड़ की एक घटना की नहीं बल्कि यहां करोड़ों की संख्या में उत्साह के साथ स्नान कर बिना किसी नुकसान के जा चुके श्रद्धालुओं की है। यहां हमें यह भी समझना होगा कि भगदड़ या भूकंप या दुर्घटनाओं या हत्याओं से' होने वाली मौतों पर प्रतिक्रिया करते समय या उससे संबंधित समाचार दिखाते समय हमें संयम बरतना चाहिए।

बहरहाल, निश्चित रूप से कुंभ भगदड़ बड़ी खबर है। लेकिन भारत जैसे भीड़भाड़ वाले देश में भगदड़ से होने वाली मौतें विभिन्न बीमारियों और कारणों से होने वाली कुल मौतों का केवल एक अंश मात्र हैं।

अल्जाइमर दुनिया भर में मौत का सातवां प्रमुख कारण है। लेकिन इस बीमारी से होने वाली मौतें कभी भी पेज-1 की खबर नहीं बनती ना ही कोई मीडिया चैनल इस पर प्राइम टाइम में या अन्य समय पर खबर दिखाता है। भारत में सड़क दुर्घटनाओं और तमाम तरह की बीमारियों से होने वाली मौतों की संख्या बढ़ती जा रही है लेकिन वह कभी बड़ी खबर इसलिए नहीं बनती क्योंकि इसमें किसी को राजनीति करने का मौका नहीं मिलता।

## स्पीड न्यूज

### गुरुनानक स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता



**रामगढ़।** श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता हुआ। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि सरदार तेजिंदर सिंह सोनी थे। नन्हें विद्यार्थियों ने मनोरम नृत्य प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के मध्य 100 मीटर रेस, 400 मीटर रेस, सैक रेस, स्पून मार्बल रेस करया गया। मुख्य अतिथि ने अपने भाषण में खेल भावना पर बल देते हुए विद्यार्थियों को खेलकूद में उत्साहपूर्वक भाग लेने की सलाह दी। उन्होंने जीवन में खेल का महत्व बताते हुए विद्यार्थियों को खेल के साथ-साथ मन लगाकर एकाग्रचित होकर पढ़ाई करने की बात भी कही। विद्यार्थियों को खेल शपथ सरदारनी जसविंदर होरा द्वारा दिलाई गई। विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह के अनुसार विद्यालय पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास तथा बच्चों की खेलों में रुचि के अनुसार उनको अपने भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्लेटफॉर्म तैयार कर रहा है। खेल कूद प्रतियोगिता के पहले चरण में जो भी प्रतिभागी विजयी हुए उन्हें मेडल और सर्टिफिकेट देकर अतिथियों ने सम्मानित किया। मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी के प्रेसिडेंट सरदार परमदीप सिंह कालरा सहित रामगढ़ के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षक, विद्यार्थी और सहायक कर्मचारियों ने योगदान दिया।

### सरस्वती पूजा की तैयारी शुरू



**रजरप्पा।** रामगढ़ समेत जिले के ग्रामीण इलाकों में तीन फरवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना को लेकर उनकी प्रतिमा का निर्माण कार्य में जोरशोर से मूर्तिकार लगे हुए हैं। ग्रामीण इलाकों में भी प्रतिमा का निर्माण किया जा रहा है। छोटकीपोना गाँव के रमेश करमाली इस वर्ष 15 प्रतिमाओं का निर्माण किया है. इसे लेकर कई लोगों का आर्डर आ चुका है। 1500 रुपए से लेकर 2500-3000 हजार रुपए तक की मूर्ति का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में युवाओं कमेटी गठित कर माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापित करते हैं। इनकी पसंद बड़ी मूर्ति होती है। कारीगर बताते हैं कि पहले इस धंधे में काफी आमदनी होती थी। गांवों में भी कई कारीगर मूर्ति का कार्य कर रहे हैं। बेहतर मूर्ति निर्माण को लेकर लोग कारीगरों के पास पहुंच रहे हैं। इसे लेकर उन्हें एडवांस पैसे भी दिए जा रहे हैं। मूर्तिकारों को अपने अनुरूप बेहतर मूर्ति बनाने की सलाह दे रहे हैं।

### झाकोमयू पुंडी शाखा का गठन



**कुजू।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन पुंडी शाखा कमेटी का पुनर्गठन को लेकर शुक्रवार को परियोजना के समीप सरना स्थल में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सामना मांझी व संचालन अनिल बास्के ने किया। बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में कुजू क्षेत्रीय अध्यक्ष बोधन मांझी, क्षेत्रीय सचिव रामकुमार सिंह, सुरेश चंद्र पटेल शामिल हुए। इस दौरान झाकोमयू के मजबूती व विस्तार पर चर्चा किया गया। साथ ही सर्वसम्मति से पुंडी शाखा का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सावना मांझी, उपाध्यक्ष राजकुमार मांझी, विनोद गंझू, सचिव बबलू मांझी, सयुंक्त सचिव राजेश मांझी, सह सचिव महेश मांझी, अनिल बास्के, कोषाध्यक्ष चेतलाल मांझी, संगठन सचिव राजेश मांझी का चयन किया गया। जबकि कार्यकारिणी सदस्य के रूप में संतु मांझी, सोनाराम मांझी, तालो मांझी, शिवनंदन महतो, पानो देवी, सुकमुनि देवी, बुधनी देवी, मंगरा मांझी, बाहाराम मांझी, मनु मांझी, चेतलाल महतो, नंदलाल महतो आदि शामिल थे। बाद में सभी सदस्यों को पर्यवेक्षक द्वारा फूल माला पहना कर सम्मानित किया गया।

### तोपा में महाशिवरात्रि को लेकर बैठक



कुजू। सीसीएल तोपा परियोजना के शिव मंदिर प्रांगण में महाशिवरात्रि पर्व को भव्यता के साथ मनाने को लेकर शुक्रवार को श्रद्धालुओं की बैठक हुई। इस दौरान महाशिवरात्रि पर्व को भव्य रूप देने को लेकर आपसी विचार-विमर्श किया गया। साथ ही मंदिर के रंग-रोगन व पूरे परिसर की साफ-सफाई का निर्णय लिया गया। महाशिवरात्रि पूजा के सफल संचालन के लिए एक कमिटी के गठन किया गया।जिसमें अध्यक्ष बीरेंद्र सिन्हा, उपाध्यक्ष प्रभुदयाल सिंह, सचिव हरिशंकर ओझा, सहसचिव महादेव मांझी, कोषाध्यक्ष दिनेश साव, सह कोषाध्यक्ष अरुण करमाली, कार्यकारिणी सदस्य अविनाश सिंह, शुभम कुमार सिंह, सोनू गंझू, देव करमाली, प्रेम कुमार, अजय करमाली शामिल हैं।

### शांति समिति की बैठक आज

**रामगढ़।** रामगढ़ थाना परिसर में सरस्वती पूजा पर विधि व्यवस्था को लेकर शांति समिति की बैठक शनिवार को 4 बजे होगी। यह जानकारी थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने दी है। उन्होंने बैठक में गणमान्य लोगों से शामिल होने की अपील की है।

# हजारीबाग में प्रौढ़ महिलाओं को भी नहीं बख्श रहे मनचले

## शराबी और नशेड़ी कर रहे हैं खुलेआम छेड़खानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** राज्य व जिले में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर आए दिन चर्चाएं होती हैं, लेकिन जमीनी हकीकत अब भी चिंताजनक बनी हुई है। जहां युवा और किशोरियां ईव टीजिंग का शिकार होती आई हैं, वहीं अब प्रौढ़ महिलाएं भी सुरक्षित नहीं रह गई हैं। हाल ही में जिले में ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं, जहां 40 से 50 वर्ष की महिलाएं भी मनचलों और नशेड़ियों की अभद्र हरकतों का शिकार बनी हैं।

**खुलेआम छेड़खानी, प्रशासन बेखबर :** कुछ वर्ष पहले तक ईव टीजिंग की घटनाएं आमतौर पर स्कूल-कॉलेज जाने वाली युवतियों तक सीमित मानी जाती थीं, लेकिन अब यह दायरा बढ़ता जा रहा है। बाजारों, पार्कों और यहां तक कि धार्मिक स्थलों पर भी प्रौढ़ महिलाओं को मनचलों द्वारा परेशान किए जाने की शिकायतें बढ़ रही हैं। नशे में धुत्त युवक राह चलती महिलाओं पर फब्तियां कसते हैं, गंदी हरकतें करते हैं और विरोध करने पर धमकाने से भी नहीं चूकते।

सदर विधान सभा क्षेत्र में भी यह समस्या बढ़ रही है। हाल ही में एक मामला सामने आया, जहां बाजार से घर लौट रही 45 वर्षीय महिला के साथ कुछ युवकों ने छेड़छाड़ की और विरोध



करने पर उन्हें भद्दी गालियां दीं। इसी तरह, मटवारी गांधी मैदान के ए के इंटरनेशनल के समीप सब्जी लेने जा रही एक 50 वर्षीय महिला के साथ भी कुछ शराबी युवकों ने दुर्व्यवहार किया, जिससे महिला डर से अपने घर लौट गयी।

यही हाल सुनसान कृष्णापुरी लोचनपथ तालाब के पास का भी है। जगह सुनसान होने से मनचले वहा नशा का सेवन भी करते है और फिर छिनतई छेड़खानी आदि भी करते है। जबरा रोड, सिंघानी फोर लेन, मटवारी गाँधी मैदान, झील रोड, झिंझरिया पूल रोड आदि जगहों में महिलाओ का अकेला घूमना तो दूर ग्रुप में घूमना भी दूभर हो गया है। इन जगहों पर ऐसी घटनाएं शाम के 6:30 से 7:30 के बीच ज्यादा घटती है।

**क्या कहता है कानून :** ईव टीजिंग को लेकर भारतीय कानून में सख्त प्रावधान हैं। भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) की धारा 354अ, 509 और 294 के तहत छेड़खानी करने वालों को दंडित करने का प्रावधान है। फिर भी, ज्यादातर मामलों में महिलाएं लोकलाज या पुलिस कार्रवाई की जटिलताओं के कारण शिकायत दर्ज नहीं करातीं। यही कारण है कि अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। नाम नहीं छापने के शर्त पर महिलाओ ने कहा कि इन सभी जगहों पर 6:30 से 7:30 के बीच पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और ये हर दिन हो क्योकि एक दो दिन गश्त करने से समस्या का हल नहीं होने वाला। सूत्र बताते है की इन सुनसान जगहों पर ड्रग पेड्डुलर ब्राउन शुगर बेचने का भी कार्य करते है। ईव टीजिंग किसी भी उम्र की महिला के लिए मानसिक और सामाजिक उत्पीड़न का कारण बनती है। अगर समय रहते इस पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले समय में यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है। कानून का सख्ती से पालन और सामाजिक जागरूकता ही इस समस्या का स्थायी समाधान हो सकता है। महिलाओं की सुरक्षा केवल उनका व्यक्तिगत अधिकार ही नहीं, बल्कि एक सभ्य और सुरक्षित समाज की पहचान भी है। यदि महिलाएं-चाहे किसी भी उम्र की हों-सार्वजनिक स्थानों पर खुद को असुरक्षित महसूस करें, तो यह पूरे समाज के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। ईव टीजिंग और छेड़खानी जैसी घटनाएं न केवल महिलाओं के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाती हैं, बल्कि समाज में भय और असुरक्षा का माहौल भी पैदा करती हैं।

### दादी की उम्र की महिलाएं नहीं हैं सुरक्षित : किशोरी राणा



नव झारखंड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष और समाजसेवी किशोरी राणा ने इस मामले पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं की जानकारी उन्हें भी मिल रही है, जो अत्यंत निंदनीय हैं। यदि एक माँ, बहन, या दादी की उम्र की महिलाएं भी सुरक्षित नहीं हैं, तो यह समाज के पतन का संकेत है। दुर्भाग्यवश, ऐसे मामलों में अधिकांश लोग शिकायत दर्ज नहीं कराते क्योंकि वे पुलिस प्रशासन से बचना चाहते हैं। यह प्रशासन की जिम्मेदारी है कि लोगों को सुरक्षा का एहसास हो। प्रशासन से अनुरोध है कि चयनित स्थानों पर गश्त बढ़ाई जाए और असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाए।

# पंचायत सचिव छह हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार

## ईचाक में रामेन्द्र सिन्हा को एसीबी ने दबोचा

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**हजारीबाग।** हजारीबाग के ईचाक प्रखंड में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए पंचायत सचिव रामेन्द्र कुमार सिन्हा को 6,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पंचायत सचिव ने मनरेगा योजना के तहत एक लाभुक से बकाया भुगतान जारी करने के एवज में घूस की मांग की थी। आवेदक ओम प्रकाश मेहता, ग्राम अलौन्जा कला, ईचाक, ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हजारीबाग में शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्हें मनरेगा योजना के तहत अपने जमीन पर टीसीबी (ट्रेंच कट बंड) निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली थी। इस योजना का कार्य लगभग पूरा हो चुका था, जिसमें 25,500 रुपये का भुगतान हो चुका था, लेकिन शेष 17,000 रुपये की राशि अब भी लंबित थी। जब आवेदक ने पंचायत सचिव रामेन्द्र कुमार सिन्हा से मास्टर रोल आगे बढ़ाने का अनुरोध किया, तो सचिव ने शेष राशि जारी करने के लिए 6,000 रुपये रिश्वत की मांग की। शिकायत के बाद एसीबी की टीम ने इस मामले का सत्यापन कराया, जिसमें सचिव द्वारा रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। इसके आधार पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हजारीबाग में मामला दर्ज किया गया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। यह कार्रवाई प्रशासन में पारदर्शिता और भ्रष्टाचार मुक्त शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### बिहार बार्डर सील, वाहनों की लगी लंबी कतार

**हजारीबाग।** प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण बिहार-झारखंड सीमा पर गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है। बिहार सरकार ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए हजारीबाग के चौपारण में अपनी सीमा को सील कर दिया है, जिससे झारखंड से बिहार की ओर जाना मुश्किल हो गया है।कोलकाता-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-2) पर पिछले चार दिनों से जाम की स्थिति बनी हुई है। हजारीबाग जिले के पास बिहार सीमा क्षेत्र में वाहनों का परिचालन पूरी तरह से ठप हो गया है। विशेष रूप से छोटी कारों और निजी वाहनों की संख्या अधिक होने के कारण स्थिति और भी गंभीर हो गई है। चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने बताया कि केवल बिहार से झारखंड आने वाले यात्रियों के लिए एक तरफ का मार्ग खुला रखा गया है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि जब तक स्थिति सामान्य नहीं हो जाती, तब तक जीटी रोड पर सफर करने से बचें। कई यात्री जहां हैं, वहीं फंसे हुए हैं और उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## फंडामेंटल साइंस स्कूल में कराटे केंद्र खुला

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मार्शल आर्ट सितोरियो कराटे डो फेडरेशन ऑफ झारखंड भुरकुंडा शाखा के तत्वाधान में शुक्रवार को फंडामेंटल साइंस स्कूल लादी में एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

कराटे प्रशिक्षक संसाई कंचन दास ने बताया कि लड़कियों को आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट का ट्रेनिंग देने के उद्देश्य से इस स्कूल में केंद्र खोला गया है। कराटे प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि भदानीनगर ओपी प्रभारी ब्रहमव्रत कुमार ने फीता काटकर किया। मौके पर संसाई कंचन दास ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ लड़कियों को आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट का ट्रेनिंग जरूर लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस केंद्र में महिला कराटे प्रशिक्षका सृष्टि कुजूर और आस्था सिंह ब्लैक बेल्ट द्वितीय डान द्वारा द्वारा सप्ताह में दो दिन लड़कियों को कराटे का गुरु सिखाया जाएगा। मौके पर भदानीनगर ओपी प्रभारी ब्रहमव्रत कुमार ने कहा कि कराटे आत्मरक्षा का बेहतर साधन है। कराटे से शारीरिक और मानसिक विकास तो होता ही है, यह अनुशासन की भी सीख देता है। शिविर में दर्जनों छात्राओं को मार्शल आर्ट के लाभों से अवगत कराते हुए कराटे के विभिन्न गुर सिखाये गये। शिविर को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य अमरनाथ कुशवाहा, सरिता देवी, रूपम कुमारी, सानिया, फिरदौस, बबीता देवी, सुनैना, निकिता, मनीषा, तनुजा परवीन, श्वेता, संजना सहित विद्यालय परिवार का विशेष योगदान रहा।



**भुरकुंडा में कराटे प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन करते अतिथि ओपी प्रभारी ब्रहमव्रत कुमार।**

# रामगढ़ : रोजगार मेला में 25 कंपनियों ने लिया हिस्सा

## 1000 युवाओं ने कराया पंजीकरण

**रामगढ़।** रामगढ़ कॉलेज प्रांगण में शुक्रवार को जेएसएलपीएस के जरिये रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में 25 कंपनियों ने हिस्सा लिया। 1000 युवाओं ने रोजगार के लिए अपना पंजीकरण कराया। इसमें से 800 युवाओं ने रोजगार के प्रति दिलचस्पी दिखाई। पलाश ( झारखंड स्टेट लाईवलीहूड प्रमोशन सोसाइटी) के जरिये 15 नवंबर 2024 से 15 नवंबर 2025 तक मनाए जा रहे चौथे जनजातीय गौरव दिवस के तहत और ग्रामीण विकास विभाग के जरिये जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला 2025 का आयोजन किया गया। पूरे देश से 25 नियोक्ताओं ने अपना स्टॉल लगाया। कार्यक्रम में विधायक ममता देवी, जिला नियोजन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला अग्रणी प्रबंधक, रामगढ़ कॉलेज के प्रिंसिपल, आरएसईटीआई डायरेक्टर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला प्रबंधक उपस्थित हुए। साथ ही राज्य कार्यालय से स्किल डोमेन से साइ दत्ता और अमित कुमार उपस्थित हुए। जिला कार्यक्रम प्रबंधक रीता सिंह के द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत अभिनंदन किया गया। उनके द्वारा जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला के उद्देश्य के बारे में बताया गया। ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए युवक और युवतियों को जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। विधायक के जरिये ग्रामीण क्षेत्रों से आये हुए युवक, युवतियों का हौसला बढ़ाया गया। उनके जरिये रोजगार के लिए कोई भी समस्या का निराकरण के लिए सहमति जताई गई। साथ ही उन्होंने सभी से रोजगार मेला का पूरा लाभ लेने की अपील की। आज के जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला 2025 कार्यक्रम में ग्रामीण युवाओं को रोजगार देने के लिए 25 नियोजकों ने हिस्सा लिया। इसके अंतर्गत युवाओं को अलग अलग कंपनियों में रोजगार दिलाया जायेगा। रोजगार प्रदान करने के लिए 25 विभिन्न कंपनियां ने भाग लिया। वही कुल पंजीकरण की संख्या 1000 रही। रोजगार प्राप्त करने हेतु इच्छुक उम्मीदवारों की संख्या 800 रही। ममता देवी और जिला नियोजन पदाधिकारी ने 10 उम्मीदवारों को जॉब ऑफर लेटर दिया गया। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के जिला कार्यालय की तरफ से जिला कार्यक्रम प्रबंधक रीता सिंह, जिला प्रबंधक जॉब्स एंड स्किल मेरी कुल्लू समेत सभी जिला प्रबंधक, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सहित जिला एवं पूरे प्रखंड की टीम उपस्थित थी। कार्यक्रम में लगभग 1200 युवक एवं युवती उपस्थित हुए।



## एक नजर में

### हाथियों के हमले में किसान की मौत



हजारीबाग। सदर प्रखंड के बहेरी पंचायत स्थित चानों गांव में गुरुवार देर रात हाथियों के झुंड ने एक किसान के खेत में घुसकर वहां तोड़फोड़ की और किसान छोटू महतो (57) को सूंड में लपेटकर पटक दिया, जिससे मौके पर ही मौत हो गई। छोटू महतो पत्नी के साथ खेत में बने घर में ठहरे हुए थे। रात करीब 12 बजे अचानक हाथियों का झुंड खेत में घुस आया और फसल रौंदने लगा। हाथियों ने उनका घर भी तोड़ दिया। डर के मारे छोटू महतो भागने लगे, लेकिन एक हाथी ने उन्हें सूंड से पकड़कर जमीन पर पटक दिया। उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि उनकी पत्नी ने दीवार के पीछे छिपकर किसी तरह अपनी जान बचाई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। बहेरी पंचायत के मुखिया पवन कुमार यादव ने बताया कि छोटू महतो सीजनल खेती करते थे और इसलिए खेत में ही रहते थे। घटना के बाद ग्रामीणों में भय और आक्रोश है।

### बड़कागांव में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास



**बड़कागांव।** क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विधायक रोशन लाल चौधरी ने डीएमएफटी फंड से 4.95 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले मॉडल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। रोशन लाल चौधरी ने कहा कि बड़कागांव के मरीजों को अब तक बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग या अन्य शहरों में रेफर किया जाता था। इस समस्या को देखते हुए मॉडल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को उन्नत चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने डॉक्टरों से अपील करते हुए कहा कि डॉक्टर भगवान का दूसरा रूप होते हैं, इसलिए वे मरीजों को समर्पित भाव से चिकित्सा सेवाएं दें। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी ने की, जबकि संचालन भाजपा नेता किशोर राणा ने किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य याशमीन निशा, चिकित्सा प्रभारी डॉ. अविनाश कुमार, मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार, कुशवाहा समाज अध्यक्ष सोहन लाल मेहता, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा,टुकेश्वर प्रसाद, आजसू जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### सेवानिवृत प्रधानाध्यापक को दी गयी विदाई



विष्णुगढ़। उत्क्रमित मध्य विद्यालय बकसपुरा के पूर्व प्रधानाध्यापक मो. निजामुद्दीन अंसारी के सेवानिवृत्त होने पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शिक्षकों, अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं ने उन्हें शॉल, पुष्प माला और कलम भेंट कर उनके योगदान को याद किया और सम्मानपूर्वक विदा किया। समारोह में बकसपुरा पंचायत के मुखिया नन्हकू महतो ने मो. निजामुद्दीन अंसारी को जीवन की दूसरी पारी के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके कुशल स्वास्थ्य की कामना की। मो. निजामुद्दीन अंसारी ने विद्यालय के विकास और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में शिक्षकों, अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग को याद किया। उन्होंने भावुक होते हुए कहा, मेरे सेवा काल के दौरान बच्चों और स्थानीय लोगों से जो स्नेह और प्यार मिला, उसे मैं कभी भूल नहीं पाऊंगा। विदाई समारोह में प्रखंड शिक्षा विभाग से कुणाल कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रकाश महतो, पूर्व प्रधानाध्यापक महंत पांडेय, वर्तमान प्रभारी जय कुमार पांडेय, शिक्षक विष्णु महतो, रोहित सिंह, रमेश सिंह, जागेश्वर महतो, बीएड प्रशिक्षु शिक्षकों समेत कई गणमान्य लोग एवं सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे।

### पर्यवेक्षिका मटिंडा टोप्पो को दी गयी विदाई



**बरकट्ठा।** समेकित बाल विकास परियोजना के तत्वावधान में प्रखंड कार्यालय सभागार में विदाई सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया, पर्यवेक्षिका मटिंडा टोप्पो को उनके सेवानिवृत्त होने पर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर सेविकाओं और कार्यालय कर्मियों ने प्रसस्ति पत्र, उपहार और शुभकामनाओं के साथ उनका सम्मान किया। समारोह की अध्यक्षता सीडीपीओ नीलू रानी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख रेणु देवी, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, सीओ सह बीडीओ श्रवण कुमार झा उपस्थित रहे। सीडीपीओ नीलू रानी ने टोप्पो के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा की उन्होंने सेविका से पर्यवेक्षिका तक का सफर अनुकरणीय तरीके से तय किया और अपने कार्यों को पूर्ण निष्ठा व समर्पण के साथ निभाया। विदाई समारोह में महिला पर्यवेक्षिका निभा कुमारी, कुमारी रंजीता, कुमारी संयुक्ता, अनुश्री, कंप्यूटर ऑपरेटर कुमारी गुड़िया, लेखपाल रमेश रंजन, सहित दर्जनों सेविकाएं मौजूद रहीं। _

### बारवाडीह कोल माइनिंग में सुरक्षा समिति बैठक



**बड़कागांव।** पकरी बारवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट ने 30 जनवरी 2025 को अपनी 100वीं माइन/पिट सुरक्षा समिति बैठक का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता परियोजना प्रमुख फैज तैय्यब ने की, जिसमें एनटीपीसी, थ्रिवेनी सैनीक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान 30 सितंबर 2016 से लेकर अब तक की गई प्रमुख सुरक्षा उपलब्धियों को प्रस्तुत किया गया। इस चर्चा में उन प्रयासों पर विशेष जोर दिया गया, जो खनन कार्यों में सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करने और निरंतर सुधार लाने के लिए किए गए हैं। फैज तैय्यब ने सुरक्षा मानकों को ऊंचा उठाने में टीएसएमपीएल के योगदान की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से सुनो थ्रिवेनी का उल्लेख किया, जो एक एआई-आधारित डिविएशन रिकॉर्डिंग एप्लिकेशन है। यह वास्तविक समय में सुरक्षा की निगरानी करने में सहायक है और संदिग्ध मामलों की पहचान कर कार्यस्थल को अधिक सुरक्षित बनाता है। बैठक में सुरक्षा जागरूकता को प्रोत्साहित करने के लिए ह्यसुरक्षा नेताह्ण, ह्यनियर मिस रिपोर्टर्सह्ण और ह्यसुरक्षा सितारेह्ण को सम्मानित किया गया। इन पुरस्कारों के माध्यम से उन कर्मचारियों की सराहना की गई, जिन्होंने सुरक्षा मानकों को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता :** इस अवसर पर फैज तैय्यब ने कहा कि हमारी 100वीं सुरक्षा समिति बैठक इस बात का प्रमाण है कि हम अपने कार्यबल की सुरक्षा और भलाई के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं। यह बैठक केवल एक संख्या नहीं, बल्कि हमारी सुरक्षा पहलों की सफलता और निरंतर सुधार के प्रयासों का प्रतीक है। हम भविष्य में भी कार्यस्थल को और सुरक्षित बनाने के लिए नए उपाय अपनाते रहेंगे। पकरी बारवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट अपने कार्यबल की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए नए सुरक्षा उपायों को लागू करने और सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। यह प्रतिबद्धता परियोजना की सफलता और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक सशक्त कदम है।

## बरवाडीह में सोलर स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग

**बरवाडीह।** बरवाडीह पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार ने जिले के उपायुक्त को आवेदन सौंप कर बबार्दी प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न स्थानों पर सोलर स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग की है। दिए गए आवेदन में प्रवीण कुमार ने बताया है कि बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय में जिला मुख्यालय लातेहार तथा बेतला नेशनल पार्क रोड के तर्ज पर मुख्य स्थानों पर सोलर स्ट्रीट लाइट की अति आवश्यकता है। क्षेत्र के निवासियों को रात में आने जाने में बहुत असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जिले के उपायुक्त से आग्रह किया है कि इस जन समस्या के निदान हेतु आवश्यक कदम उठाते हुए सोलर स्ट्रीट लाइट लगवाने का कार्य करें। बता दें कि बरवाडीह व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज की पहल पर बरवाडीह आदर्श नगर से मुख्य बाजार होते हुए बस स्टेंड और विवेकानंद चौक तक विभिन्न स्थानों पर सोलर स्ट्रीट लाइट की स्वीकृति मिल चुकी हैं।

# उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्या दिए कई आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। बरवाहीह प्रखंड के चुंगरू पंचायत, ग्राम ओपाग के निवासियों ने जनमन आवास योजना में फर्जी तरीके से मनरेगा का पैसा निकासी किए जाने के संबंध में उपायुक्त महोदय को


समस्याओं से रूबरू होते डीसी

अवगत कराया गया। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।

इसी प्रकार अन्य लोगों ने भी अपनी समस्याएं रखीं तथा लोगों से प्राप्त आवेदन के आलोक में उपायुक्त ने समस्या निदान के लिए त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। आज के जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से भूमि विवाद, भूमि अतिक्रमण मुक्त कराने संबंधित, समितियों के मछली पालन करने को लेकर चल रहे विवाद, केसीसी लॉन के माफी के गड़बड़ी संबंधी जुड़े आवेदन आये। इस दौरान कुछ आवेदकों की समस्याओं का निष्पादन आन द स्पॉट किया गया और शेष आवेदकों के समस्याओं का यथाशीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए, समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें।

उपायुक्त के निदेर्शानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

## मचान में लगी आग पुआल जला

**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत कुसमाहा ग्राम निवासी रोहित यादव पिता स्व चंदरु यादव के मचान मे आग लगने से पुआल जलकर नस्ट हो गया। पीड़ित रोहित यादव ने बताया की शुक्रवार की सुबह लगभग 08 बजे मचान में आग लग गई. जिससे पुआल जलने लगा। पुआल जलते देख आसपास के लोगों ने जानकारी दिया। लेकिन तब तक आधा से अधिक भाग जल चूका था। आग कैसी लगी पता नही चल पाया। काफी प्रयास के बाद डीजल पम्प से पानी डालने के बाद मचान से सटे कई घरों कों जलने से बचाया गया। साथ ही बताया की हमलोग किसान हैं मवेशी को चारा खिलाने के लिए पुआल रखे थे। पुआल जलने से आर्थिक क्षति हुई है। पीड़ित ने अंचल अधिकारी से मदद की गुहार लगाई है। मौके पर कई ग्रामीण आग बुझाने मे शामिल थे।

**एक नजर में**

## अलाव तापने के दौरान झुलसकर महिला गंभीर रूप से हुई घायल

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के सलैया ग्राम में अलाव तापने के दौरान हुए हादसे में झुलसकर कर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार धनिया देवी 60 वर्ष पति योगा गंझु ग्राम सलैया थाना हेरहंज निवासी अपने घर में अलाव ताप रही थी। इसी दौरान अलाव की चिंगारी ने उसके कपड़ों में पकड़ लिया। जिससे महिला झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों द्वारा महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद महिला की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर ईलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया। चिकित्सको के अनुसार आग से महिला का शरीर 80% भाग गया है।

## हर हाल में बसों का ठहराव बस पड़ाव में कराने का दिया निर्देश

**चंदवा।** जिला परिषद को सालाना लाखों रुपए का राजस्व देने वाले चंदवा के इंदिरा गांधी चौक स्थित जिला परिषद बस पड़ाव में हीं बसों का ठहराव सुनिश्चित करने को लेकर शुक्रवार को अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, बीडीओ चंदन प्रसाद व इंस्पेक्टर रणधीर कुमार ने बस पड़ाव संचालन कर रहे लोगों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान अधिकारियों ने संचालन कर रहे लोगों को साफ शब्दों में शनिवार से हर हाल में बसों का ठहराव बस पड़ाव के अंदर ही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया साथ ही कहा कि अगर कोई बस संचालक इसका उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा बताया गया कि बिगत 6 माह के दौरान कई बार स्थानीय लोगों द्वारा बसों के एनएच पर खड़ा होने से होने वाली परेशानियों को लिखित व मौखिक रूप से रखा गया है। जिस पर जिला प्रशासन काफी गंभीर है, अगर बस पड़ाव के अंदर कोई कमी या समस्या है तो संबंधित विभाग को अवगत कराया जाए समाधान निकाला जाएगा।

## आधार केंद्र बंद रहने से ग्रामीणों ने काटा बवाल

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड कार्यालय में एकमात्र आधार केंद्र शुक्रवार को बंद होने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। साप्ताहिक बाजार का दिन होने के कारण आधार बनवाने व सुधार करवाने को लेकर ग्रामीणों की काफी भीड़ प्रखण्ड कार्यालय में इक्कठा हो गई थी। लेकिन आधा केंद्र बंद होने के कारण ग्रामीणों में नाराजगी देखी गई। ग्रामीणों की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए जेएमएम वरिष्ठ नेता शशि भूषण तिवारी ने आधार केंद्र बंद होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए मामले को लेकर जिला के उपायुक्त से शिकायत करने की बात कही। उन्होंने कहा कि आज शुक्रवार को काफी संख्या में लोग प्रखण्ड कार्यालय अपनी समस्याओं को लेकर आते है।

## अपर समाहर्ता रामा रविदास ने अंचल का किया औचक निरीक्षण

**लातेहार।** अपर समाहर्ता रामा रविदास ने शुक्रवार को सदर अंचल कार्यालय लातेहार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता ने म्यूटेशन स्वीकृति एवं भू-मापी स्वीकृति से संबंधित मामलों की जांच की। इसके बाद अपर समाहर्ता ने अंचलाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी मामलों की जांच सरकार के बताए नियमानुसार समय सीमा के अंदर करते हुए लंबित मामलों को जल्द से जल्द निष्पादन करें। मौके पर मुख्य रूप से अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो, आईटी मैनेजर उमा शंकर और अंचल कार्यालय के संबधित कर्मी उपस्थित रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान मेला का आयोजन


मेला में उपस्थित लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को आयुष्मान मेला का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रकाश बड़ाइक, डॉ अमरनाथ प्रसाद, डॉक्टर ध्रुव कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजित स्वास्थ्य मेला में रक्तचाप, एनसीडी जांच, स्क्रीनिंग, मातृ स्वास्थ, शिशु स्वास्थ्य, टीबी, मलेरिया आयुष्मान कार्ड बनाने समेत सामान्य रोगियों की जांच की गई। जिसमें कुल 120 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। जिनके बीच मुफ्त दवा का भी वितरण किया गया। मौके पर जानकारी देते हुए चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर प्रकाश बड़ाइक ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजना आयुष्मान भारत के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ था। जिसमें लोगों का मुफ्त जांच एवं मुफ्त दवा का वितरण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि समय-समय पर इस तरह का आयोजन स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कराया जाता है। जिसका सीधा लाभ ग्रामीणों को मिलता रहा है। मौके पर बीपीएम मृत्युंजय कुमार कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर सेमत कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत किया बकरा बकरी का वितरण

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित पशु चिकित्सालय भवन में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 योजना अंतर्गत 90%एवं 75% अनुदान के तहत टोंटी पंचायत के ग्राम इटके के कुल आठ लाभुकों के बीच चार बकरी व एक बकरा का वितरण किया गया। साथ ही रोग से बचाव के लिए दवा भी प्रत्येक लाभुक को वितरण किया गया। इस मौके पर टोंटी पंचायत समिति सदस्य मो.होजाइफा मौजूद रहे.उन्होंने कहा कि झारखण्ड सरकार के महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत ग्रामीणों के आय में वृद्धि व महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है।

# रैयतों के जमीन संबंधी समस्याओं के निराकरण को लेकर हुई ग्राम सभा

### ग्रामीणों ने कहा पहले जमीन संबंधी त्रुटियों में किया जाए सुधार उसके बाद करेंगे बात


ग्राम सभा में उपस्थित लोग

## अंचलाधिकारी ने हर सम्भव मदद का दिया भरोसा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** बनहरदी कोल परियोजना क्षेत्र में प्रभावित हो रहे रैयतों की भूमि संबंधी समस्याओं के निष्पादन को लेकर शुक्रवार को बनहरदी पंचायत अंतर्गत निमिया टोली में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा मे अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक, सीआई महेश सिंह, राजस्व कर्मचारी व कंपनी के अधिकारी समेत बनहरदी गांव के सैकड़ो ग्रामीण व रैयत मौजूद थे। सभा के दौरान अंचलाधिकारी ने ग्रामीणों से बारी-बारी से जमीन संबंधित मुद्दों एवं समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान ग्रामीणों ने साफ शब्दों में कहा कि जब तक हम सभी के जमीन संबंधी त्रुटियों में सुधार नहीं हो जाता है, तब तक आगे की कोई बात नही होगी। ज्यादातर रैयतों का जमीन इधर का उधर हो गया है, रकबा गड़बड़ी, रैयती जमीन भी जीएम लैंड दिखा रहा है। सामूहिक व निजी वन पट्टा का मामला भी लंबित है। अधिकारी कल्याण विभाग तो डीएफओ कार्यालय में मामला लटके होने की बात कह टलावा दे रहे हैं। पहले प्रशासन इन मुद्दों पर बात व सुधार करें तब कोई बात होगी। ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक ने कहा कि आप सभी के समस्याओं के निराकरण निकले इसके प्रशासन प्रतिबद्ध हैं। ग्रामीणों को भरोसा देते हुए कहा कि जिनका भी जमीन के दस्तावेजों में गड़बड़ी हुई हो, गैर मजरुआ हो गयी हो या फिर रकबा में त्रुटि हो वे नया पुराना खाता, प्लॉट व नया पुराना नक्शा जमा करें जिन जिन की समस्याओं का निराकरण अंचल स्तर पर हो सकता है उनका निराकरण अंचल स्तर पर कर दिया जाएगा, बाकी जिन समस्याओं का निराकरण वरीय अधिकारी या फिर न्यायालय के माध्यम से होगा, इसके लिए भी पहल किया जाएगा। बैठक के दौरान पूर्व में हुए ग्राम सभा के दौरान हंगामा करने का आरोप लगाकर कुछ लोगों पर धारा 126 के तहत किए गए मुकदमा को लेकर भी ग्रामीणों ने कड़ी नाराजगी व्यक्ति की व कहा कि अगर बेवजह उन्हें मुकदमा में फसाने का प्रयास किया गया तो वे आंदोलन को बाध्य होंगे। इस दौरान पांच बिंदुओं का प्रस्ताव भी ग्रामीणों के द्वारा सौंपा गया। मौके पर मुखिया रमेश उरांव, पीवीयूएनएल के अधिकारी व सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## समाज के प्रबुद्ध जन भी निभाएं अपनी भूमिका: जयशंकर पाठक


बैठक करते अधिकारी व जनप्रतिनिधि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** आगामी सरस्वती पूजा त्योहार को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को चंदवा थाना पर परिसर में प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक व संचालन बीडीओ चंदन कुमार ने की। बैठक के दौरान बीडीओ चंदन प्रसाद, सीओ जयशंकर पाठक व इंस्पेक्टर रणधीर कुमार ने जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए दिशा निदेर्शों की जानकारी साझा की। सरस्वती पूजा के दौरान डीजे साउंड पर पूर्णत प्रतिबंध होने, शराब व नशा पान से बचने, बाइकर्स के रफ्तार पर नियंत्रण को लेकर समुचित कदम उठाने की बात प्रशासन की ओर से कही गयी। इस दौरान प्रशासन के द्वारा प्रखंड के शहरी व ग्रामीण इलाकों में सरस्वती पूजा के दौरान होने वाले कार्यक्रमों एवं प्रतिमा विसर्जन की तिथि संबंधित जानकारी ली गयी व 4 फरवारी को संध्या 6:00 बजे से पूर्व प्रतिमा विसर्जन सुनिश्चित कराने में समाज के प्रबुद्धजनों से सहयोग की भी अपील की। प्रशासन ने कहा कि जिन-जिन स्थानों पर प्रतिमा विसर्जन होता है वहां पर विसर्जन के दौरान सुरक्षा का विशेष ख्याल रखना है। बैठक में निर्मल भारती ने बसंत पंचमी के दिन शिव-शनि-हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम व भंडारा के दौरान सुभाष चौक पर भींड नियंत्रण व ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग की गई। वहीं आन, चेतर समेत अन्य गांव के ग्रामीणों ने सरस्वती पूजा प्रतिमा विसर्जन के दिन 4 फरवरी को सुकुलकट्ठा में लगने वाले मेले व 13 गाँवो के सामूहिक प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराने की मांग की। बैठक में पंसस नीलम देवी, रामयश पाठक, हाजी फिरोज अहमद, महेंद्र साहू, निर्मल भारती, असगर खान, बाबर खान, मुखिया रंजीता एक्का, फुलजेन्सिया टोप्पो, संदीप टोप्पो समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## सेवानिवृत्त शिक्षक-शिक्षिका के विदाई को लेकर किया गया कार्यक्रम आयोजित


कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत सिंजो स्थित राजकीय मध्य विद्यालय के प्रांगण में सिंजो विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका विमला देवी, प्राथमिक विद्यालय हरिजन टोला में कार्यरत शिक्षिका शांति देवी एवं बिचलीदाग विद्यालय में कार्यरत शिक्षक नेपाल सिंह को सेवानिवृत्त होने पर दिन शुक्रवार को सभी के लिए सामूहिक रूप से विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अमरेंद्र पाठक,कई विद्यालय के प्रधानाध्यापक, सहायक शिक्षक, ग्रामीण एवं विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं निम्न विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा भव्य सम्मान समारोह आयोजित की गई जहां पर सभी ने सेवानिवृत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को माला पहनाकर एवं उपहार स्वरूप भेंट कर सभी को सम्मानित किया।

मौके पर डीडीओ बैजनाथ राम, बीपीओ निकेत गुप्ता, प्रधानाध्यापिका संजीता सुरीन, अर्चना, जोसफिना लकड़ा, मयंक भारती, शिक्षक बैजनाथ प्रसाद, कृष्णा सिंह, राजेश कुमार, नीरज कुमार, अर्चना पांडे, सीआरपी सुबोध स्वर्णकार, अनुज सिंह, अजय सिंह, पंकज गुप्ता, विकास कुमार, सिकंदर कुमार, सीताराम यादव, शिक्षिका रीना पुष्पा धान, बसंती मिंज समेत कई लोग उपस्थित थे।

### सेवानिवृत शिक्षक सुरेश प्रसाद के सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

# सुरेश सर की प्रेरणा हमें आगे बढ़ने का हौसला देते रहेंगे: ननदेव राम



थाना प्रभारी को सम्मानित करते प्रधानाध्यापक ननदेव राम व दीप प्रज्वलन करते अतिथि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड के छेचा पंचायत में स्थित पीएम श्री अवार्ड से सुभोषित उत्क्रमित मध्य विद्यालय होरीलौंग के शिक्षक सुरेश प्रसाद की सेवानिवृति पर विद्यालय परिवार द्वारा विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जिप सदस्य संतोषी शेखर और थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार उपस्थित हुए। समारोह की शुरूआत विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलन से हुई। जिसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य ननदेव राम और अन्य शिक्षकों ने विदाई भाषण देते हुए सेवानिवृत शिक्षक की शिक्षण विधि, समर्पण और विद्यार्थियों के प्रति उनके प्रेम को सराहा। विद्यालय के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए, जिसमें गाने, नृत्य और शिक्षा से जुड़े नाटक शामिल थे, जो उस शिक्षक के प्रति उनके सम्मान और प्रेम को व्यक्त करते थे। अंत में, सेवानिवृत शिक्षक को स्मृतिचिह्न, आदर्श पुस्तकें और अंगवस्त्र देकर उन्हें विदाई दी गई। समारोह में उपस्थित सभी शिक्षकों ने मिलकर यह संकल्प किया कि वे शिक्षण के प्रति उस शिक्षक की प्रेरणा को आगे बढ़ाएंगे और उनकी दी हुई शिक्षा को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करेंगे। यह समारोह न केवल शिक्षक के समर्पण को सम्मानित करने का अवसर था, बल्कि विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच एकता और सहयोग की भावना को भी मजबूत करने का एक माध्यम था।

### यहां बिताए गए समय को कभी नहीं भूलूंगा : सुरेश प्रसाद

कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत शिक्षक सुरेश प्रसाद ने अपने विदाई भाषण में सभी का धन्यवाद किया और कहा कि यहां बिताए गए समय को कभी नहीं भूलूंगा। विद्यालय के सभी शिक्षकों और छात्रों ने मुझे हमेशा प्रेरित किया और मैं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की सभी रसोईया को अंगवस्त्र तथा शिक्षकों को सावित्रीबाई फुले के जीवन दर्शन से संबंधित पुस्तिका व कलम भेंटकर सम्मानित किया।

**कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक व गणमान्य :** कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षक अरविंद कुमार, मानदेव राम, लक्ष्मण मिस्त्री, कन्हाई प्रसाद यादव, अमरेंद्र सिंह के साथ- साथ शिक्षक अरुण कुमार महतो, पीटर खलको, अभिमन्यु सिंह, अजय दास, रवीन्द्रनाथ भगत, कन्हाई राम, सामुएल बारला, राकेश कुमार, राजेंद्र उरांव, मंगल पूर्ति, आरती कुमारी, सुनीता कुमारी, रंजित कु राजू, राजू रहमान समेत सैकड़ों की संख्या में स्कूली छात्र -छात्राएं व ग्रामीण मौजूद थे।

### गुरु की महिमा ईश्वर से कम नहीं है: राधेश्याम कुमार

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने कहा कि ऋषि मुनियों के समय से ही गुरुओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। गुरु की महिमा ईश्वर से कम नही है। गुरु हमें जीवन के महत्वपूर्ण संस्कार और मूल्य सिखाते हैं। वे हमें सिखाते हैं कि कैसे एक अच्छा इंसान बनें और समाज में सकारात्मक योगदान दें। वहीं जिप सदस्य ने कहा कि गुरु हमेशा हमें प्रेरित करते हैं, चाहे वह कठिनाइयों का सामना करने की बात हो या अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की। उनका समर्थन हमें आगे बढ़ने की ताकत देता है। कार्यक्रम को कन्हाई राम, अभिमन्यु सिंह, अरविंद कुमार आदि कई शिक्षकों ने संबोधित किया।

## सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार गुप्ता की सेवानिवृति पर विदाई समारोह का हुआ आयोजन


विदाई देते थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना में पदस्थापित सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार गुप्ता शुक्रवार को अपनी सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। संजय कु.गुप्ता के सेवानिवृत्त होने के बाद थाना परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में सर्किल इंस्पेक्टर पूरे परिवार के साथ शामिल हुए। समारोह के दौरान नव पदस्थापित सर्किल इंस्पेक्टर अशोक सिंह और थाना प्रभारी राधेश्याम सिंह के द्वारा संजय गुप्ता को अंग वस्त्र भेट करने के साथ उपहार भेट कर सम्मानित किया गया गया। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए संजय गुप्ता ने कहा कि सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होने के पूर्व जीवन काफी संघर्ष के साथ सुखद रहा। सेवा काल मे सभी अधिकारी और कर्मियों का भरपुर सहयोग मिला। जिसके बदौलत एकीकृत बिहार और झारखंड के कई जिले में सेवा करने का अवसर मिला। सेवानिवृत्त होने के बाद अब परिवार के साथ रहकर जीवन की नई पारी की शुरूआत करूंगा। वहीं थाना प्रभारी राधेश्याम जुमा ने कहा कि संजय सर ने अपने कार्यकाल के दौरान न केवल कानून और व्यवस्था को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि उन्होंने समाज में सुरक्षा और विश्वास का माहौल भी बनाया। उनकी मेहनत, समर्पण और निस्वार्थ सेवा ने हमें हमेशा प्रेरित किया है। उनकी नेतृत्व क्षमता और निर्णय लेने की क्षमता ने कई कठिनाइयों का सामना करने में हमारी मदद की। उन्होंने हमेशा अपने कर्तव्यों को प्राथमिकता दी और अपने सहकर्मियों के लिए एक आदर्श बने। उनके साथ बिताए गए समय में हमने न केवल एक अच्छे अधिकारी को देखा, बल्कि एक अच्छे मित्र और मार्गदर्शक को भी पाया।

## स्पीड न्यूज

### सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**भंडरा।** थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता थानाध्यक्ष अरबिंद कुमार सिंह ने की। बैठक में बीडीओ प्रतिमा कुमार व प्रखंड के जनप्रतिनिधि व पूजा समिति के लोग शमील हुए। बीडीओ व थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों से सरस्वती पूजा शांति पूर्वक मनाने कि अपील की। बताया गया कि सरस्वती पूजा के लिए सभी पूजा समितियों से पूजा संबंधी जानकारी ली.थानाध्यक्ष ने स्पष्ट कर दिया कि पूजा व विसर्जन जुलूस में कोई धारदार हथियार नहीं रखेंगे। इन नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कहा कि पूजा में शांति भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने भी उपस्थित लोगों से पूजा में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। सभी जनप्रतिनिधियों को सुरक्षा का दायित्व देते हुए पूजा तथा विसर्जन जुलूस पर नजर रखने को कहा गया। कहीं भी किसी तरह की गड़बड़ी की सूचना तत्काल थाना को देने को कहा गया। इस मौके पर एसआइ पप्पू गुप्ता,किस्सा साहू, जुलफान अंसारी, निरंजन उरांव,गुलाम अंसारी के साथ दर्जनों प्रतिनिधि मौजूद थे।

### शांति समिति की बैठक

**कैरो।** थाना प्रांगण में शुक्रवार को माँ शारदे पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी कुलदीप टोप्पो, अंचल अधिकारी कुमारी शिला उरांव व प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक किया गया। जिसमें उपस्थित सरस्वती पूजा समिति के सदस्य व गण्यमान लोगों द्वारा पूजा व पंडाल व विषर्जन तक के लिए अपनी विधि व्यवस्था को लेकर जानकारी दिया गया। इसके बाद थाना प्रभारी कुलदीप टोप्पो ने कहा कि बसंत पंचमी के दिन से ही अनेक त्योहार प्रारम्भ होती है और ऐसे समय मे हम सबको मिलकर शांति पूर्वक तरीके से सम्पन्न करवाने की जरूरत है, समिति यह तैयारी करे कोई भी अभद्र गाना या और कोई ऐसा काम न करे जिससे कि किसी दूसरे धर्म के आस्था को चोट पहुँचे साथ ही समय पर विषर्जन कर सही सलामत वापिस लौटे। मौके पर बीडीओ व सीओ ने भी अपनी अपनी विचार रखते हुए कहा कि त्योहार किसी एक का नहीं होता बल्कि आपसी सामंजस्य स्थापित कर खुशी मनाने का नाम है त्योहार। ऐसे में अगर कोई कमी बेसी हो भी जाता है तो सबको मिलकर उसे सुलझाने की जरूरत है। बैठक में थाना प्रभारी कुलदीप टोप्पो, बीडीओ, सीओ, एसआई मनोज गुप्ता, नाजिर आलम खान, बजरंग उरांव, प्रवीण साहू, मो साजाद, विसेस्वर प्रसाद दिन, हारून राशिद, जमील अख्तर, अख्तर अंसारी, बलराम साहू, अंकित साहू सहित सभी जगहों से गण्यमान लोग मौजूद थे।

### स्कूली छात्र ने लगाई फांसी पुलिस जुटी जांच में

**कैरो।** थाना क्षेत्र के सढ़ाबे निवासी चोटमा उरांव के 15 वर्षीय पुत्र नीरज उरांव ने किया फांसी लगाकर आत्म हत्या। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर जब मृतक की माँ खेत से वापिस आकर घर का दरवाजा खोली तो देखा कि उसका 15 वर्षीय पुत्र नीरज उरांव फांसी लग चुका है। जिसके बाद कैरो थाना पुलिस को मामले की जानकारी दिया गया। नीरज उरांव सढ़ाबे स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में 8वीं कक्षा में पढ़ाई करता था और 26 जनवरी के कार्यक्रम में हिस्सा भी लिया था। किंतु शुक्रवार को नीरज उरांव हाथों में चूड़ी, कान में बाली और साड़ी सहित महिलाओं का पोशाक पहनकर फांसी में झूल गया। इधर इस तरह को पोशाक पहनकर एक लड़के की मृत्यु पर तरह तरह की चर्चा हो रही है। कैरो थाना पुलिस मौके पर पहुँचकर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर नीरज की माँ का रो रो कर बुरा हाल है, बार बार बेहोश हो जा रही है। वहीं खबर के फैलते ही ग्रामीणों की भीड़ जमा होने लगी।

### सैनिकों की ड्यूटी जिम्मेदारी नहीं बल्कि एक तपस्या : मधुमिता शर्मा

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में शुक्रवार को एनसीसी के महत्व पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। भारतीय सेना में कार्यरत एनसीसी के कार्यकर्ता हवलदार संजीव सिंह,हवलदार इमकोग सुपेन गुमला से उपस्थित थे। प्रभारी प्रधानाचार्या मधुमिता शर्मा द्वारा अतिथियों का परिचय कराया गया। अमन आचार्य जी के द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र प्रदान किया गया। प्रभारी प्रधानाचार्या मधुमिता शर्मा ने कहा कि सैनिक निर्भीक होकर सीमा पर तैनात हैं, सैनिकों की ड्यूटी महज एक जिम्मेदारी नहीं एक तपस्या है ।जहां दुश्मनों के साथ कठिन मौसम में भी लड़ते हैं। 46 झारखंड बटालियन द्वारा एनसीसी प्रशिक्षण हेतु मान्यता प्राप्त हवलदार संजीव सिंह ने एनसीसी में भाग लिए गए भैया- बहनों को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि इस कार्य के लिए शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से मजबूत होना पड़ता है। एनसीसी कैडेट्स समाज में अनुशासन, कर्तव्य ,निष्ठा का भी मिसाल कायम करता है। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं में चरित्र साहस ,अनुशासन नेतृत्व ,धर्मनिरपेक्ष व निस्वार्थ सेवा के आदर्शों का विकास कर उपयोगी नागरिक बनाना होता है। हम सब भारतीय हैं। इस कार्यक्रम में वीणा तिवारी, अमन कुमार, सुप्रिया घोषाल उपस्थित थे। विद्यालय के 50 कैडेट्स और सभी आचार्य आचार्या मौजूद थे।

# उपायुक्त ने शिविर का किया निरीक्षण, ग्रामीणों से मुलाकात कर सुनी समस्या

## शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल्स, ऑन द स्पॉट योजनाओं का दिया गया लाभ

### पीएम जनमन योजना के तहत डुमरी के औरापाठ गांव में लगाया गया विशेष शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** जिले के आकांक्षी प्रखंड डुमरी के उदनी पंचायत स्थित औरापाठ ग्राम अंतर्गत पीएम जनमन योजना के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त सहित जिला स्तरीय एवं विभागीय सभी वरीय अधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त ने लगभग 3 घंटे का समय कैंप में बिताया।

इस दौरान उन्होंने कैंप में आए सभी नागरिकों से भी मुलाकात की एवं उनके सभी समस्याओं को भी सुना। उपायुक्त ने कैंप में आए नागरिकों को विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक किया जो किसी एक योजना का लाभ लेने के लिए कैंप पहुंचे थे।



शिविर में लगे स्टॉल का निरीक्षण करते उपायुक्त

उन्हें अन्य योजनाओं की भी जानकारी दी गई एवं उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया गया। उपायुक्त ने मुख्यतः आयुष्मान कार्ड निर्माण एवं वितरण पर जोर दिया।

उन्होंने शत प्रतिशत पीवीटीजी नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने एचएचजी की महिलाओं को भी स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया एवं उनके स्वरोजगार हेतु आवश्यकता अनुसार प्राथमिकता के आधार पर ऋृण उपलब्ध कराने की भी बात कही। शिविर में दर्जनों विभागों द्वारा अपने अपने योजनाओं के सम्बन्ध में स्टॉल्स लगाये गये और ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ दिया गया। 30 परिवारों वाले औरापाठ ग्राम में पीवीटीजी समुदाय के नागरिक रहते हैं। अत्यंत सुदूरवर्ती क्षेत्र होने के कारण ग्रामीणों का जीवन कृषि पर आश्रित है।

आज जिले के विभिन विभागों द्वारा लगाए गए शिविर के माध्यम से छुटे हुए ग्रामीणों को सरकार के सभी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया गया। हालांकि पिछले वर्ष भी उक्त ग्राम में विशेष शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें सैकड़ों की संख्या में नागरिकों को योजनाओं से आच्छादित किया गया था। इस शिविर में केवल कुछ ही नागरिकों को शिविर में आने की आवश्यकता पड़ी, जो किसी योजना से छूट गए थे या पलायन कर गए थे। उपायुक्त के निर्देश पर औरापाठ के सभी नागरिकों को शत प्रतिशत योजनाओं से आच्छादित करने के उद्देश्य से जिले के सभी कल्याणकारी विभागों द्वारा स्टॉल्स लगाए गए। इस दौरान सामाजिक सुरक्षा विभाग अंतर्गत विभिन्न पेंशन योजना से छुटे हुए नागरिकों को योजनाओं का लाभ दिया गया। वहीं समाज कल्याण विभाग द्वारा लगाए स्टॉल में महिलाओं एवं बच्चों के विकास सम्बंधित योजनाओं का लाभ छुटे हुए नागरिकों को दिया गया। मौके पर कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, कल्याण विभाग, यूआईडी, जेएसएलपीएस, स्वास्थ्य विभाग, आपूर्ति विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जॉब कार्डसहित कई दर्जनों स्टॉल्स लगाए गए एवं शिविर में आए नागरिकों को ऑन द स्पॉट योजनाओं का लाभ मिला।

### पीवीटीजी हेल्पलाइन के माध्यम से अंधराडीह व जालिम गांव में पेयजल समस्या का हुआ समाधान

गुमला जिले के विशेष रूप से संवेदनशील समूहों समुदाय के समस्याओं के त्वरित निष्पादन हेतु उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल से पीवीटीजी हेल्पलाइन नंबर (9431319825) जारी किया गया था। उक्त हेल्पलाइन नंबर से प्राप्त शिकायतों का लगातार प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निष्पादन करने का कार्य किया जा रहा। इसी क्रम में आज बिशुनपुर प्रखंड के सेरका पंचायत स्थित जालिम ग्राम एवं घाघरा प्रखंड के चपका अंधराडीह ग्राम अंतर्गत पेय जल की समस्या का निवारण त्वरित रूप से किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि उन्होंने पीवीटीजी हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत किया था एवं बहुत ही जल्दी शिकायत का निवारण कर दिया गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# परिवार का मुखिया नशा करता है, तो परिवार बिखर जाता है: डालसा सचिव

## पालकोट प्रखंड में विधान से समाधान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** पालकोट प्रखंड सभागार में डालसा एवं जिला प्रशासन के द्वारा संयुक्त रूप से विधान से समाधान कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय उरांव के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया तथा प्रखंड में चल रहे योजनाओं के विषय में बतलाया गया। मौके पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला श्री राम कुमार लाल गुप्ता ने कहा कि महिलाएं मातृशक्ति हैं ,जननी है, परिवार में महिला शिक्षित और सशक्त हो तो वह परिवार सशक्त रहता है। बच्चों का पहला शिक्षक मां होती है। आज महिलाओं को समान का दर्जा है। महिला एवं पुरुष सभी एक दूसरे से कंधे से कंधे मिलाकर चल रहे हैं । आज की बच्चियों पढ़ाई एवं खेलकूद में लड़कों से पीछे नहीं है । लेकिन हमारे समाज में कुछ कुरीतियां है जो हमारे समाज को कलंकित करता है और हमें विकास से पीछे धकेलता है । जिसमें मुख्य रूप से नशा है। जिस परिवार के मुखिया नशा का आदि होता है तो उस परिवार के बच्चे पत्नी पर उसका बहुत ही बुरा प्रभाव पड़ता है। बच्चे पढ़ाई नहीं कर पाते हैं परिवार बिखर जाता है ।





कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उदघाटन करते अतिथि

दूसरा हमारे क्षेत्र में डायन बिसाही मामला पूरे क्षेत्र को कलंकित करता है। आज हम इतने पढ़े लिखे शिक्षित होने के बावजूद भी यदि एक असहाय बुढ़िया महिला को डायन कहते हैं तो इससे ज्यादा दुर्भाग्य क्या हो सकता है? इसलिए हमें यह भरम को दूर करना होगा । डायन जैसी कोई चीज नहीं होती है। हमें किसी को भी डायन नहीं कहना या समझना चाहिए अन्यथा कानूनी रूप से यह दंडकारी होगा। हमारे सहिया एवं आंगनबाड़ी सेविका गांव-गांव में लोगों के बीच जुड़ी रहती है वे इन गतिविधियों को ध्यान में रखें कि कोई भी व्यक्ति किसी को डायन ना कहे या समझें। स्थाई लोक अदालत की नव चयनित सदस्य श्री शंभू सिंह ने कहा कि महिलाएं सशक्त एवं सजग रहेंगे तो बहुत से सामाजिक कुरीतियां दूर हो सकती है । हमारे क्षेत्र में मानव तस्करी और बाल विवाह जैसी कुप्रथा प्रचलित है। जिसे बच्चियों को बाहर ले जाकर दलालों के द्वारा बेच दिया जाता है और बच्चियों हमेशा के लिए एक दलदल में फंसकर रह जाती है। बच्चों को सरकार द्वारा निशुल्क शिक्षा मिल रही है। बच्चों को शिक्षा देने का कार्य करें ताकि परिवार समाज एवं देश का हित होगा। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ श्री बुंदेश्वर गोप ने घरेलू हिंसा पर लोगों को विस्तृत रूप से जानकारी दिया।

कार्यक्रम में लाभुकों के बीच परिसंपत्ति एवं कंबल का वितरण किया गयसा एवं गोद भराई एवं मुहजूठी कार्यक्रम भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री विजय उरांव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री राम कुमार लाल गुप्ता, स्थाई लोक अदालत के सदस्य श्री शंभू सिंह, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी श्री बुंदेश्वर गोप, प्रमुख पालकोट ,डीएलएसए के प्रकाश पांडे, प्रखंड के अन्य पदाधिकारी एवं स्थानीय महिला, पुरुष एवं लाभुक उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### गुमला बार एसोसिएशन का 1 फरवरी से होनेवाली हड़ताल को माले ने दिया समर्थन

**गुमला।** भाकपा (माले) रेड स्टार गुमला द्वारा जिला निबंधन कार्यालय रजिस्ट्री विभाग को पूर्व में संचालित कार्यालय में लाने की मांग को लेकर एक फरवरी 2025 से होनेवाली बार एसोसिएशन गुमला के हड़ताल को समर्थन दिया है। सचमुच में रजिस्ट्री विभाग के चंदाली चले जाने से खासकर शादी विवाह एवं रजिस्ट्री विभाग संबंधी कार्य करने में अधिवक्ताओं एवं जरूरतमंदों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पार्टी इस मामले को लेकर गुमला बार एसोसिएशन के साथ है। वहीं रजिस्ट्री विभाग में इन दिनों घूसखोरी का ग्राफ बड़ी ही तेजी से बढ़ती जा रही है। घूसखोरी की शिकायत आम लोगों के द्वारा लगातार मिलती रही है लेकिन बीच में झारखंड विधानसभा चुनाव होने के कारण पार्टी द्वारा हस्तक्षेप नहीं की जा सकी है। पार्टी द्वारा 7 फरवरी 2025 को जिला मुख्यालय गुमला में आयोजित जनसंदेश कार्यक्रम के बाद रजिस्ट्री विभाग में चल रहे भ्रष्टाचार के मामले से गुमला उपायुक्त को अवगत कराया जाएगा तथा घूसखोरी रोकने के लिए बड़ी मुहिम भी छेड़ी जाएगी।

### सहारा के अलावे अन्य ननबैंकिंग में जमा पैसे लोगों को दिलाने का भी प्रयास करे राज्य सरकार: झानद

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने सहारा इंडिया में जमा पैसे भुगतान के लिए राज्य सरकार द्वारा की गई पहल का सराहना करते हुए कहा है कि एपीलाइन, बेसिल, विकास, पल्स, वेलफेयर, विश्वामित्र, बेड़ो बैंक, रोजवैली, पेट्रोन इत्यादि दर्जनों ननबैंकिंग कंपनी में जमा पैसे की शुद्ध समेत भुगतान के लिए भी राज्य सरकार से पहल करने की आग्रह की है। श्री सिंह ने यह भी कहा है कि राज्य के लाखों लोगों का अरबों रुपए सहारा इंडिया सहित अन्य ननबैंकिंग कंपनियों में फंसा हुआ है। जिनकी भुगतान करने की केंद्र के साथ-साथ राज्य सरकार की भी जिम्मेदारी है। चूँकि सरकार के अनुमति व सहमति से कंपनियां लोगों से पैसा जमा कर गायब हो गई है। कहीं ना कहीं सरकार की कमजोरी के कारण आज ननबैंकिंग कंपनियां लोगों के अरबों रुपए लेकर भुगतान नहीं कर रही है जो विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियों में जमा करने वाले लोगों के साथ अन्याय है। जिसे हम किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। श्री सिंह ने झारखंड सरकार द्वारा बजट सत्र के दौरान रांची में जमाकताओं को संगठित कर आक्रोश रैली आयोजित करने की जानकारी देते हुए कहा है कि जल्द भुगतान नहीं होने की स्थिति में आंदोलन की शुरूआत भी की जाएगी ।

### मारवाड़ी पंचायत की बैठक में मृतक सदस्यों को दी गयी श्रद्धंजलि

**गुमला।** मारवाड़ी पंचायत की एक बैठक उपाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में पोद्दार स्मृति भवन में हुई। जिसमें स्वर्गीय सत्यनारायण साबू एवं स्वर्गीय सरोज अग्रवाल को श्रद्धांजलि दी गई और उनकी आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन रखा गया। समाज के सदस्यों ने कहा कि उन दोनों के जाने से समाज को काफी हानि हुई है। इस अवसर पर राजकुमार अग्रवाल, राजकुमार गाड़ोदिया, नवल साबू, अमित कुमार अग्रवाल, विश्वनाथ मंत्री, सीताराम अग्रवाल, लालचंद फोगला, महेश कुमार अग्रवाल, पवन कुमार खंडेलवाल, मनोज कुमार मलानी, अशोक मलानी, किशोर गाड़ोदिया, संजय अग्रवाल, जगदीश मलानी, दिनेश अग्रवाल, ब्रिज किशोर गाड़ोदिया, राजेश शर्मा, मनीष कुमार शर्मा, दिनेश अग्रवाल, देवघर वाले अमित साबू, अमित महेश्वरी, मनीष महेश अग्रवाल, किशोर गाड़ोदिया, शंकर जाजोदिया,अजय कुमार मंत्री ,निर्मल कुमार गोयल, विजय गोयल, चिंटू अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### नेत्र ऑपरेशन का दो फरवरी को लांयस क्लब में होगा फॉलो, लगेगा नेत्र जांच शिविर

**गुमला।** लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा 2 फरवरी को 26 जनवरी 2025 को हुए सभी नेत्र ऑपरेशन का फॉलो किया जाएगा। इसके अलावा आंखों की जांच का कैंप आयोजित किया जाएगा। जिसमें सभी जरूरतमंद लोगों से अपनी आंखों की जांच कराने की अपील की गई है। यह जांच उन लोगों के लिए जो डायबिटीज शुगर के मरीज हैं। जिससे रेटिना में प्रॉब्लम है। वह भी जाकर जांच करा सकते हैं। यह जाँच बिल्कुल ही निशुल्क है, किसी तरह का कोई शुल्क नहीं है। जांच के लिए लोग अपना रजिस्ट्रेशन सचिव अशोक कुमार जायसवाल के प्रतिष्ठान में करा सकते हैं।

### प्रधानमंत्री ने डीएवी के दो छात्रों को उनकी पेटिंग के लिए भेजी चिट्ठी

**गुमला।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नवंबर माह में गुमला आगमन के समय उनकी पेंटिंग बनाने वाली बेटियों को व्यक्तिगत रूप से पत्र लिखने का जो वादा किया था,उसे पूर्ण किया। डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला की कक्षा एकादश की ताशा झा एवं सिद्धि सुमन को उनका पत्र प्राप्त हुआ। आज वंदना सभा में प्रधानाचार्य डॉ रमाकान्त साहु ने ताशा एवं सिद्धि को प्रधानमंत्री जी का पत्र दिया एवं विद्यार्थियों को इस अविस्मरणीय भेंट देने के लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति के वाइस चेयरमैन श्री विनय कुमार लाल ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य प्राप्ति में सबसे बड़ी भूमिका अभी के किशोरों और युवाओं को ही निभानी है। ताशा के पत्र में लिखा है कि चित्राकृतियाँ विभिन्न विषयों पर समाज को जागरूक करने का काम भी करती है। वहीं सिद्धि के पत्र में लिखा है कि आपकी पेंटिंग कल्पनाशीलता के साथ सामाजिक विषयों पर आपकी जागरूकता भी दर्शाती है।

## चेंबर के नेतृत्व में व्यापारियों एवं मोटीया संघ की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी, आम व्यापारी और गुमला के मोटिया संघ की एक हम बैठक चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह की अध्यक्षता में चेंबर कार्यालय में हुई। बैठक में विशेष रूप से मोटीया संघ द्वारा मजदूरी दर बढ़ाये जाने को लेकर चर्चा की गई। चेंबर के पदाधिकारियों के पहल से मोटिया संघ व व्यापारियों की बातों के सभी बिंदुओं पर चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि मोटीया संघ का मजदूरी दर 20% बढ़ाया जाता है जो 01 फरवरी से प्रभाव में आएगा। इसके अलावे कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के अलावा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी, सचिव बबलू वर्मा, उपाध्यक्ष राजेश लोहानी, अभिजीत जायसवाल, कोषाध्यक्ष अमित गोलू, पीआरओ प्रतीक अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, पूर्व अध्यक्ष पदम कुमार साबू, अमित महेश्वरी, पवन अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य ब्रिज फोगला, व्यापारी विनोद अग्रवाल, टिंकू केसरी, चीनू साबू, रूपक कुमार, अनिल साहू, सुमित कुमार, आदित्य महतो, अरुण गोयल और मोटीया संघ के तरफ से होजो राम, कुलदीप राम, ब्रिज राम, मुकेश राम आदि उपस्थित थे।

## चैनपुर में ई-पंचायत भीएलई का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी चैनपुर की उपस्थिति में ई-पंचायत भीएलई का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ हुआ। जिसमें पांच ब्लॉकों गुमला, रायडीह, चैनपुर, डुमरी और जारी से कुल 53 भीएलई ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण झारखंड पंचायती राज विभाग, सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड और डिजीग्राम के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य ग्राम पंचायतों में सबकी योजना सबका विकास अभियान 2025-2026 के सफल क्रियान्वयन के लिए राज्य की डिजिटल पंचायत योजना के तहत भीएलई को सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ई-ग्राम स्वराज पोर्टल, पंचायत विकास सूचकांक, प्रशिक्षण प्रबंधक पोर्टल और जेईएम पोर्टल के उपयोग पर ध्यान केंद्रित किया गया। यह प्रशिक्षण संकुलस्तरीय था और गैर-आवासीय रूप में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य भीएलई को तकनीकी और प्रबंधन कौशल में दक्ष बनाना है, ताकि वे अपने-अपने ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को सुगम और प्रभावी तरीके से लागू कर सकें। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से ग्रामीण क्षेत्र में डिजिटल साक्षरता और विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

# देवघर ने चतरा को सात विकेट से पराजित कर राज्यस्तरीय प्लेट ग्रुप के फाइनल में बनायी जगह

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 19 के दूसरे सुपर डिवीजन मुकाबले में देवघर ने चतरा को सात विकेट से पराजित कर राज्य स्तरीय प्लेट ग्रुप के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। शुक्रवार को जिला मुख्यालय के शहीद तेलगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में चतरा की टीम पहले बल्लेबाजी करते 48.1 ओवर में 132 रन पर सिमट गयी। चतरा के रौशन कुमार ने सर्वाधिक 43 रनों की पारी खेली। वहीं टीम की ओर से भागवत भारद्वाज 21 व नैतिक पांडेय ने 15 रनों का योगदान दिया। देवघर की ओर से यश सिन्हा व ऋृषव ने तीन -तीन विकेट हासिल किये।





मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देते जेएससीए के अधिकारी

शरीश शर्मा को दो विकेट मिला। इधर लक्ष्य का पीछा करने उतरी देवघर की टीम 28 ओवरो में तीन विकेट के नुकसान पर जीत का आंकड़ा छू लिया। टीम की ओर से यश सिन्हा ने 65 रनों की नाबाद पारी खेली। सुधांशु मंडल ने 27,जुनैद सिद्दीकी 23 व सुमित ने 13 रनों का योगदान किया। चतरा की ओर से श्रेयांश, नैतिक व आयुष ने एक -एक विकेट लिया। देवघर के यश सिन्हा प्लेयर ऑफ द मैच चुने गये। जेएससीए द्वारा यहां प्रतिनियुक्ति टीआरडीओ राजेश झा, अंपायर रुपेश कुमार, अरविंद कुमार व स्कोरर दीपक ने मैन ऑफ द मैच को पांच हजार कैश व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया।


मौके पर मनोज चौधरी, लाल चंद्रशेखर, आयुष अग्रवाल, आकाश आनंद, ज्ञान प्रकाश, अंकित विश्वकर्मा, शशि प्रकाश, विनीत साहू, यमुना झा, सनी साहू, मधुसूदन उरांव सहित अन्य मौजूद थे। शनिवार को चतरा व रामगढ़ का मुकाबला होगा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# मानव विकास की यात्रा को समझने का बेहतर जरिया है मानविकी पर शोध : डॉ ईश्वरन अय्यर

■ अरका जैन विश्वविद्यालय में मानविकी शोध पर पांच दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



सेमिनार में उपस्थित एजेयू के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं छात्र-छात्राएं।

**जमशेदपुर।** अरका जैन विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग ने इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी सेल के साथ 'क्राफ्टिंग नॉलेजः अप्रोचेज टू रिसर्च राइटिंग इन ह्यूमैनिटीज' विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें मानविकी विषयों पर शोध कार्य कैसे और किन क्षेत्रों में करना उपयोगी है इस पर चर्चा की गयी।

मानविकी में शोध की नींव पर डॉ राहुल आमिन, अनुसंधान डिजाइन और दृष्टिकोण पर डॉ राजकुमारी घोष, साहित्य समीक्षा और डेटा संग्रह के लिए उपकरण पर डॉ शाहीन फातमा, साहित्यिक अध्ययन में विश्लेषणात्मक रूपरेखा पर डॉ रूपा सरकार और विषय निर्धारण पर डॉ मनोज कुमार पाठक ने रिसोर्स पर्सन की भूमिका में व्याख्यान दिया। कार्यशाला की कन्वेनर डॉ राजकुमारी घोष थीं और समन्वयक डॉ मनोज कुमार पाठक थे।

उद्घाटन सत्र में कुलपति प्रो (डॉ) ईश्वरन अय्यर ने कहा कि मानविकी पर किये गए शोध मानव जीवन एवं समाज के विभिन्न पहलुओं पर किया जाता है जिससे मानव विकास की यात्रा को समझा जा सकता है।

बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के चेयरपर्सन प्रो (डॉ) एस एस रजी ने कहा कि मानविकी में अनुसंधान का उद्देश्य साहित्य, इतिहास, दर्शन, कला और भाषा जैसे विभिन्न विषयों के अध्ययन के माध्यम से मानव संस्कृति, अनुभव और अभिव्यक्ति का गंभीर विश्लेषण और व्याख्या करना है, जिसका उद्देश्य मानवीय मूल्यों, विश्वासों और के बारे में हमारी समझ को गहरा करना है।

कुलसचिव डॉ अमित श्रीवास्तव ने कहा कि ऐतिहासिक अभिलेखों, कलात्मक कृतियों और पाठ्य स्रोतों की जांच करके सामाजिक संरचनाएं, मानव स्थिति की समृद्ध व्याख्या में योगदान करती हैं; यह केवल नए तथ्यों की खोज के बजाय अर्थ-निर्माण पर ध्यान केंद्रित करता है।

छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष प्रो (डॉ) अंगद तिवारी ने कहा कि विविध संस्कृतियों और ऐतिहासिक कालखंडों में मानवीय अनुभव की खोज करके, मानविकी अनुसंधान हमें मानव समाज की जटिलताओं और उसके मूल्यों को बेहतर ढंग से समझने में मदद करता है।

कार्यशाला में विवि के अंग्रेजी और पत्रकारिता व जनसंचार विभाग के छात्र व शोधार्थी गण उपस्थित थे। डॉ शाहीन फातमा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## स्पीड न्यूज

### सूर्य मंदिर परिसर में श्रीराम कथा की तैयारी बैठक आज

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में स्थापित भव्य श्रीराम मंदिर की पंचम वर्षगांठ पर आगामी फरवरी माह में संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर शनिवार, संध्या 6 बजे सूर्य मंदिर परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक सुनिश्चित की गई है। इस बैठक में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस दौरान कथावाचक चयन, आयोजन की रूपरेखा, दायित्व निर्धारण, महाभण्डारा एवं अन्य अनुष्ठानों पर विस्तारपूर्वक चर्चा होगी। सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे अपने मित्रों सहित बैठक में शामिल होकर अपने बहुमूल्य सुझाव दें और श्रीराम कथा के सफल आयोजन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

### रेडक्रॉस का डिजास्टर मैनेजमेंट ट्रेनिंग कैंप 5 से

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा प्रत्येक माह चलाये जा रहे सेफ्टी फर्स्ट एड डिजास्टर मैनेजमेंट ट्रेनिंग के 203वें बैच का आयोजन 5 से 10 फरवरी तक किया जायेगा। 6 दिवसीय ट्रेनिंग बैच में सेफ्टी की प्राथमिक जानकारी के साथ फर्स्ट एड की जानकारी एवं डिजास्टर से सम्बन्धित मूल बातों की जानकारी विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा दी जायेगी। ट्रेनिंग हेतु नामांकन रेड क्रॉस ऑफिस बिष्टुपुर में 3 फरवरी तक तथा रेड क्रॉस भवन प्रशिक्षण स्थल पर सीधे 5 तारीख को कराया जा सकता है।

### चांडिल : पेसा एक्ट के समर्थन में आदिवासी समुदाय ने की बैठक

**चांडिल।** नीमडीह प्रखंड के तिल्ला पंचायत भवन में सुरेन्द्र नाथ सिंह की अध्यक्षता में आदिवासी सामाजिक संगठन के लोगों ने संयुक्त रूप से बैठक किया। बैठक में पेसा एक्ट 1996 पर विशेष चर्चा एवं विचार विमर्श हुई। मौके पर जयराम सिंह सरदार, श्यामल मार्डी, निरंजन सिंह सरदार, दिवाकर सोरेन, बाबलू मूर्मू, रविन्द्र सरदार, जगदीश सरदार, अरुण सिंह सरदार, लाल मोहन सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सदभावना मंच का माइकल जॉन में कार्यक्रम कल

**जमशेदपुर।** सद्भावना मंच के तत्वावधान में माइकल जॉन सभागार, बिष्टुपुर में 2 फरवरी को इस सिलसिले में एक सर्वधर्म कार्यक्रम रखा गया है जिसमें तमाम मजहब के एक्सपर्ट अपनी बात रखेंगे। उक्त जानकारी एक संवाददाता सम्मेलन में सद्भावना मंच के सदर फादर तुली, वाइस प्रेसिडेंट रविंद्र जी, कन्वीनर तोहिदुल हसन, शाहिद अख्तर, खुर्शीद इकराम, खालिद इकबाल, सुरजीत सिंह ने एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। आयोजकों ने बताया कि सद्भावना मंच जमशेदपुर सभी धर्म के लोगों में मानवता भाईचारा अखलाक मोहब्बत इंसानियत आपसी तालमेल और खुशहाल समाज बुराइयों से पाक समाज की कल्पना सबसे ऊपर होती है लेकिन आज इस भाग दौड़ वाली जिंदगी में और राजनीति उठा पटक की वजह कर समाज में सच में भारी गिरावट आयी है।

### बीओबी का बिल्डर मिट व एमएसएमई कस्टमर आउटरिच संपन्न



**जमशेदपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय जमशेदपुर द्वारा 30 जनवरी, 2025 को होटल कनेलाइट, सकची में बिल्डर मिट एवं एमएसएमई कस्टमर आउटरिच कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथियों को बैंक ऑफ बड़ौदा के कॉर्पोरेट, रिटेल एवं एमएसएमई क्षेत्र के विभिन्न प्रकार के ऋण प्रोसेसिंग प्रक्रिया, संबंधी ब्याज दरों एवं ऋण संवितरण से जुड़े विभिन्न आयामों तथा सुविधाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

# जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह 4 को

■ राज्यपाल के हाथों 26 छात्राओं को मिलेगा गोल्ड मेडल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करती वाइस चांसलर प्रो डॉ एंजिला गुप्ता।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह 4 फरवरी को सिदगोड़ा स्थित विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जायेगा। दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार 871 छात्राओं को डिग्री प्रदान करेंगे जबकि पीजी की 26 छात्राओं को शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए राज्यपाल के हाथों गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया जायेगा। इसके पूर्व राज्यपाल विवि परिसर में बने 500 बेड वाले फूलो झानो बालिका छात्रावास, स्वर्णरेखा सभागार और खरकाई सभागार के अलावा सिनेट हॉल का उद्घाटन भी करेंगे।

समारोह 4 फरवरी को दिन के 10.40 मिनट पर शुरु हो जायेगा। उक्त जानकारी जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो डा. अंजिला गुप्ता ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। गोल्ड मेडल विजेता छात्राओं के माता-पिता और रैंक होल्डर छात्राओं के एक अभिभावक को दीक्षांत समारोह में भाग लेने के लिए विशेष रुप से आमंत्रित किया गया है। शेष छात्राएं इस ऐतिहासिक अवसर को लाइव स्ट्रीमिंग के जरिए देख सकेंगी। इसके लिए 3 जनवरी को लिंक उन्हें भेज दिया जायेगा। प्रो डा गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में विवि की जमशेदपुर शाखा में 12000 से अधिक छात्राएं अध्ययनरत हैं।

प्रो डा अंजिला गुप्ता ने बताया कि किसी भी छात्र- छात्रा के शैक्षणिक काल में दीक्षांत समारोह का विशेष महत्व होता है। दीक्षांत समारोह उन्हें गर्व एवं शैक्षिक उपलब्धि की अनुभूति ही नहीं होता बल्कि उन्हें बाकी जीवन में उत्कृष्टता एवं सफल नागरिक बनने की प्रेरणा भी देता है। इसे ध्यान में रखते हुए दीक्षांत समारोह को ऐतिहासिक व यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ा गया है।

इस अवसर सर्वप्रथम मीडिया प्रवक्ता डॉ सुधीर कुमार साहु ने मिडिया बन्धुओं का स्वागत किया गया। कुलपति प्रो डॉ अंजिला गुप्ता के द्वारा मीडिया बंधुओं को सम्बोधित किया गया। दीक्षांत समारोह के संदर्भ में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर पत्रकारों से वार्ता किया। इस अवसर पर कुलसचिव श्री राजेंद्र जायसवाल, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ किश्वर आरा, परीक्षा नियंत्रक डॉ रमा सुब्रमण्यन, परीक्षा विभाग की ओ एस डी अमृता कुमारी ,वित्त पदाधिकारी डॉ जावेद अहमद, विकास पदाधिकारी डॉ॰ सलोमी कुजूर एवं डॉ॰सनातन दीप, लाइब्रेरी को ऑर्डिनेटर डॉ रिजवाना परवीन वाणिज्य संकायाध्यक्ष डॉ दीपा शरण मीडिया कमेटी से डॉ पुष्पा कुमारी, डॉ नूपुर अन्विता मिंज, डॉ मनीषा टाइटस डॉ सोनाली सिंह उपस्थित थी।

**डॉ रेखा झा गोल्ड मेडल फॉर एक्सीलेंस इन इकोनोमिक्स लांच**

जमशेदपुर महिला विवि की दिवंगत प्रो. डा रेखा झा की स्मृति में उनके परिजनों ने इकोनोमिक्स में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्रा के लिए गोल्ड मेडल प्रोयोजित किया है। इसके तहत चयनित छात्रा को गोल्ड मेडल के साथ एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार भी दिया जायेगा। यह जानकारी कुलपति प्रो डा अंजिला गुप्ता ने दी।

## एक नजर में

### एसडीएमएस स्कूल का 27वां वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में मून फैमिली विजेता



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को विद्यालय का 27वां वार्षिक खेलकूद समारोह सुमंत मूलगांवकर स्टेडियम टेल्को, जमशेदपुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ फैमिली सन, मून, ट्री, क्लाउड, माउंटेन और फायर द्वारा मार्च-पास्ट के साथ हुआ। छह फैमिली के सर्वश्रेष्ठ धावकों द्वारा मशाल प्रज्वलित किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष श्री दिवाकर सिंह जी ने शांति और अनुषासन के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे को आकाश में उड़ाकर वार्षिक खेलकूद समारोह का विधिवत उद्घाटन किया और बच्चों को शुभकामना देते हुए कहा कि एक सफल खेलाड़ी पूरी दल को एकजुटता में बांधे रखता है। हार-जीत सफलता का पहला कदम है। प्रतियोगिता में सहभागिता हार-जीत से ज्यादा महत्व रखता है। मौके पर विद्यालय की प्राचार्या मौसमी दास ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित किया। कक्षा 6ठीं एवं 7वीं के विद्यार्थियों ने इस अवसर पर मनमोहक एवं आकर्षक एरोबिक योगा प्रस्तुत कर उपस्थित सभी को मनमोह लिया। विभिन्न वर्गो से कई प्रकार की प्रतिस्पर्द्धाएं आयोजित की गयी। अध्यक्ष एवं प्राचार्या ने सफल खिलाड़ियों को पुरस्कार व मेडल देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### केरल पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा अभियान का किया गया समापन



**जमशेदपुर।** झारखंड में 1 जनवरी से लेकर 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा था जिसके अंतर्गत छात्र छात्राओं एवं सभी आम नागरिकों के बीच जागरूकता रैली के आम नागरिकों के बीच सड़क सुरक्षा के विषय पर चर्चा रही। इस संबंध में आज दिनांक 31 जनवरी 2025 को केरल पब्लिक स्कूल, मानगो में समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि मानगो यातायात थाना प्रभारी बंधन भगत उपस्थित थे। स्कूल की वाइस प्रिंसिपल मिस ऊषा राजशेखरन और आजादनगर थाना शांति समिति के सचिव मुख्तार आलम खान ने सभी छात्र छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को सड़क सुरक्षा का शपथ ग्रहण करवाया।स्कूल की प्रिंसिपल रूप घोष ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया और सभी अभिभावकों से बच्चों को मोटराइज्ड व्हीकल चलने पर रोक लगाने की अपील की। आजादनगर थाना शांति समिति के सचिव मुख्तार आलम खान ने कहा के कार चलते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करे और मोटर साइकिल चलते समय बाइक चालक एवं पीछे बैठा व्यक्ति दोनों ही हेलमेट जरूर से लगायें। इसमें स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिका व स्टाफ मौजूद थे।

### आदिवासी ग्रीन स्पोटिंग क्लब का वार्षिक मिलन समारोह आयोजित



**जमशेदपुर।** आदिवासी ग्रीन स्पोटिंग क्लब ने आज बड़ा बांकी डैम में अपना वार्षिक मिलन समारोह आयोजित किया। इस समारोह में क्लब के सदस्यों, स्थानीय आदिवासी समुदाय के लोगों और अन्य अतिथियों ने भाग लिया। समारोह में वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक विकास से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। क्लब के अध्यक्ष ने कहा कि हमारा उद्देश्य आदिवासी समुदाय के लोगों को पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में काम करने के लिए प्रेरित करना है। क्लब ने जमशेदपुर प्रियमर लीग में विजेता का खिताब हासिल किया था और अन्य एकदिवसीय खेल प्रतियोगिताओं में 45 खिताब जीते हैं। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों और अतिथियों ने वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर चर्चा की और क्लब की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। आदिवासी ग्रीन स्पोटिंग क्लब के वार्षिक मिलन समारोह में कई प्रतिष्ठित अतिथियों ने भाग लिया, जिनमें *सनातन टुडू, सोनाराम टुडू, राखाल सोरेन, पप्पू सोरेन, ताला मुर्मू, राजेश सोरेन, सूरज टुडू, सुशील हांसदा, दीपक धोरा, दीपक रंजीत, चमन सिंह, सोनू सिंह और बादल धोरा शामिल थे।

### सरायकेला : जनता दरबार में डीसी रवि शंकर शुक्ला ने सुनी जन समस्याएं



**सरायकेला।** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त रविशंकर शुक्ला के द्वारा साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतू आए लोगो से क्रमवार मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हो उपायुक्त नें संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदन का नियमानुसार यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिये। साथ ही सभी योग्य लाभुकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में मुख्य रुप से भूमि संबंधित मामले, कुचाई प्रखंड के पंचायत माराहतु, गांव रुचाप के दिव्यांग एवं अनाथ किशोरियों को सामाजिक सुरक्षा विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के लाभ प्रदान करने, राशन कार्ड में नाम जोड़ने-नाम सुधार करने, झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का लाभ प्रदान करने, प्रज्ञा केंद्र संचालन हेतु अनुमति प्रदान करने, पेंशन योजना का लाभ प्रदान करने समेत विभिन्न विभाग से सम्बन्धित आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनो में कई मामलों का ऑन-द-स्पॉट निराकरण किया गया तथा अन्य सभी आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों आवेदको को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के तहत को अग्रसरित किया गया।

## कोलकाता में एनएमएल का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सीएसआईआर राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला, जमशेदपुर द्वारा संसाधनों के सतत उपयोग के लिए कोयला एवं खनिज लक्षण वर्णन में नवाचार पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन दिनांक 31.01.2025 को फेयरफील्ड बाय मैरियट, न्यू टाउन, कोलकाता में संपन्न हुआ। आईआईटी, जीएसआई, विश्वविद्यालयों, सीएसआईआर, बीएआरसी, टाटा स्टील आदि सहित पूरे भारत में 30 प्रतिष्ठित संस्थानों के लगभग 100 प्रतिनिधियों ने सम्मेलन में भाग लिया और कोयला, अयस्कों और खनिजों के सतत उपयोग पर अपने शोध निष्कर्ष को प्रस्तुत किये। मेक इन इंडिया कार्यक्रम के भाग के रूप में आयात प्रतिस्थापन के रूप में प्रमाणित संदर्भ सामग्री (सीआरएम) तैयार करने पर भी चर्चा की गयी।

## आचार संहिता उल्लंघन मामले में मंत्री रामदास और भाजपा नेता दिनेश बरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** चाईबासा स्थित एमपी एमएलए विशेष न्यायालय ने पांच साल पुराने आचार संहिता उल्लंघन मामले में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार और झारखंड के शिक्षा मंत्री सह पूर्व झामुमो जिलाध्यक्ष रामदास सोरेन को बरी कर दिया। कोर्ट ने पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में यह फैसला सुनाया। यह मामला 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान सोनारी थाना में दर्ज कांड संख्या 52/2019 से जुड़ा था। उस समय रामदास सोरेन झामुमो के जिलाध्यक्ष थे और दिनेश कुमार भाजपा के जिला अध्यक्ष थे। दोनों पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा सरकारी खंभे और सरकारी भवनों पर पार्टी का झंडा और बैनर लगाने को लेकर मामला दर्ज किया गया था। मामले की सुनवाई चाईबासा स्थित विशेष अदालत में चल रही थी, जहां 7 जून 2024 को आरोपों की व्याख्या की गई थी और आज दोनों को बरी कर दिया गया। इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेता दिनेश कुमार ने कहा, सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं। कोर्ट के इस फैसले के बाद दोनों नेताओं को बड़ी राहत मिली है। अधिवक्ता अंकुर चौधरी न्यायालय में बचाव पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे थे।

# यूसिल की जादूगोड़ा माइंस डिविजन में विद्या शर्मा समेत 25 कंपनी कर्मी सेवानिवृत

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**जादूगोड़ा।** यूसिल की जादूगोड़ा माइंस डिविजन में आज जनवरी के अंतिम दिन विद्या शर्मा समेत कुल 25 कंपनी कर्मी सेवानिवृत हो गए। मुख्य कार्यक्रम जादूगोड़ा माइंस डिविजन के मैकेनिकल विभाग में आयोजित की गई जहा कंपनी कर्मी विद्या शर्मा को विभागीय अधिकारियों ने भाव भीनी विदाई दी गयी।


विदाई समारोह में विद्या शर्मा को गुलदस्ता भेंट करते यूनियन के सहायक सचिव लखन मुर्मू।

मौके पर माइंस मैकेनिकल विभाग में समारोह आयोजित की गई जहां विभागाध्यक्ष राजेश प्रसाद, आर के मोदी, एस के मंडल, भास्कर मुर्मू, एस एन पातरे, भोला महतो आदि थे।

### यूसीएल के जीएम एमएस राव भी रिटायर

**जादूगोड़ा।** यूसिल की आंध्र प्रदेश स्थित तुम्मापल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट के महाप्रबंधक एम एस राव, मुख्य प्रबन्धक (कार्मिक ) संजय चटर्जी भी शुक्रवार को सेवानिवृत होगए। विभागीय पदाधिकारियों ने उन्हें भाव भीनी विदाई दी।


यूसिल महाप्रबंधक एम एस राव व साथ में उनकी उनकी पत्नी।

### समाजसेवी स्व शशिभाई अडेसरा की स्मृति में नेत्र शिविर आज से



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया फैमिली ट्रस्ट, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से 757वां नेत्र शिविर 1 से 3 फरवरी तक जाने माने समाजसेवी व रेड क्रॉस के पेट्रन स्व. शशि भाई आडेसरा के पुण्य स्मृति में कस्तूरबेन छगनलाल ट्रस्ट के संयोजन में बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में लगेगा। 1 फरवरी को नेत्र रोगियों के आंखों की जांच कर मोतियाबिन्द प्रभावित ऑपरेशन योग्य नेत्र रोगियों को चयन किया जायेगा।

# पूर्वी सिंहभूम के शैडो एरिया में मोबाइल टावर लगाने व संचार सारथी एप के प्रचार पर बल

■ उप महानिदेशक, दूर संचार मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में हुई बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



बैठक करते दूरसंचार उप-निदेशक।

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में उप महानिदेशक, दूर संचार मंत्रालय, भारत सरकार अनिल भारद्वाज की अध्यक्षता में दूरसंचार समिति की बैठक आहूत की गयी। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल, ग्रामीण एसपी श्री ऋषभ गर्ग समेत अन्य संबंधित बैठक में शामिल हुए। बैठक में जिले के सुदूर दुर्गम क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क की समस्या एवं मोबाइल टॉवर लगाने को लेकर चर्चा की गयी। उपायुक्त द्वारा बताया गया कि बीते विधानसभा चुनाव में शैडो एरिया की मैपिंग में 26 स्थान/ग्राम पंचायत चिन्हित किए गए थे जिसमें मोबाइल नेटवर्क समस्या से करीब 5000 की आबादी प्रभावित है। उन्होने पंचायती राज विभाग, निर्वाचन विभाग, वन विभाग एवं आपूर्ति विभाग के पदाधिकारी को शैडो एरिया के संबंध में समेकित सूची समर्पित करने का निर्देश ताकि किसी स्थान को लेकर दोहराव नहीं हो तथा शैडो एरिया की वास्तविक पहचान हो सके। वन भूमि एवं अन्य स्थानों पर मोबाइल टॉवर अधिष्ठापन को लेकर जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए संबंधित विभागों को एनओसी ससमय निर्गत करने को कहा।

उप महानिदेशक, दूर संचार मंत्रालय ने कहा कि पूर्वी सिंहभूम जिला आकांक्षी जिला के रूप में चिन्हित है तथा भारत सरकार आकांक्षी जिले में आधारभूत दूरसंचार संरचना के सतत विकास को लेकर प्रयासरत है। उन्होंने बीएसएनएल एवं निजी कंपनी के प्रतिनिधियों को शैडो एरिया में मोबाइल नेटवर्क की समस्या को दूर करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि दूरसंचार सुविधा मुहैया कराने के लिए मंत्रालय हर संभव मदद देने के लिए तत्पर है, जरूर है कि समस्याओं को चिन्हित कर कार्रवाई करें। उन्होंने दूरसंचार विभाग द्वारा धोखाधड़ी पर नकेल कसने के लिए लॉन्च किए गए दूरसंचार सारथी एप को लेकर जागरूकता लाने की बात कही। उन्होने बताया कि सभी स्मार्टफोन के लिए एक एप्लिकेशन के रूप में लॉन्च किया जा चुका है, यह एप यूजर्स को धोखाधड़ी वाले फोन कॉल से बचायेगा।

# बोकारो की रंजना, महाकुंभ में हुईं सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो की लोकगीत कलाकार रंजना राय ने एक बार फिर अपनी गायकी का जलवा बिखेर इस्पात नगरी बोकारो का नाम रोशन किया है। महाकुंभ प्रयागराज में त्रिवेणी मंच पर संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने पारंपरिक भजनों की प्रस्तुति से सबकी भरपूर सराहना पाई। उन्होंने डम-डम डमरू बजावेला हमार जोगिया...आदि गीतों की सुमधुर प्रस्तुति से समां बांध दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। श्रीमती राय अब आगामी 01 फरवरी को बनारस पिंड्रा महोत्सव तथा 02 फरवरी को गया बौद्ध महोत्सव में भी अपनी प्रस्तुति देंगी।

# ऑनलाइन के माध्यम से साइबर क्राइम पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के टांगटोना तथा दुगार्पुर पंचायत में सहयोगिनी संस्था द्वारा ऑनलाइन के माध्यम से साइबर क्राइम पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहयोगिनी की प्रशिक्षिका प्रतिमा सिंह ने कहा कि साइबर ठग लड़कियों तथा महिलाओं को विशेष कर भावनात्मक जाल में फंसा कर परेशान कर रहे हैं।

साइबर अपराधी निजी जानकारी हासिल कर या कोई झूठे मामले का जिक्र कर ब्लैकमेल करते हैं। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि कुछ माह से डिजिटल अरेस्ट के लिए अचानक एक फोन कॉल आता है जिसमें कॉलर बताता है कि आपने अवैध सामान ड्रग्स आदि भेजा था। आपको यह मिला है या अपने रिसीव किया है। साइबर अपराधी के इन तरीकों से सभी को बचाना है। यदि किसी को इस तरह का कॉल आता है तो भारत सरकार के साइबर सेल तथा टोल फ्री नंबर 1930 में कॉल करें। सहयोगिनी के समन्वयक प्रकाश कुमार महतो ने बताया कि



साइबर अपराध से बचने के लिए जानकारी ही सबसे बड़ा बचाव है। सहयोगिनी के द्वारा कसमार प्रखंड के 30 गांव में महिला हिंसा सहित साइबर क्राइम के खिलाफ महिलाओं तथा लड़कियों के बीच जन जागरूकता का कार्य लगातार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बाल पोर्नोग्राफी बहुत ही संगीन मामला है कोई भी व्यक्ति अपने मोबाइल में बच्चों की अश्लील सामग्री नहीं रख सकता है ना किसी को दिखा सकता है। कार्यक्रम के दौरान सहयोगिनी की रेखा देवी संगीता देवी विनीता देवी आदि उपस्थित थी।

## खबर एक नजर में

### झामुमो ने सदस्यता अभियान चलाया

**बेरमो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के बोकारो जिला संयोजक डॉक्टर रतनलाल मांझी झामुमो के वरीय नेता अनिल अग्रवाल के द्वारा जारीडीह बाजार सहित आस पास के क्षेत्रों में सदस्यता अभियान चलाया जिसमें सैकड़ों लोगों ने आज पार्टी का सदस्यता था ग्रहण किया संयोजक प्रमुख डॉक्टर रतनलाल माली ने बताया कि बोकारो जिले में झामुमो के 50000 सदस्य बनाने का लक्ष्य है उनके लिए गांव-गांव में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है प्रत्येक गांव से कम से कम 100 सदस्यों को जोड़ा जाएगा झारखंड में सबसे अधिक सदस्य बोकारो जिले में बनेंगे डॉक्टर रतनलाल माझी ने बताया कि अभियान जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने के लिए आम जनता तक पार्टी के विचारधारा को पहुंचाने का महत्वपूर्ण कदम होगा मौके पर रिजु खान परवेज आलम साबिर खान पंकज भाटिया राजू श्रीवास्तव गगन जैसवाल याकिब राजा आशुतोष कुमार गुलाब प्रसाद अनिल प्रजापति टिंकू श्रीवास्तव विष्णु ताती सन्नी देवल विकास जायसवाल ऋषि विश्वकर्मा संतोष श्रीवास्तव बबलू सिद्दीकी सुरेश लोहार सहित दर्जन लोग उपस्थित रहे।

### चेक बाउंस के दोषी को दी गई एक वर्ष की सजा और पैंसठ लाख का जुमार्ना

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायलय के एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति ने चेक बाउंस के दोषी दुग्दा निवासी प्रहलाद सिंह को एक साल की सजा और पैसठ लाख रुपए जुमार्ना की सजा सुनाई । बताते चलें कि कांड के परिवादनी निवासी सुमन देवी ने तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम के न्यायालय में 2021 में एक परिवाद पत्र दाखिल कर बताया था कि अभियुक्त प्रहलाद सिंह को पैट्रोल पंप में पूंजी लगाने तथा ट्रेलर गाड़ी निबंधन के लिए 40 लाख रुपए की दोस्ताना कर्ज की मांग की अभियुक्त की जरूरत को देखते हुए 21 दिसंबर 2018 को 40 लाख रुपए दिया। इससे पहले भी 10 लाख रुपए दोस्ताना कर्ज के रूप में ले चुके थे।

### दास म्यूजिकल एंड सन्स स्टोर फुसरो में संगीत के कई कार्यक्रम का आयोजन

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के मेन रोड रहिमगंज में बुधवार की देर शाम को संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां फुसरो - बेरमो के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक संगीत प्रस्तुत किया। प्रसिद्ध कलाकार तापस मुखर्जी ने कहा कि कला के क्षेत्र में भी उज्जवल भविष्य है। संगीत के क्षेत्र में भी सफलता के अपार संभावना है, युवा अपने जीवन में संगीत को शामिल करें। बेरमो के कोयला क्षेत्र में कला प्रशिक्षण संस्थान खुलने से लोगों को लाभ मिलेगा।

### जिप परिषद सदस्य खुशबू ने बांटे 100 कंबल

**बेरमो /उपरघाट।** नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट जिला परिषद सदस्य कुमारी खुशबू महतो ने अपने जिला परिषद क्षेत्र के बुजुर्ग महिलाओं एवं पुरुषों के बीच झारखण्ड सरकार द्वारा निर्गत 100 कंबल का वितरण किए। इस मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य टिकैत कुमार महतो युवा समाजसेवी दिनेश कुमार महतो विकास मरांडी राजेश मुर्मू मनीष कुमार महतो बड़की देवी छोटकी देवी गंगा सोरेन धनीराम मांझी रामजी मांझी शांति देवी बसंती देवी तालों मांझी चुनूं मरांडी कार्तिक मरांडी गुणाराम हांसदा आदि लोग उपस्थित थे।

# महाकुंभ, देवताओं की राक्षसों पर जीत का प्रतीक है: श्वेता

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** मौनी अमावस्या पर बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने अपने बोकारो परिवार के साथ प्रयागराज में महाकुंभ मेले में पहुंचकर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। श्रीमती सिंह ने कहा कि महाकुंभ मेला देवताओं की राक्षसों पर जीत का प्रतीक है। यह आयोजन 26 फरवरी को समाप्त होने की उम्मीद है। महाकुंभ मेला में लाखों भक्त गंगा- यमुना और सरस्वती में डुबकी लगाते हैं जिनके जल को हिंदुओं द्वारा पवित्र माना जाता है एवं जो आत्मा की शुद्धि और मोक्ष या मुक्ति प्राप्त करने का मार्ग दशार्ता है। इस महाकुंभ में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के विभिन्न साधु संतों और मनीषियों का आशीर्वाद लिया। 2025 के महाकुंभ मेले में 40 करोड़ आगंतुकों की उपस्थिति के लिए तैयारी की गई है। एक तरफ जहां भारत देश के हर कोने से लोगों का आगमन हुआ है तो वहीं दूसरी तरफ विदेशी मूल के पर्यटक और तीर्थयात्री आते हैं जिससे इसकी महता और बढ़ जाती है। श्रीमती सिंह ने कहा कि कुंभ स्नान के पश्चात बोकारो विधानसभा क्षेत्र की जनता की खुशहाली और उनके परिवार के कल्याण हेतु ईश्वर से कामना की।

# बीएसएल में ठेकेदारों के साथ संवाद कार्यक्रम हुआ संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के एचआर सीएलसी अनुभाग द्वारा कुल 170 ठेकेदारों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें ईएसआईसी बोकारो के शाखा प्रबंधक अनिल कुमार द्वारा ईएसआई से संबंधित विभिन्न मुद्दों- विभिन्न उपलब्ध लाभों की पात्रता और दावा प्रक्रिया जन्म तिथि में परिवर्तन डुप्लिकेट आईपी नंबर ईएसआई अस्पताल आदि पर जानकारी साझा की गई। सीजीएम एचआर हरि मोहन झा ने कार्यक्रम के उद्देश्य को रेखांकित किया और सभी भाग लेने वाले ठेकेदारों का स्वागत किया। मौके पर जीएमआई/सी एचआर- वर्क्स विश्व मोहन बख्शी भी उपस्थित थे। जीएम श्रीमती प्रांजलि ने मुख्य नियोक्ता के रूप में कंपनी के दृष्टिकोण के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए चर्चा का संचालन किया। दूसरे सत्र में पीएनबी बोकारो मंडल के मुख्य प्रबंधक अविनाश कुमार और बोकारो शाखा के मुख्य प्रबंधक प्रभाष चंद्रा ने एस्क्रो खाता प्रणाली और बीएसएल के साथ समझौते के विभिन्न पहलुओं के बारे में एक प्रस्तुति दी।

उप प्रबंधक सुश्री प्रिया प्रेरणा टोप्पो ने कार्यक्रम का संचालन किया। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए डीजीएम सुजॉय दत्ता ने चर्चा का सारांश दिया और सभी संबंधितों को धन्यवाद दिया। बीएसएल एचआर-एलएंडडी सभागार में आयोजित आज के बातचीत कार्यक्रम में ने भाग लिया।

# चिकित्सा पदाधिकारी को दिया गया प्रशिक्षण

**बेरमो।** शुक्रवार को राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम बोकारो के अन्तर्गत सदर अस्पताल बोकारो के सभागार में तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र में दी जाने वाली दवाओं से सम्बन्धित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थापित चिकित्सा पदाधिकारी का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान डा0 प्रशान्त कुमार मिश्रा मनोरोग चिकित्सक सदर अस्पताल बोकारो ने सभी चिकित्सा पदाधिकारी को परामर्श के दौरान दी जाने वाली निकोटीन रिप्लेस्मेन्ट थेरपी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही तम्बाकू छोडने व लाभार्थी के व्यवहार में परिवर्तन लाने हेतु परामर्श देने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान जिला परामर्शी मो0 असलम द्वारा सभी प्रतिभागियों को बताया गया कि बोकारो जिला में कुल 10 तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र का संचालन किया जा रहा है जिसमें दो जिला स्तर पर एक सदर अस्पताल बोकारो के 13 नं0 ओ0पी0डी0 में दूसरा बोकारो जनरल अस्पताल के 9 नं0 ओ0पी0डी0 में संचालित है साथ ही जिला के सभी आठ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के एन0सी0डी0 किलीनिक में संचालित है। सभी आमजनमानस से अनुरोध है कि उक्त संस्थान में सम्पर्क कर तम्बाकू के नशा को छोडने हेतु परामर्शी सेवा का लाभ लेना सुनिश्चित करें।

# जिले में मईंयां सम्मान योजना में मिले कुल 11,200 डुप्लीकेट आवेदन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के भौतिक सत्यापन में एक ही बैंक खाता का नंबर दर्ज कर अलग - अलग नाम से अलग - अलग प्रखंडों से कुल 95 बार आवेदन किया गया है।

जिसमें चास प्रखंड- चास नगर निगम क्षेत्र से कुल 67 बार एवं गोमिया प्रखंड से 28 बार आवेदन किया गया है। जांच क्रम में यह पता चला है कि इंडसइंड बैंक में ही ऐसे ज्यादातर बैंक खाता खुले है। यह सभी आवेदन पलामू जिले के डालटेनगंज के मेदनीनगर स्थित सीएससी वीएलई सुमित कुमार के आइडी संख्या 542316220013 से किया गया है। सत्यापन क्रम में यह स्पष्ट हुआ है कि बैंक खाता संख्या 100253387047 जिसके खाता धारक का नाम यूसुफ है पता पश्चिम बंगाल का है। इस खाता का इस्तेमाल कुल 95 बार अलग-अलग नाम से योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया गया है। दर्ज राशन कार्ड का संख्या भी फर्जी अंकित है। डीएसओ ने जांच के क्रम में इसकी पुष्टी की है। वहीं सभी नामों के उपनाम में किस्कू- हांसदा और मुर्मू शब्द जोड़ा गया है। उपायुक्त ने खाता धारक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है।

स्वीकृति के क्रम में कई आवेदनों को बीडीओ/सीओ स्तर से स्वीकृत भी किया गया है लेकिन उपायुक्त के निर्देश पर सामाजिक सुरक्षा द्वारा एक से ज्यादा बार एंट्री एक ही खाता का संवीक्षा के बाद राशि हस्तांतरित करने की स्वीकृति पर रोक लगाए जाने के कारण राशि का हस्तांतरण खातों में नहीं किया गया। उधर इस योजना के सत्यापन क्रम में जिले में ऐसे कुल 11200 डुप्लीकेट आवेदन प्राप्त हुए है जिसका पुनः एक बार आंगनबाड़ी कर्मियों से भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है।

## पेज एक का शेष

### 8% की आर्थिक वृद्धि ...

इंडस्ट्रियल क्षेत्र ने भी महामारी से पहले की स्थिति से ऊपर अपनी स्थिति बना ली है। हाल के वर्षों में मजबूत विकास दर ने सेवा क्षेत्र को उसके रुझान के स्तर पर ला दिया है।

**स्थिर वित्तीय क्षेत्र :** सर्वेक्षण में वाणिज्यिक बैंकों की सकल गैर-निष्पादित आस्तियों (जीएनपीए) अनुपात में लगातार गिरावट पर प्रकाश डाला गया। सर्वेक्षण में कहा गया है कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का सकल गैर-निष्पादित आस्तियों का अनुपात वित्त वर्ष 18 में अपने चरम से लगातार गिरकर सितंबर 2024 के अंत में 2.6 फीसदी के निचले स्तर पर आ गया है।

**वित्त वर्ष 2025 में एफडीआई में सुधार :** सर्वेक्षण के अनुसार वित्त वर्ष 2025 में भारत का सकल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह फिर से बढ़ गया, जो वित्त वर्ष 2024 के पहले आठ महीनों में 47.2 बिलियन डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की समान अवधि में 55.6 बिलियन डॉलर हो गया, जो कि पिछले साल की तुलना में 17.9 फीसदी की वृद्धि है।

**रोजगार क्षेत्र में बढ़ोतरी :** आर्थिक सर्वे में कहा गया है कि औपचारिक रोजगार क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गयी है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (इपीएफओ)की सदस्यता वित्त वर्ष 19 में 61 लाख के मुकाबले वित्त वर्ष 24 में 131 लाख हो गयी है। शिक्षा और कौशल विकास को प्राथमिकता देना, श्रमिकों को एआई-ऑगमेंट परिदृश्य में सफल होने के लिए आवश्यक योग्यताओं से लैस करने के लिए महत्वपूर्ण होगा।

**सप्ताह में 60 घंटा काम ठीक नहीं :** आर्थिक सर्वेक्षण ने सप्ताह में 60 घंटे से अधिक काम करने के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों पर प्रकाश डाला है। कहा गया है कि कार्य घंटों की विभिन्न सीमाएं - प्रति दिन, सप्ताह, तिमाही और वर्ष - अक्सर परस्पर विरोधी होती हैं, जिससे श्रमिकों की कमाई की क्षमता कम हो जाती है।

### मध्यम और गरीब वर्ग...

विशेषकर नारीशक्ति के गौरव को पुनः प्रस्थापित करना, पंथ-संप्रदाय के भेद से मुक्त होकर हर नारी को सम्मानपूर्ण जीवन और समान अधिकार मिले, इस दिशा में इस सत्र में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। पीएम ने युवा सांसदों के नाम संदेश में कहा, सभी सांसद विकसित भारत को मजबूती देने के लिए अपना योगदान देंगे। विशेषकर जो युवा सांसद हैं, उनके लिए तो ये सुनहरा अवसर है। विकसित भारत के फल उनकी नजर के सामने देखने को मिलेंगे। पीएम मोदी ने संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के दिये भाषण की सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति का संबोधन एक मजबूत और विकसित भारत का विजन प्रस्तुत करता है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि राष्ट्रपति का भाषण युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और देश के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण संदेश देता है।

### बचाव और इलाज...

बीमारी के इलाज में किसी को कई दिक्कत न हो। रिम्स निदेशक डा राजकुमार ने सभी जिलों के सिविल सर्जनों को वर्चुअल माध्यम से गुइलेन बैरे सिंड्रोम बीमारी के मरीज की पहचान तथा उनके समुचित इलाज किस प्रकार की जाये, इसकी विस्तृत जानकारी साझा की। साथ ही, इस बीमारी से बचाव की गाईडलाइन शीघ्र सभी सिविल सर्जन सहित संबंधित तक उपलब्ध कराये जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिये रिम्स पूरी तरह तैयार है। बैठक में सीएम के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार समेत विभाग के कई अधिकारी मौजूद थे। जिलों से भी पदाधिकारी वर्चुअली जुड़े थे।

### झारखंड का हक...

मामले में जो दोषी पाये जायेगे उनपर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

इससे पूर्व धनबाद डीसी माधवी मिश्रा और एसएसपी एचपी जनार्दनन ने सर्किट हाउस पहुंचकर मंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान अधिकारियों ने बुके देकर वित्त मंत्री का स्वागत किया।

**राजस्व वसूली लक्ष्य पूरे करें :** वित्त मंत्री ने कहा मार्च में वित्तीय वर्ष का महीना आने वाला है। राजस्व लक्ष्य को लेकर सभी विभागों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। उन्होंने कहा कि धनबाद राजस्व संग्रहण का मुख्य केंद्र है, लेकिन धनबाद जिले के सभी अंचलों में राजस्व संग्रहण में कमी आयी है। उन्होंने कहा कि राजस्व के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में अधिकारियों को निर्देश दिया जायेगा।

# ब्लास्ट फर्नेस गैस नेटवर्क के पुनरुद्धार कार्य का शुभारंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के ऊर्जा प्रबंधन विभाग ने 51 वर्ष पुराने ब्लास्ट फर्नेस गैस नेटवर्क के पुनरुद्धार और मरम्मत कार्य का शुभारंभ किया। इस महत्वपूर्ण परियोजना का उद्घाटन ईडी संकार्य चित्तरंजन महापात्रा के द्वारा किया गया। मौके पर ऊर्जा प्रबंधन विभाग के सीजीएम गुलशन कुमार जीएम प्रकाश मंडल व ओंकारेश बनर्जी सहित कई वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ईडी श्री महापात्रा ने इस परियोजना को बोकारो स्टील प्लांट के ऊर्जा अनुकूलन प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए ऊर्जा प्रबंधन विभाग की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह परियोजना न केवल संयंत्र की ऊर्जा दक्षता को बढ़ाएगी बल्कि सुरक्षा मानकों को भी सुदृढ़ करेगी जिससे उत्पादन प्रक्रिया अधिक प्रभावी एवं पर्यावरण अनुकूल बनेगी।

इस पुनरुद्धार परियोजना के तहत कम्पेन्सेटर का नवीनीकरण मुख्य हेडर के लिए आइसोलेशन सिस्टम की स्थापना बीएफ गैस लाइन की मरम्मत एवं क्लैडिंग और प्लेटफार्म व सहायक संरचनाओं को मजबूत करना शामिल है। इस इन-हाउस परियोजना का नेतृत्व सीजीएम गुलशन कुमार के मार्गदर्शन एवं एजीएम राकेश कुमार ओझा बिनीत तिर्की प्रेम रंजन एवं भानु प्रताप सिंह राणा व विभाग के अन्य अधिकारियों के समन्वयन में हो रहा है।

# विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

**बेरमो /कथारा।** शुक्रवार को सीसीएल कथारा आफिसर्स क्लब में सेवानिवृत हुए कर्मचारियों के लिए सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता कथारा मुख्य महाप्रबंधक संजय कुमार और संचालन सूर्य प्रताप ने किया। इस सेवानिवृत कार्यक्रम में कथारा वासारी के परियोजना पदाधिकारी विजय कुमार और कथारा अस्पताल के डॉक्टर बी के झा भी सेवानिवृत हुए। इस मौके पर मुख्य महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि दिन-ब-दिन कॉल इंडिया की जनसंख्या घटती जा रही है इसकी भरपाई कैसे होगा और जो जानकार व्यक्ति कर्मचारी ऐसे मिलना बहुत ही मुश्किल है और लगातार 2 माह से हमारे कथारा क्षेत्र के दो डॉक्टर भी सेवन नियुक्त हो गए। जिसकी भरपाई नहीं हो सकता आज जितने भी कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए हैं वह अपने जीवन भर की कमाई को सही जगह उपयोग करें और आने वाला दिन में अपने परिवार के साथ बिताए साथ ही अपने आप को स्वस्थ और व्यस्त रखें। वही यूनियन के लोगों ने कहा कि आप अपना पूरा जीवन कॉल इंडिया को दे दिए आप कभी भी अपने परिवार पर ध्यान न देकर कंपनी को दे दिए। लेकिन अब आप कंपनी से सेवानिवृत्त होने के बाद अपने परिवार को पूरा समय दे और अपना जमा पूंजी को कुछ अपने पास रखें ताकि आने वाला पल खुश और खुश रहे। निजाम अंसारी ने कहा कि आज खुशी के पल है लेकिन गम भी है क्योंकि हमारे बीच से ऐसे अनमोल रतन की विदाई भी हो रहे हैं जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती।

# सीसीएल बीएंडके में दो अधिकारी सहित 22 कर्मी हुए सेवानिवृत




खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो /फुसरो।** सीसीएल बीएंडके क्षेत्र में ऑफिसर क्लब में जनवरी माह में दो अधिकारी सहित 22 कर्मियों के सेवानिवृत होने पर सम्मान समारोह आयोजित कर विदायी दी गयी। कार्यक्रम का संचालन कार्मिक प्रबंधन मिस सुजाता ने की। मुख्य रुप से मौजूद बीएंडके जीएम चितरंजन कुमार, अधिकारी और यूनियन प्रतिनिधियों ने सभी सेवानिवृत कर्मियों को शॉल ओढ़ाकर, श्रीफल, स्मृति चिन्ह और उपहार देकर सम्मानित किया. साथ ही उन्हें सेवाकाल प्रमाण-पत्र एवं मेडिकल कार्ड दिया।

इस अवसर पर जीएम श्री कुमार ने सभी सेवानिवृत होने वाले कर्मियों को आगे की जीवन की शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि सभी कर्मी ईमानदारी पूर्वक कंपनी के हित में कार्य किया है और बेदाग सेवानिवृत हुए हैं जो कि इनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने शेष जीवन की उज्जवल भविष्य की कामना किया। उन्होंने सभी को सेवानिवृत के बाद मिलने वाले सीएमपीएफ और गृहचुट्टी के पैसे को सहजने की सलाह दी। इस अवसर पर सभी यूनियन प्रतिनिधियों ने भी अपनी- अपनी बातों को रखी।

सेवानिवृत होने वालों में अधिकारीयो में जीएम यूनिट से चीफ मैनेजर जीएन सिंह, कारो ओसीपी से सीनियर मैनेजर रामेश्वर प्रसाद सहित जीएम यूनिट से मैकेनिकल फिटर शंकर राम, सीनियर क्लर्क सुब्रतो गांगुली, सीनियर टेलीफोन ग्रेड बी स्वामी नाथ यादव, पंप ऑपरेटर जगदीश प्रसाद सिंह व भूषण तिवारी, कारो ओसीपी से ड्राइवर मोहन, एसपीए अकसूद आलम, ईपी फिटर अंजनी कुमार सिंह, एएओ बीएंडके चीफ कैशियर श्रीधर सरकार, रीजनल अस्पताल क्लर्क दिनेश प्रसाद महतो, करगली ओसीपी से ईलेक्ट्रिकल फिटर जगरू राम, डंफर ऑपरेटर रणविजय तिवारी, बोकारो कोलियरी से ईपी इलेक्ट्रिशियन नारायण करमाली, एसपीए सुनील कुमार सिंह, कैट वन कपिलदेव भुइयां, टिंडल कैट फाइव कल्पनाथ कहार, करगली वाशरी फैन कम ऑपरेटर अख्तर आजाद, एकेके ओसीपी से ईपी फिटर तपन कुमार दास, सीनियर क्लर्क मो नियाजुद्दीन, रीजनल स्टोर सीएसके मो कलीम शामिल है। मौके पर एसओपी विनय रंजन टूडू, केंद्रिय अस्पताल ढोरी के सीएमओ संजय कुमार सिंहा, एसओ एलएंडआर विनय ठाकुर, चीफ मैनेजर जीएन सिंह, कार्मिक प्रबंधक एसडी रत्नाकर, पीएन सिंह, प्रेक्षा मिश्रा, चीफ मैनेजर रामेश्वर प्रसाद, मैनेजर रमेश कुमार, एएसओ दिनेश्वर मांझी, रीजनल अस्पताल करगली के सीएमओ डॉ संतोष कुमार, यूनियन प्रतिनिधि में गजेंद्र प्रसाद सिंह, सुशील सिंह, विजय भोई, गणेश महतो, पंकज कुमार महतो, भोलू खान, जयनारायण महतो, दिलीप मारिक, आलोक रंजन आदि लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## अमेरिका में दुर्घटनाग्रस्त विमान का ब्लैक बॉक्स मिला, शुरू हुआ परीक्षण

**वाशिंगटन।** अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में बुधवार रात आसमान में टकरा कर पोटोमैक नदी में गिरे यात्री विमान और सैन्य हेलीकॉप्टर में से विमान के ब्लैक बॉक्स को खोजने में सफलता मिल गई है। नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (एनटीएसबी) ने इसकी पुष्टि की। दुर्घटनाग्रस्त अमेरिकन एयरलाइंस के विमान (पीएसए एयरलाइंस बॉम्बार्डियर सीआरजे700 क्षेत्रीय जेट) से ब्लैक बॉक्स यानी फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर को बरामद कर लिया गया है। ब्लैक बॉक्स को राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड प्रयोगशाला में ले जाया गया। सैन्य हेलीकॉप्टर (सिकोरस्की एच-60) के ब्लैक बॉक्स की तलाश की जा रही है।

## सीरिया में आतंकी कमांडर जबीर ढेर

**दमिश्क ।** अमेरिका ने गुरुवार को उत्तर-पश्चिमी सीरिया के इदलिब गवर्नरेट में एक ड्रोन हवाई हमले में अलकायदा से संबद्ध आतंकी समूह के कमांडर मोहम्मद सलाह अल-जबीर को मार गिराया। हमले में मारा गया मोहम्मद सलाह अल-जबीर हयात तहरीर अल-शाम का पूर्व नेता है। वह एक जीप में अपने एक विदेशी साथी के साथ था। ड्रोन ने इस जीप को निशाना बनाया। हमले में दोनों की मौत हो गई। अंतरराष्ट्रीय सैन्य गठबंधन के ड्रोन ने पिछले वर्षों में हयात तहरीर अल-शाम के आतंकियों और उत्तर-पश्चिमी सीरिया में रहने वाले आईएसआईएस के नेताओं को निशाना बनाकर कई हवाई हमले किए।

## हमास ने सात और बंधकों को किया रिहा

गाजा पट्टी। संघर्ष विराम और बंधक रिहाई समझौते के तहत आतंकी समूह हमास ने गुरुवार को इजराइल के दो बंधकों और थाईलैंड के पांच नागरिकों को रिहा किया है, जिन्हें 07 अक्टूबर 2023 को पकड़ा गया था। हमास ने गुरुवार दोपहर दो इजराइली बंधकों गादी मोजेज (80) और अर्बेल येहुद (29) को रिहा किया जबकि इससे पहले इजराइली महिला सैनिक अगम बर्गर (20) को फिलीस्तीनी क्षेत्र के उत्तर में जबालिया में रेड क्रॉस की समिति को सौंपा गया था।

## गाजीपुर में सड़क हादसा, आठ मरे

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश में महाकुंभ स्नान के बाद प्रयागराज से तीर्थ यात्रियों को लेकर आ रहा वाहन गाजीपुर जिले के नन्दगंज थाना क्षेत्र के कुसुम्ही कला के पास हाई-वे पर शुक्रवार को हादसे का शिकार हो गया। इसमें आठ लोगों की मौत हो गई जबकि 12 लोग घायल हो गये। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## पुंछ सेक्टर में दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में सतर्क सेना के जवानों ने पाकिस्तान की ओर से घुसपैठ कर रहे आतंकवादियों की कोशिश को नाकाम करते हुए गुरुवार रात दो घुसपैठियों को ढेर कर दिया। सेना ने शुक्रवार को कहा कि गुरुवार रात, आतंकवादियों की गतिविधि का पता चलने के बाद सतर्क सैनिकों ने घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की और यह रात भर जारी रही। इस कार्रवाई में दो आतंकवादी मारे गए।

## छत्तीसगढ़ में 17 इनामी नक्सलियों का समर्पण

कांकेर। छत्तीसगढ़ के बस्तर मंडल के कांकेर व बीजापुर जिले में शुक्रवार को अपने संगठन को झटका देते हुए 17 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। कांकेर जिले में आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में डीवीसीएम ममता भी शामिल हैं। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों पर 32 लाख रुपये के इनाम घोषित थे। इनमें तीन नक्सलियों पर आठ-आठ लाख के इनाम घोषित किया है।

# इकोनॉमिक सर्वे से झूमा शेयर बाजार

## सेंसेक्स 740 अंक छलांग लगाकर 77,500 पर पहुंचा

### निवेशकों को एकदिन में 6.26 लाख करोड़ का मुनाफा

एजेंसी

**मुंबई।** आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 6.3 से 6.8 प्रतिशत के बीच बढ़ोतरी होने के अनुमान से निवेशकों का अर्थव्यवस्था को लेकर भरोसा मजबूत होने से हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत शुक्रवार को शेयर बाजार लगातार चौथे दिन तेजी के साथ बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 740.76 अंक अर्थात 0.97 प्रतिशत की छलांग लगाकर आठ कारोबारी दिवस बाद 77 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 77,500.57 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 258.90 अंक यानी 1.11 उछलकर 23,508.40 अंक हो गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.76 प्रतिशत मजबूत होकर 43,096.45 अंक और स्मॉलकैप 1.83 प्रतिशत चढ़कर 49,958.39 अक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 4047 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2719 में लिवाली जबकि 1203 में बिकवाली हुई



वहीं 125 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की 2919 कंपनियों मे कारोबार हुआ, जिनमें से 2130 हरे जबकि 711 लाल निशान पर रही वहीं 78 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार, बाजार में तेजी के पीछे 01 फरवरी को संसद में पेश होने वाली बजट की उम्मीदें और आर्थिक सर्वेक्षण की सकारात्मकता मुख्य कारण हैं।

**▸▸ निफ्टी में 259 अंकों की तेजी, 23508 पर पहुंचा**

निवेशक सरकार से व्यक्तिगत आयकर में कटौती, पूंजीगत व्यय में वृद्धि तथा रक्षा, रेलवे और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने की उम्मीद कर रहे हैं, जिससे बाजार की धारणा मजबूत बनी हुई है। साथ ही आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 ने देश की वित्त वर्ष 2025-26 की जीडीपी वृद्धि 6.3 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान लगाया है, जिससे आर्थिक दृष्टिकोण को बल मिला है। वैश्विक स्तर पर मुद्रास्फीति में गिरावट और केंद्रीय बैंकों की नरम मौद्रिक नीतियों से भी बाजार को समर्थन मिला है। हालांकि, भू-राजनीतिक जोखिम जैसे मध्य पूर्व में तनाव और रूस-यूक्रेन संघर्ष संभावित व्यवधान पैदा कर सकते हैं। यदि बजट में निवेशकों की उम्मीदें पूरी नहीं हुईं तो बाजार में अस्थिरता बढ़ सकती है। इससे बीएसई के सभी 21 समूह उछल गए। इस दौरान कैपिटल गुड्स 3.89, इंडस्ट्रियल्स 3.61, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.77, पावर 2.56, रियल्टी 2.24, तेल एवं गैस 2.13, यूटिलिटीज 2.05, कमोडिटीज 1.08, सीडी 1.83, ऊर्जा 1.92, एफएमसीजी 1.90, वित्तीय सेवाएं 0.77, हेल्थकेयर 0.44, आईटी 0.70, दूरसंचार 0.82, ऑटो 1.70, बैंकिंग 0.45, धातु 1.31,टेक 0.47, सर्विसेज 1.73 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.61 प्रतिशत चढ़ गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.26, जर्मनी का डैक्स 0.15, जापान का निक्केई 0.15 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.15 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.06 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 129 अंक की तेजी के साथ 76,888.89 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 76,833.87 अंक के निचले स्तर तक गिर गया। वहीं, लिवाली शुरू होने से यह लगातार बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 77,605.96 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 76,759.81 अंक के मुकाबले 0.97 प्रतिशत उछलकर 77,500.57 अंक हो गया। इसी तरह निफ्टी भी 47 अंक की बढ़त के साथ 23,296.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 23,277.40 अंक के निचले जबकि 23,546.80 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 23,249.50 अंक की तुलना में 1.11 प्रतिशत की छलांग लगाकर 23,508.40 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की जिन कंपनियों ने मुनाफा कमाया उनमें एलटी 4.31, नेस्ले इंडिया 4.25, इंडसइंड बैंक 3.66, टाइटन 3.59, टाटा मोटर्स 2.73, टाटा स्टील 2.67, मारुति 2.59, आईटीसी 2.51, हिंदुस्तान यूनिलीवर 2.48, पावरग्रिड 2.24, एशियन पेंट 2.23, अडानी पोर्ट्स 2.12, एसबीआई 1.43, इंफोसिस 1.09, रिलायंस 0.90, टेक महिंद्रा 0.81, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.72, जोमैटो 0.71, एचसीएल टेक 0.67, एचडीएफसी बैंक 0.42, एनटीपीसी 0.36, टीसीएस 0.16, एक्सिस बैंक 0.14, अल्ट्रासिमको 0.14 और कोटक बैंक 0.08 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, आईटीसी होटल्स 2.98, भारती एयरटेल 0.76, बजाज फिनसर्व 0.43, बजाज फाइनेंस 0.17, आईसीआईसीआई बैंक 0.14 और सन फार्मा के शेयरों ने 0.12 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

**ये हैं टॉप गेनर्स और लूजर्स**

सेंसेक्स पैक में एलएंडटी, नेस्ले इंडिया, इंडसइंड बैंक, टाइटन, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, मारुति सुजुकी, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, एशियन पेंट्स, अदाणी पोर्ट्स, एसबीआई, इन्फोसिस और टेक महिंद्रा टॉप गेनर्स थे। सनफार्मा, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल और आईटीसी होटल्स टॉप लूजर्स थे।

# सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति मुर्मू को बताया पुअर लेडी

### राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के भाषण को बताया बोरिंग

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भाषण के बाद कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी ने विवादित बयान दिया है। उन्होंने मीडिया के सामने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पुअर लेडी यानी बेचारी महिला बताया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति भाषण के दौरान अंत तक बहुत थक गई थीं। बेचारी मुश्किल से बोल पा रही थीं। संयुक्त अभिभाषण में हिस्सा लेने के बाद मीडिया के सामने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी मौजूद थे। तीनों आपस में बात कर रहे थे। इसी दौरान अपनी मां को देखते हुए राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के भाषण को बोरिंग बताया। सोनिया गांधी ने कहा कि इसमें कुछ



नया नहीं था। पुरानी चीजों को रिपीट किया गया है। सोनिया ने प्रियंका गांधी की ओर जाते हुए कहा कि राष्ट्रपति काफी थक गई थी। वो बड़ी मुश्किल से बोल पा रही थीं। खराब बातें बोली पुअर लेडी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार के कामों को गिनाया। साथ ही 'एक राष्ट्र, एक चुनाव और वक्फ संशोधन जैसे विधेयक का जिक्र किया।

कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी की बेचारी बहुत थकी हुई लग रही थीं टिप्पणी का जिक्र करते हुए राष्ट्रपति भवन ने कहा कि टिप्पणियां उच्च पद की गरिमा को ठेस पहुंचाती हैं। राष्ट्रपति भवन ने कहा कि संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर मीडिया के समक्ष अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस पार्टी के कुछ प्रमुख नेताओं ने ऐसी टिप्पणियां की हैं, जो स्पष्ट रूप से उच्च पद की गरिमा को ठेस

**▸▸ कांग्रेस नेताओं का बयान उच्च पद की गरिमा को ठेस पहुंचाती है : राष्ट्रपति भवन**

पहुंचाती हैं और इसलिए अस्वीकार्य हैं। इन नेताओं ने कहा है कि राष्ट्रपति भाषण के अंत में बहुत थक गई थीं और वे मुश्किल से बोल पा रही थीं। राष्ट्रपति अपने भाषण के दौरान किसी भी समय थकी हुई नहीं दिखीं और उन्होंने हाशिए पर पड़े समुदायों, महिलाओं और किसानों के लिए वकालत करने की अपनी प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। राष्ट्रपति भवन यह स्पष्ट करना चाहता है कि सच्चाई से इससे ज्यादा दूर कुछ नहीं हो सकता। राष्ट्रपति किसी भी समय थकी हुई नहीं थीं। दरअसल, उनका मानना है कि हाशिए पर पड़े समुदायों, महिलाओं और किसानों के लिए बोलना, जैसा कि वह अपने संबोधन के दौरान कर रही थीं।



महाकुंभ में स्वामी चिदानन्द सरस्वती से आशीर्वाद लेती राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे सिंधिया।

## वित्त मंत्री ने बजट को अंतिम दिया रूप

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित नॉर्थ ब्लॉक कार्यालय में केंद्रीय बजट को अंतिम रूप दिया। सीतारमण ने बजट बनाने में शामिल के सचिवों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की। बैठक में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी उपस्थित थे।

## सूक्ष्म भेदभाव महिलाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती : उपराष्ट्रपति

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) के 33वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यस्थल, राजनीति या किसी अन्य स्थान पर सूक्ष्म भेदभाव महिलाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने महिला आयोग को इस विषय पर मंथन कर राष्ट्रीय दावा तैयार करने की सलाह दी। उपराष्ट्रपति ने कहा कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण हमारे पास पहली बार एक संवैधानिक नुस्खा है। महिलाएं हर सीमा को पार कर रही हैं और वे रक्षा बलों में युद्धक पदों पर हैं। चारों ओर एक ऐसा इकोसिस्टम है, जो उनके लिए सकारात्मक है। उन्होंने



कहा कि आयोग को सूचना के प्रसार और रचनात्मक अनुनय का चलन शुरू करना चाहिए। सनसनी पैदा करना या सुर्खियों में आने के लिए दबावपूर्ण तंत्र का उपयोग करना अंतिम प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा देश का बजट पेश करने को ऐतिहासिक पल बताते हुए कहा कि शनिवार का वित्त मंत्री एक और इतिहास रचेंगी। सबसे अधिक बजट पेश करने वाली पहली महिला वित्त मंत्री बन जाएंगी।

## वाराणसी में पांच तक गंगा आरती पर रोक

**वाराणसी ।** प्रयागराज में महाकुंभ से लौटने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए वाराणसी के घाटों पर होने वाली गंगा आरती को आम लोगों के लिए पांच फरवरी तक बंद रखने का फैसला किया गया है। वाराणसी पुलिस आयुक्तालय ने काशीवासियों से अनावश्यक रूप से घर से बाहर ना निकलने और श्रद्धालुओं का सहयोग करने की अपील की है। गंगा सेवा निधि के अध्यक्ष सुशांत मिश्रा ने शुक्रवार को बताया कि दशाश्वमेध घाट पर आयोजित होने वाली गंगा आरती अपरिहार्य कारणों से पांच फरवरी तक जनसामान्य के लिए बंद रहेगी। गंगा आरती करने वाली संस्था ने दर्शनार्थियों/श्रद्धालुओं से अपील की है। शीतला घाट, अस्सी घाट समेत अन्य घाटों पर भी गंगा आरती करने वाली समितियों ने भी जनसामान्य, दर्शनार्थियों और श्रद्धालुओं से पांच तक आरती में शामिल न होने की अपील की है।

## किसान ऋण पोर्टल हुआ डिजिटल

**आर्थिक सर्वेक्षण**

एजेंसी

**नयी दिल्ली ।** केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को संसद में आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 पेश किया। इसमें केंद्रीय मंत्री ने बताया कि मार्च 2024 तक देश में 7.75 करोड़ चालू किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) खाते थे, जिन पर 9.81 लाख करोड़ रुपये का ऋण बकाया है। 31 मार्च 2024 तक मत्स्य पालन और पशुपालन गतिविधियों के लिए क्रमशः 1.24 लाख केसीसी और 44.40 लाख केसीसी जारी किए गए। वित्तीय वर्ष 25 से संशोधित ब्याज छूट योजना (एमआईएसएस) के तहत दावा प्रसंस्करण को किसान ऋण पोर्टल (केआरपी) के माध्यम से डिजिटल कर दिया गया है, ताकि एमआईएसएस दावों को तेजी से और अधिक कुशल तरीके से कैप्चर और सेटल किया जा सके। 31 दिसंबर 2024 तक 1 लाख करोड़ से अधिक दावों का प्रसंस्करण किया जा चुका है। एमआईएसएस-केसीसी योजना के तहत वर्तमान में लाभान्वित होने वाले लगभग 5.9 करोड़ किसानों को केआरपी के माध्यम से मैप किया गया है। छोटे और सीमांत किसानों को और अधिक सहायता प्रदान करने के लिए, बैंकों को अपने समायोजित शुद्ध बैंक ऋण या ऑफ-बैलेंस शीट एक्सपोजर के बराबर ऋण राशि का 40 प्रतिशत, जो भी अधिक हो, कृषि सहित प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को आवंटित करना चाहिए।

## वैश्विक सेवाओं में महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में उभरा भारत : नागेश्वरन

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) डॉ. वी. अनंथा नागेश्वरन ने शुक्रवार को कहा कि भारत वैश्विक सेवाओं में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में उभरा है। हालांकि, वैश्विक बाजार में चीन की मौजूदगी और प्रभुत्व को कम नहीं आंका जा सकता। सीईए ने कहा कि भारत को वृद्धि की ऊंची रफ्तार बनाए रखने के लिए अगले दो दशक में बुनियादी ढांचा क्षेत्र में निवेश को लगातार बढ़ाने की जरूरत है। डॉ. वी. अनंथा नागेश्वरन आज केंद्रीय वित्त मंत्री के संसद में आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 पेश करने के बाद नई दिल्ली स्थित नेशनल मीडिया सेंटर में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वैश्विक सेवाओं में भारत की बढ़ती प्रमुखता पर प्रकाश डालते हुए इस

**▸▸ भारत को वृद्धि की ऊंची रफ्तार बनाए रखने के लिए दो दशक में बुनियादी ढांचा क्षेत्र में निवेश को लगातार बढ़ाने की जरूरत : सीईए**

क्षेत्र में देश के के बढ़ते प्रभाव को रेखांकित किया। हालांकि, उन्होंने कहा कि चीन ने पिछले कुछ दशकों में उच्च तकनीक और मध्यम तकनीक उद्योगों में एक प्रमुख उपस्थिति बनाए रखी है। सीईए ने कहा कि चीन की निर्माण क्षमता पर जोर दिया गया है, जिसके साथ दुनिया के सकल उत्पादन में इसकी हिस्सेदारी अगले 10 देशों के संयुक्त हिस्से से अधिक होने की उम्मीद है मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा कि भारत को घरेलू विकास के मामले में जोर देना होगा, क्योंकि वैश्विक संदर्भ और विकास के लिए रूपरेखा बदल गई है। उन्होंने कहा की वैश्वीकरण, व्यापार और





वस्तुओं और सेवाओं की तेज और बड़ी आवाजाही का युग हमारे पीछे रह गया है। उन्होंने 2047 तक ह्यविकसित भारतह्न की अपनी आकांक्षा को साकार करने के लिए भारत के लिए विकास के तीन लीवर की पहचान की, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण विकास के लिए विनियमन में ढील, राष्ट्र निर्माण में निजी क्षेत्र की भूमिका और भारत की प्राथमिकताओं के साथ ऊर्जा परिवर्तन है। सीईए ने उद्यमियों और परिवारों के लिए समय और मानसिक बैंडविड्थ को बहाल करने के लिए केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर विनियमन को कम करने पर जोर दिया, जिसका अर्थ है ह्यविनियमन को काफी हद तक वापस लेनाह्न। उन्होंने कहा, ह्यइसका मतलब है आर्थिक गतिविधि को सूक्ष्म रूप से प्रबंधित करना बंद करने और जोखिम-आधारित विनियमन को अपनाने की शपथ लेना और कार्य करना। नागेश्वरन ने कहा कि मतलब विनियमन के संचालन सिद्धांतों को निर्दोष साबित होने तक दोषी से बदलकर दोषी साबित होने तक निर्दोष करना है। इससे पहले केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 पेश किया। संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण में बताया गया है कि राष्ट्रीय खातों के पहले अग्रिम अनुमानों के अनुसार चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि 6.4 फीसदी रहने का अनुमान है। आर्थिक सर्वेक्षण के मताबिक उम्मीद जताई गई है कि अगले वित्त वर्ष 2025-26 में आर्थिक वृद्धि दर 6.3 से 6.8 फीसदी के बीच होगी। इसके साथ ही आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार रबी की अच्छी पैदावार से वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में खाद्य कीमतों पर लगाम लगने की संभावना है।

